दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NOĐCHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 5 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 304 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित wwwĐnavpradeshĐcom

आज बेबाक

ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद भी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। खुद को दिल्ली का मालिक और कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल ने ईडी के पांचवें समन को भी रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया है। वे यही तोता रटंत कर रहे हैं कि ईडी का समन अवैधानिक है। ईडी को उनका शुक्रगुजार होना चाहिए कि वे अभी तक ईडी के समन को ही अवैधानिक बता रहे हैं। वे तो ईडी को ही अवैधानिक बता सकते हैं।

कांग्रेस आदिवासी लोगों के साथ खड़ी है: राहुल गांधी

धनबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासी लोगों के 'जल-जंगल-जमीन और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई। राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी पक्षों को बेचने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी आदिवासी लोगों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

70 साल के लल्लन खान पर लगेगा एनएसए, होगी जांच

लखनऊ/ए.। यूपी की राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों मुख्य आरोपी लल्लन उर्फ सिराज और उसके बेटे फराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों सरेंडर करने की फिराक में घूम रहे थे। पूछताछ में लल्लन के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सिराज के पाकिस्तान और नेपाल कनेक्शन की भी बात सामने आ रही है, पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी। बताते चलें कि शुक्रवार शाम जमीन विवाद में 70 साल के लल्लन उर्फ सिराज ने बेटे फराज के साथ 15 साल के मासूम बच्चे समेत 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से दोनों फरार थे। पुलिस की कई टीमें इनको ट्रैक कर रही थीं। इससे पहले दोनों सरेंडर करते पुलिस ने इन्हें धर दबोचा।

मथुरा जन्मभूमि- रिपोर्ट में खुलासा मंदिर की जगह बनी मस्जिद

भगवान श्री कृष्ण के मंदिर को लेकर एएसआई की तरफ से बड़ा दावा

मथुरा(ए।)। मथुरा में भी अयोध्या की ही तरह का विवाद चल रहा है। इसी के तहत पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मथुरा में भगवान श्री कृष्ण के मंदिर को लेकर एएसआई की तरफ से बड़ा दावा किया गया है। एएसआई की ओर से कहा गया है कि मुगल शासक औरंगजेब ने मथुरा में मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाई थी।

पुरातत्व विभाग की ओर से कहा गया कि मंदिर को तोड़कर ही मस्जिद को बनाया गया है, यहां पर शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया था। मैनपुरी के अजय प्रताप सिंह ने देशभर के मंदिरों को लेकर आरटीआई से जानकारी मांगी थी।

विभाग ने आरटीआई के जवाब में पुरातत्व विभाग की ओर से जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि ब्रिटिश काल में 1920 में प्रकाशित गजट के आधार पर यह कहा गया है कि मस्जिद की जगह पर पहले कटरा केशवदेव मंदिर था। इसे तोड़कर ही मस्जिद का निर्माण कराया गया है।

- इस जगह पर पहले कटरा केशवदेव मंदिर था
- इसे तोड़कर ही मस्जिद का निर्माण कराया गया
- कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर इसे पेश किया जाएगा

ब्रिटिश शासन में था श्री कृष्ण भूमि का भी जिक्र

एडवोकेट महेंद्र प्रताप ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत में संचालित जनकार्य विभाग के बिल्डिंग एवं रोड सेक्शन ने 1920 में एक गजट इलाहाबाद में प्रकाशित कराया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश की 39 स्मारकों की सूची उपलब्ध है। इस सूची में 37 नंबर पर कटरा केशव देव भूमि पर श्री कृष्ण की भूमि का भी जिक्र है। कटरा टीले पर पहले से ही केशव देव मंदिर था। इसे तोड़कर इस जगह पर मस्जिद को बनवाया गया है।

39 स्मारकों में 37वें नंबर पर केशव मंदिर का जिक्र

महेंद्र प्रताप ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में साक्ष्य के तौर पर इसे पेश करेंगे। एएसआई ने खुद कहा कि मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाई गई है। कटरा में केशव देव का मंदिर था। 1920 के गजट में किलियार का जिक्र किया गया है। 39 स्मारकों की इस लिस्ट में 37वें नंबर केशव मंदिर का जिक्र है। यह सरकार का गजट है, जोकि बिल्कुल सटीक है।

छत्तीसगढ़ का बजट सत्र आज से होगा शुरू

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बोले- प्रदेश में

विकास की गति बढ़ेगी

■ 9 फरवरी को पेश होगा छत्तीसगढ़ सरकार का बजट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होने जा रहा है। यह बजट सत्र 5 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाला है। वहीं 9 फरवरी को प्रदेश सरकार राज्य का बजट पेश करेगी। इसे लेकर रविवार को विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह में मीडिया को जानकारी दी।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ की सरकार प्रदेश की नागरिकों को लिए बेहतर काम करेगी। सभी वर्गों को सुविधाएं मिलेंगी इस बजट से प्रदेश के विकास की गति और तेज होगी। बजट सत्र के तय शैड्यूल के मुताबिक पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। मध्य प्रदेश के समय मंत्री रहे शिव नेताम के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। शुक्रवार 9 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी साल 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का बजट पेश करेंगे। 12 और 13 फरवरी को बजट पर ने चर्चा होगी। 14 से 26 फरवरी तक विभाग वार अनुदान मांगो पर चर्चा की जाएगी ।

राजिम मेले का नाम बदलेगा

विधानसभा के इस बजट सत्र में न्यायालय संशोधन विधेयक 2024, राजिम माघी पुन्नी संशोधन विधेयक 2024, छत्तीसगढ़ माल व सेवा कर संसोधन विधेयक 2024 लाया जाएगा। राजिम को पुन्नी मेले का नाम कांग्रेस सरकार ने दिया था इसे बदल दिया जाएगा। माना जा रहा है कि राजिम को सरकार कुंभ कल्प के नाम से नया नाम देने जा रही है।

विधानसभा की कार्रवाई डिजिटल होगी

छत्तीसगढ़ की विधानसभा की वेबसाइट को 40 से ज्यादा कैटेगरी में अपडेट किया गया है। जिसमें लोगों को सदन की कार्यवाही के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ विधानसभा का ई विधान के नाम से मोबाइल एप तैयार किया गया है जिसमें राज्यपाल का भाषण बजट बजट भाषण, बजट के आर्थिक सर्वेक्षण, अनुदान की मांगों कि जानकारी, विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन, विधेयक, वार्षिक प्रतिवेदन यह सभी चीजें मिलेंगी।

दूसरी बार वित्त मंत्री पेश करेंगे बजट

छत्तीसगढ़ की पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी के समय वित्त मंत्रालय राजपरिवार से राजनीति में आए कोरिया की राजा रामचंद्र सिंहदेव के पास था। उन्होंने बजट पेश किया था। इसके बाद करीब 20 साल बाद ऐसा मौका है जब कोई अलग वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। वरना सिंहदेव के बाद हमेशा प्रदेश में मुख्यमंत्रियों द्वारा बजट पेश करने की परंपरा रही। डॉक्टर रमन सिंह लगातार बजट पेश करते रहे, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी वित्त मंत्रालय अपने पास रखा। मौजूदा सरकार में वित्त मंत्रालय का जिम्मा ओपी चौधरी के पास है।

विधायकों का स्वास्थ जांचा जाएगा

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य भाग की ओर से विधानसभा केंपस में सभी विधायकों के लिए 14, 15, 16 फरवरी को 3 दिनों का विशेष स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें विधायक अपने स्वास्थ्य की जांच कराएंगे।

डॉ. महंत निवास में आज होगी कांग्रेस विधायक दल की बैठक

■ नेता प्रतिपक्ष महंत के आवास पर बनेगी रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल यानी 5 फरवरी को शाम 7 बजे से बैठक होगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास पर विधानसभा को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। इसमें पार्टी के सभी 35 विधायक शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में नई सरकार का यह पहला बजट सत्र हैं। ऐसे में 5 साल बाद फिर से विपक्ष में आई कांग्रेस पार्टी के नेता सदन में सरकार को घेरने के लिए चर्चा करेंगे। विपक्ष की तैयारी है कि चुनाव से पहले भाजपा ने मोदी की गारंटी में जनता से जो वादे किये थे, उनमें से कितने वादे पूरे नहीं हुए हैं। उनको लेकर विपक्ष के विधायक सरकार को घेरते नज़र आएंगे। किसानों का 2 साल का बोनस और महतारी वंदन योजना लेकर सदन में जमकर हंगामे के आसार हैं।

2020 और 2021 में लगे सर्वाधिक सवाल

बजट सत्र के लिए पिछली सरकार में दो बार 2300 से ज्यादा सवाल लगे थे। मार्च 2020 के सत्र के लिए सर्वाधिक 3345 सवाल लगे थे, जबकि मार्च 2021 के सत्र के लिए 2904 सवाल लइ्गे थे। जबकि सबसे कम सवाल मार्च 2022 के सत्र में लगे थे। उस साल विधायकों ने केवल 1682 सवाल लगाए थे।

भाजपा विधायक दल में मिली शिकायत निष्क्रिय सांसदों की कटेगी टिकट

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक दल की बैठक आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई। इससे पहले तीनों क्लस्टर से नेताओं की प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक हुई। इस दौरान शिकायतों के आधार पर यह माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी कुछ मौजूदा सांसदों के टिकट काट सकती है। बैठक में नेताओं से सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों का फीडबैक लिया गया। कुछ जगहों से सांसदों के एक्टिव न होने की शिकायत संगठन महामंत्री तक पहुंची है। नेताओं ने खुलकर किसी का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सांसदों का टिकट काटने का इशारा

इस क्लस्टर बैठक ने साफ कर दिया है कि बीजेपी कुछ मौजूदा सांसदों की टिकट काट सकती है। उनकी जगह नए चेहरों को मौका मिलेगा। हालांकि ये वही चेहरे होंगे जो क्षेत्र में लंबे समय से एक्टिव रहे हैं। बड़े नेताओं ने बैठक में मौजूदा सांसदों का टिकट काटने का इशारा किया।

झारखंड विधानसभा में शक्ति परीक्षण आज

रिसार्ट से रांची लौट रहे विधायक विस में होगा बहुमत परीक्षण

नई दिल्ली। झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके गठबंधन में सहयोगी करीब 40 विधायक कल विधानसभा में होने वाले शक्ति परीक्षण में शामिल होने के लिए हैदराबाद से आज रांची लौट रहे हैं। जेएमएम नेता चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद विधायकों को हैदराबाद के पास एक रिसॉर्ट में रखा गया था। पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम के सह-संस्थापक शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन कथित भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 41 है। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत के इस न्यूनतम आंकड़े से पांच अधिक विधायक हैं। विधानसभा की 81 सीटों में से एक सीट खाली है, इसलिए 80 सीटों की गिनती करने पर बहुमत का आंकड़ा 41 है। विधानसभा में जेएमएम, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कुल 46 विधायक हैं। इनमें जेएमएम के 28, कांग्रेस के 16, आरजेडी का एक और सीपीआई का एक विधायक शामिल है।

आईटी की जांच खत्म

अमरजीत के घर से निकली आईटी की टीम, कारोबारी का घर सील

रायपुर/अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के यहां संयुक्त आयकर टीम की बुधवार से चल रही जांच आज रविवार को ख़त्म हो गई है। पांच दिन तक चले छापेमारी में 18 ठिकानों पर दबिश डाली गई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार तीसरे दिन आयकर टीम ने पूर्व मंत्री भगत के दो समर्थकों को घेरा और उनके ठिकानों पर भी दबिश दी थी। विभाग ने अब तक की जांच में 2.15 करोड़ की ज्वेलरी और 2.15 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं।

आयकर विभाग की टीम ने कारोबारी राजीव अग्रवाल के घर पर छापा मारा था लेकिन आईटी का छापा पड़ते ही वे फरार हो गए थे। कारोबारी राजीव अग्रवाल अमरजीत भगत के करीबी बताये जा रहे हैं। कारोबारी के घर को सील कर दिया गया है जिसकी सूचना आईटी ने कोतवाली पुलिस को दी है। आयकर विभाग की जांच बुधवार सुबह से रायपुर, अंबिकापुर, लुंड्रा, दुर्ग, भिलाई के 45 ठिकानों पर शुरू हुई। इनमें से पांच ठिकानों की जांच गुरुवार को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले सत्ता में रहे लोगों को अपनी संस्कृति पर शर्म आती थी: पीएम

गुवाहाटी/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम दौरे में बिना नाम लिए कांग्रेस पर बड़ा निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में स्थिति बदली है।

हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब ये बनकर पूरा होगा तो ये देश और दुनिया भर से आने वाले मां के भक्तों को असीम आनंद से भर देगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

खास बातचीत — छत्तीसगढ़ के कप्तान व स्टार बल्लेबाज अमनदीप खरे से हमारे खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा की चर्चा

क्रिकेट की सुंदरता हारने पर भी बहुत कुछ सिखाती है: अमनदीप

छत्तीसगढ़ में क्रिकेट लगातार आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ की टीम को अपने 7 रणजी मैचों में से 4 मैच अपने घरेलू कंडीशन में खेलने हैं। टीम की बागड़ोर अनुभवी स्टार बल्लेबाज़ अमनदीप खरे के हाथ में है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ क्रिकेट को मान्यता मिलने के बाद से टीम को आगे बढ़ाया ही है, अपना सफर भी बहुत अच्छे तरह से तय किया है। वे इस सत्र में टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। ***नवप्रदेश के खेल संवाददाता नितेश छाबड़ा*** *कुछ दिनों पहले उनसे टेलीफोन के जरिए लंबी बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश-*

सवाल–आपकी क्रिकेट की शुरुआत किस तरह हुई और कब आपने सोचा कि इसे कैरियर के तौर पर चुनना है?

जवाब – मेरे पिताजी भिलाई स्टील प्लांट के अंतर्गत अंतर विभागीय क्रिकेट खेल चुके हैं। मेरी शुरुआत सोसाइटी में ही हुई थी, जब मैं महज़ 4 वर्ष का था। स्कूल में मैं अपने से बड़े बच्चो के साथ खेलता था। मैं जब पांचवी कक्षा में था, तब अंडर 14 की टीम में खेलना शुरू कर दिया था। फिर प्रसिद्ध कोच परमजीत सिंह ने मेरे खेल को देखकर पिताजी को सुझाव दिया कि इन्हें आप पेशेवर क्रिकेट में भेजें। कुछ दिनों बाद मेरा चयन अंडर 14 स्कूली क्रिकेट में राष्ट्रीय टीम में हो गया।इसके बाद अंडर 16 में चयन होना मेरे कैरियर लिए टर्निंग पॉइंट था।उसके बाद राज्य से मैं एकलौता क्रिकेटर था, जिसका चयन एनसीए में हुआ था। वहां से हमें कुछ अर्निंग भी मिलती थी, जिससे मेरा उत्साह बहुत बढ़ा था।

सवाल – अंडर 16 में पहली बार राज्य से बाहर केरल में खेलते हुए पहले ही मैच में दोहरा शतक लगाना वाकई सराहनीय है, कैसा रहा अनुभव?

जवाब– उस दौरे में राजगोपालन सर हमारे कोच थे, जिन्हें मैं बचपन से जानता हूँ। केरल में उस मैच ***शेष खेल पृष्ठ 11 पर***

अयोध्या के दूसरे श्रीराम

जहां हो रही है 120 सालों से गरीबों और वंचितों की सेवा

नई दिल्ली/ए.। सरयू नदी के किनारे बसी अयोध्या नगरी हर रामभक्त को अपनी तरफ खींचती है। रामलला की जन्मस्थली के नाम से मशहूर इस शहर में एक ऐसे श्री राम भी हैं, जो बीते 120 सालों से गरीबों और बीमारों की सहायता कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं यहां स्थित श्री राम अस्पताल की, जो नवनिर्मित भव्य राम मंदिर से एक किमी से भी कम दूरी पर स्थित है और शहर के केंद्र में स्थित राम पथ से जुड़ा हुआ है।

राम मंदिर के नजदीक स्थित है अस्पताल

आपको बता दें कि राममंदिर में 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद इसे 23 जनवरी से आम लोगों के लिए खोल दिया गया था। तब से अब तक लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन कर चुके हैं।सिंह ने बताया, उद्घाटन के पहले दिन, एक भक्त जो बेहोश हो गया था, उसे एम्बुलेंस में हमारे अस्पताल में लाया गया और उसे चिकित्सा सहायता दी गई, अन्य भक्त जिन्होंने सांस लेने में समस्या की शिकायत की थी, उसका भी इलाज कराया गया।

अधिकांश को नहीं पता है इतिहास

अस्पताल परिसर के पीछे की सीमा, मंदिर परिसर क्षेत्र की सीमा से लगी हुई है। एक संतरी एक चौकी की रक्षा करता था जो हमारी सीमा के करीब स्थित थी। श्री राम अस्पताल अभी भी सुरक्षा की दृष्टि से येलो जोन में आता है। प्रभु श्री राम और इस स्वास्थ्य संस्थान का निर्माण करने वाले श्री राम के बीच यही घनिष्ठ संबंध है। अस्पताल के रिकॉर्ड में इसके निर्माता और लाभार्थी के नाम और योगदान का उल्लेख है, लेकिन इसके रिकॉर्ड में शायद ही कोई दस्तावेज़ उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे में जानकारी रखते हैं। पुरानी पीढ़ी के लोग जानते हैं कि अस्पताल का नाम उस व्यक्ति के नाम पर रखा गया है जिसने इसे बनाया था और नई पीढ़ी के कुछ लोग भी इस बारे में जानते हैं लेकिन अयोध्या भगवान राम की नगरी के रूप में जानी जाती है, यही एक कारण है कि कई लोग मानते हैं कि इसका नाम प्रभु राम के नाम पर रखा गया है।

1902 में शुरू हुआ था अस्पताल

फैजाबाद पर 1960 के गजेटियर में भी श्री राम अस्पताल का उल्लेख है। इसमें लिखा गया है, अस्पताल की इमारत का निर्माण और निर्माण 1902 में रसूलपुर के एक प्रमुख वकील और तालुकदार श्री राम द्वारा किया गया था। इसने 12 अप्रैल, 1902 से काम करना शुरू कर दिया था। तब यह जिला बोर्ड के अधीन था। बाद में राज्य सरकार ने इसे अपने अधीन कर दिया। 1953 में एक एक्स-रे प्लांट यहां लगाया गया। सिंह ने बताया कि अस्पताल में सामान्य सेवाएं और आपातकालीन सेवाओं के अलावा चिकित्सा, बाल चिकित्सा, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी, दंत चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, अन्य उपचार किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सुविधाओं कड्ढ बढ़ाने की भी योजना है।

कई जिलों के मरीजों का होता है इलाज

मुख्य ब्लॉक की एक दीवार में लगी पुरानी संगमरमर की पट्टिका पर एक शिलालेख है, जिसमें लिखा गया है - माननीय राय श्री राम बहादुर द्वारा अयोध्या के गरीबों के लिए निर्मित यह अस्पताल 5 नवंबर 1900 को शुरू किया गया था तब इसकी आधारशिला फैजाबाद डिवीजन के आयुक्त, आईसीएस जे हूपर द्वारा रखी गई थी।

शिलालेख में आगे लिखा है कि इसे 12 अप्रैल 1902 को आगरा और अवध के संयुक्त प्रांत के लेफ्टिनेंट गवर्नर एचएच सर जेम्स डिग्गेस लाटौचे, केसीएसआई द्वारा सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला गया था। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने बताया कि अस्पताल में अयोध्या और फैजाबाद शहरों के अलावा गोंडा और बस्ती जिलों से भी मरीज आते हैं। यश प्रकाश ने बताया कि अस्पताल उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है और इलाज मुफ्त में किया जाता है और कई लोग यह भी सोचते हैं कि यह एक निजी अस्पताल है। अपनी स्थापना के बाद से, अस्पताल, जिसे अब आधिकारिक तौर पर राजकीय श्री राम अस्पताल कहा जाता है।

न्यूज गैलरी

स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती में शामिल होंगी राष्ट्रपति

मोरबी/ए.। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 फरवरी को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मस्थान गुजरात के मोरबी जिले के टंकारा में उनकी 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। आयोजकों ने यह जानकारी दी। आयोजन समिति की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुर्मू 12 फरवरी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी और 10 से 12 फरवरी तक आयोजित होने वाले उत्सव के लिए दुनिया भर से बड़ी संख्या में जुटने वाले आर्य समाज के सदस्यों को संबोधित करेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी को इस कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करेंगे, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल 10 फरवरी को उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 11 फरवरी को कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को टंकारा में हुआ था और उन्होंने अपना पूरा जीवन वैदिक ज्ञान व सांस्कृतिक विरासत के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपने विचारों और संदेशों के माध्यम से समाज को समृद्धि, स्वतंत्रता और समानता की ओर प्रेरित किया।

बीजेपी एमएलए के खिलाफ एससी, एसटी के तहत मामला दर्ज

ठाणे/ए.। महाराष्ट्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया है। हिल लाइन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, शनिवार को द्वारली गांव की एक निवासी की शिकायत पर, गणपत गायकवाड और सात अन्य पर भारतीय दंड संहिता और एससी/एसटी (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसे 31 जनवरी को गणपत गायकवाड और अन्य लोगों द्वारा जाति-आधारित दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। हिल लाइन पुलिस थाने के प्रभारी ने कहा, ''महिला की शिकायत की जांच की जा रही है, जो एक जमीन मालिक है।

न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी बनीं उत्तराखंड उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली/ए.। न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी ने रविवार को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। प्रदेश में मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने वाली न्यायमूर्ति बाहरी पहली महिला हैं। यहां राजभवन में राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने न्यायमूर्ति बाहरी को पद की शपथ दिलाई। पिछले साल अक्टूबर में न्यायमूर्ति विपिन सांघी के सेवानिवृत्त होने के बाद से उत्तराखंड उच्च न्यायालय में यह पद खाली था और न्यायमूर्ति मनोज तिवारी कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

जम्मू में पुलिसकर्मी ने गोली मारकर की आत्महत्या

जम्मू/ए.। जम्मू में एक पुलिसकर्मी ने थाने के अंदर अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुंछ निवासी कांस्टेबल इकबाल हुसैन शनिवार देर रात को शहर के नवाबाद पुलिस थाने में मृत पाया गया और उसके शरीर पर गोली लगने के निशान थे। अधिकारियों ने कहा कि प्रथम दृष्टया उसने खुद को गोली मारने के लिए अपने सर्विस हथियार का इस्तेमाल किया। अभी यह पता नहीं चला है कि उसने आत्महत्या क्यों की।

मुइज्जू की भारत विरोधी चाल का खुलासा

मालदीव में एक नहीं, दो-दो चीनी जासूसी जहाज मौजूद

माले/ए.। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के साथ मिलकर भारत विरोधी चाल चलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। हाल में ही खुलासा हुआ है कि मालदीव में एक नहीं, बल्कि चीन के दो-दो जासूसी जहाज मौजूद हैं। चंद दिनों पहले चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 मालदीव की जल सीमा में दाखिल हुआ था। इस जहाज के मालदीव पहुंचने के बाद पता चला है कि इस इलाके में पहले से ही एक और चीनी जासूसी जहाज मौजूद है। सैटेलाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चला है कि चीनी कृषि मंत्रालय से संबद्ध येलो सी फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट के लैन हाई 101 या ब्लू ओशन 101ग जहाज ने मालदीव क्षेत्र में एक महीने से अधिक समय बिताया है।

मालदीव के दक्षिण में मौजूद है दूसरा चीनी जहाज

मालदीव के अधाधु न्यूज के अनुसार, सैटेलाइट एआईएस ट्रैकिंग के आधार पर पाया गया है कि दूसरा चीनी जहाज मालदीव के पश्चिम में हिंद महासागर में उसी पैटर्न में यात्रा कर रहा है। अनुसंधान जहाज आम तौर पर अनुसंधान करने के लिए एक खास पैटर्न में चलते हैं। यह जहाज 21 नवंबर, 2023 को चीन के किंगदाओ बंदरगाह से रवाना हुआ था। ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि तब से, जहाज ने कई मौकों पर मालदीव विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के करीब 70 मील की यात्रा की है। हालांकि, 5 दिसंबर, 2023 के बाद जहाज आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली ट्रैकिंग साइटों पर दिखाई नहीं दे रहा था। संभावना है कि जहाज ने अपने ट्रैकिंग सिस्टम को बंद कर दिया है।

मालदीव के ईईजेड का लगा रहा चक्कर

रिपोर्ट में बताया गया है कि लैन हाई 101 माले में पोर्ट कॉल के लिए आने ववाला था। वह मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र का चक्कर लगा रहा है। इस जहाज ने तीन मौकों पर मालदीव ईईजेड में प्रवेश किया है। मत्स्य विज्ञान और सर्वेक्षण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला जहाज लैन हाई 101 लगभग 85 मीटर लंबा है। दावा है कि इस जहाज का इस्तेमाल 2019 से येलो सी फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट कर रही है। यह 3,289 टन का जहाज वर्तमान में चीनी बेड़े में मत्स्य पालन अनुसंधान के लिए उपयोग किया जाने वाला सबसे बड़ा जहाज है।

चीन के लैन हाई 101 जहाज को जानें

जहाज को पीले सागर और बोहाई सागर में मत्स्य पालन अनुसंधान के लिए डिजाइन किया गया था। लेकिन यह सुदूर समुद्र में भी शोध करने की क्षमता रखता है। चीन का सबसे उन्नत मत्स्य अनुसंधान पोत लैन हाई 101 एक प्रयोगशाला और अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित है जिसका उपयोग समुद्री जीवन और पानी के नीचे के इलाके का सर्वेक्षण करने के लिए किया जाता है। जहाज में एक इको साउंड प्रणाली, पर्स सीनिंग उपकरण और एक सोनार स्कैन प्रणाली लगी हुई है।

कर्नाटक में राम मंदिरों के रिनोवेशन के लिए 100 करोड़ का बजट

बेंगलुरु/ए.। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। बीती 22 जनवरी को हुए कार्यक्रम में कांग्रेस, सपा, बीएसपी समेत देश के राजनैतिक दलों के बड़े नेताओं को न्योता दिया गया था, लेकिन इस कार्यक्रम में विपक्ष के बड़े नेताओं में से कोई शामिल नहीं हुआ था। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के अयोध्या नहीं पहुंचने पर उन्हें राम मंदिर का विरोधी बताया गया। इस इमेज को क्लीन करने के लिए कर्नाटक सरकार ने बड़ा फैसला किया है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा 16 फरवरी के बजट में राज्य में राम मंदिरों के रिनोवेशन और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित करने की उम्मीद है। सिद्धारमैया के इस कदम को बीजेपी की उस योजना का काउंटर भी कहा जा रहा है, जिसमें राज्य से 10 हजार रामभक्तों को अयोध्या भेजा जाना है।

16 फरवरी को आएगा कर्नाटक का बजट

सिद्धारमैया 16 फरवरी के बजट में राज्यभर में राम मंदिरों के नवीनीकरण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित कर सकते हैं, जो सत्तारूढ़ कांग्रेस को हिंदू विरोधी और राम विरोधी के रूप में भाजपा की छवि का मुकाबला करने का एक कथित प्रयास है।

कर्नाटक के मुजराई विभाग ने पेश किया था प्रस्ताव

दरअसल कर्नाटक के मुजराई (मंदिर) विभाग द्वारा बीते सप्ताह मुख्यमंत्री को फंडिंग प्रस्ताव पेश किया गया था। जिसमें राज्य के राम मंदिरों के रिनोवेशन और विकास के लिए फंड की मांग की गई थी। वहीं राज्य सरकार इस बजट के जरिए लोकसभा चुनाव में बीजेपी के अयोध्या वाले मामले को काउंटर करने की स्थिति में आ सकती है।

हेमंत के पिता शिबू सोरेन भी फंसे थे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में जेल में हैं। उनके पिता शिबू सोरेन भी केंद्र में मंत्री और सांसद रहते हुए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में फंसे थे।

1993 के सांसद घूसकांड में हेमंत सोरेन के पिता और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन का नाम जोर-शोर से उछला था। शिबू सोरेन समेत जेएमएम के चार सांसदों पर आरोप लगा था कि उन्होंने तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार को बचाने के लिए घूस ली थी। आरोप था कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के तीन सांसदों ङ्क शैलेंद्र माहतो, साइमन मरांडी और सूरज मंडल ङ्क के घर सूटकेस भर-भर कर नोटों की गड्डियां पहुंची थीं।

1993 में केंद्र में कांग्रेस की नरसिम्हा राव की सरकार चल रही थी। 28 जुलाई 1993 को बीजेपी नरसिम्हा राव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई, सरकार का गिरना लगभग तय था, लेकिन जब संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई तो जेएमएम के सांसदों ने सरकार के पक्ष में और अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया और इस तरह कांग्रेस की सरकार बच गई। कांग्रेस की सरकार तो बच गई लेकिन नरसिम्हा राव सरकार पर सरकार बचाने के लिए घूस देने के जो आरोप लगे उसके दाग कभी नहीं धुले।

1995 में भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने इस घूसकांड का संसद के भीतर सनसनीखेज खुलासा किया था। वाजपेयी संसद के सभी सदस्यों के सामने जेएमएम के सांसद शैलेंद्र महतो को लेकर आए।

दिल्ली पुलिस को डिलीवरी ब्वॉय की तरह बना दिया : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम-आदमी पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के साथ-साथ दिल्ली पुलिस का एक्शन जारी है। इस बीच आम आदमी पार्टी की तरफ से बयान जारी कर बीजेपी के खिलाफ जमकर निशाना साधा गया है।

आप की तरफ से कहा गया है, यह दुखद है कि बीजेपी ने दिल्ली पुलिस को अमेजन और फ्लिपकार्ट के डिलीवरी ब्वॉय की तरह केवल नौटंकी करने के लिए 5 घंटे तक सड़क पर खड़ा रखा। इसके बजाय उन्हें अपराध से लड़ना चाहिए था। हमारी सहानुभूति उनके साथ है।बता दें कि आज ही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के अधिकारी भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की 'खरीद-फरोख्त' के प्रयास के आरोपों के संबंध में नोटिस देने दिल्ली की मंत्री आतिशी को नोटिस दिया है। इस दौरान आतिशी अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, इसलिए उनके ओएसडी दीपक दहिया ने नोटिस रिसीव किया है। इस मामले में आतिशी को 5 फरवरी तक यानी 24 घंटे के भीतर नोटिस का जवाब देना है।

25 करोड़ रुपए की हुई पेशकश : केजरीवाल

दरअसल, केजरीवाल ने कुछ दिन पहले आरोप लगाया था कि आप के 7 विधायकों से संपर्क किया गया और उनमें से प्रत्येक को दलबदल करने के लिए 25 करोड़ रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि कथित शराब घोटाले में उन्हें गिरफ्तार करने और दिल्ली में उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है।

फर्जी घाटोले में फंसाने का लगाया आरोप

अरविंद केजरीवाल ने आगे लिखा था, हमारे सभी विधायक भी मजबूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे। ये लोग जानते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार ने कितने काम किए हैं। इनकी पैदा की गयी तमाम अड़चनों के बावजूद हमने इतने काम किए हैं। दिल्ली की जनता आप से बेइंतहा प्यार करती है। इसलिए चुनावों में आप को हराना इनके बस की बात नहीं। तो एक फर्जी शराब घोटाले के बहाने गिरफ्तार करके सरकार गिराना चाहते हैं।

वार-पलटवार | ज्ञानवापी पर ओवैसी के बयान पर भड़कीं साध्वी निरंजन ज्योति

सवाल का जवाब देती कहा- स्वीकार करना ही पड़ेगा

फतेहपुर/ए.। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने ज्ञानवापी पर दिए गए असदुद्दीन ओवैसी के बयान को कहा कि वह समुदाय विशेष को भड़का रहे हैं। अदालत के फैसले को सम्मान करना ही होगा। क्योंकि वहां मिले अवशेषों से यह साबित हो गया कि मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। वहीं सपा और कांग्रेस पर भी जमकर हमलावर हुई।

जिले की सांसद व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति अपने एक दिवसीय दौरे पर जिले पहुंची थी। यहां पर केंद्रीय मंत्री ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कोर्ट के फैसले के बाद पत्रकारों के ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा-पाठ पर ओवैसी के बयान के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें कोर्ट के फैसले कुछ स्वीकार करना ही होगा।

अदालत सबूतों के आधार पर

अदालत किसी सरकार और व्यक्ति में इसारे पर नही बल्कि साक्ष्यों के आधार पर चलती है। नंदी भगवान चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि मेरे आराध्य यहां विराजमान हैं। ज्ञानवापी से त्रिशूल, स्वास्तिक और देवी-देवताओं के अवशेष मिले हैं। जो मस्जिदों में नहीं पाए जाते। इससे यह साबित हो गया है कि मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाई गई थी। ओवैसी ऐसे बयान देकर समुदाय विशेष को भड़काने का काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तत्कालीन मुलायम सरकार में ज्ञानवापी में व्यास पूजा होती थी। लेकिन राजनैतिक लाभ के चलते पूजा बंद कराई गई थी।

सपा में परिवारवाद

बीजेपी सभी सांसदों के टिकट काट रही है सपा मुखिया अखिलेश के इस बयान का पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश कौन होते हैं, सबसे ज्यादा ओबीसी और दलित समाज के सांसद भाजपा में ही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सपा ने हाल ही में उम्मीदवारों की एक सूची जारी की, जिसमें तीन सीटों पर परिवार के ही उम्मीदवार को टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि बदायूं में इतने यादव हैं क्या धर्मेंद्र यादव के अलावा कोई दूसरा यादव नहीं मिला था। इससे साफ जाहिर है कि सपा में परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं है।

गठबंधन टूटता जाएगा

केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कांग्रेस के राहुल गांधी की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी की यात्रा पर जहां-जहां जाएगी वहां वहां उनका गठबंधन टूटता जाएगा।

भारत में बढ़ रहे हैं पारिवारिक कैंसर के मामले : विशेषज्ञ

नई दिल्ली । हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों ने भारत में 'पारिवारिक कैंसर' के बढ़ते मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त की है। पारिवारिक कैंसर की विशेषता एक ही प्रकार के कैंसर से पीड़ित दो या दो से अधिक प्रथम-डिग्री रिश्तेदारों में जीन म्यूटेशन है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति जेनेटिक प्रवृत्ति, परिवर्तनशील जीन प्रवेश और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होती है। सीके बिड़ला अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक मनदीप सिंह मल्होत्रा ने आईएएनएस को बताया, पारिवारिक कैंसर तब उत्पन्न होता है जब परिवार के कई सदस्यों को एक ही कैंसर होने की संभावना अधिक होती है।

न्यूज गैलरी

गोदड़ीधाम में नि :शुल्क सिंधी सामूहिक विवाह 12 को

रायपुर/नवप्रदेश। पुज्य गोदड़ीवाला धाम देवपुरी और छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत ने संयुक्त रूप से बाबा गेलाराम साहिब जी के देवपुरी दरबार में निः शुल्क सिंधी सामूहिक विवाह ,जनेऊ , मुंडन संस्कार समारोह एवं विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सोमवार 12 फरवरी किया जाएगा। यह इस आयोजन का 24 वां वर्ष है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दरबार के सेवा दारों, पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। इसमें आने वाली संगत के लिए उचित व्यवस्था के दिशा निर्देश दिए गए। सामूहिक विवाह एवं जनेऊ , मुंडन संस्कार को हिंदू रीति रिवाज से कराना निर्धारित किया गया। वर वधु को नवजीवन की शुरुआत के लिए समाज की ओर से आशीर्वाद स्वरूप उपहार देने की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में दरबार के सेवादार अमर गिदवानी, हरी इसरानी, इंद्र लाल सचदेव, पंचायत के अध्यक्ष हीरानंद माखीजा, सुरेश बठेजा, प्रकाश लालवानी, मयूर पंजवानी, जैसाराम रामवानी, जयराम बठेजा, विजय बठेजा और धर्मु पंजवानी उपस्थित थे।

परीक्षा में 53.74 प्रतिशत अभ्यर्थियों की रही उपस्थिति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज प्रदेश के पांच संभागीय मुख्यालयों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा पूर्वान्ह 10.00 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में लगभग 53.74 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। व्यापम अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन के लिए व्यापम के अधिकारियों-कर्मचारियों, परीक्षा कार्य में लगे हुए समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मा चौक के पास चंगोराभाठा में पुरानी रंजिश के चले तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंदन सिंह ठाकुर 24 वर्ष शिव नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह कर्मा चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी पलासा चौधरी, देव निर्मलकर व वरदार निर्मलकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक पुलिस ने ओला शो रूम के सामने रामकुण्ड में सरेआम शराब पीते आरोपी रोहित सिन्हा 49 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी मोतीलाल साहू 32 वर्ष, रामजी साहू 38 वर्ष, मिथलेश वर्मा 32 वर्ष, सुनील कुमार डोडसे 41 वर्ष व लीकेश रेड्डी 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सौरव घोष 27 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी जयंत साहू 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

मणिपुर की समस्याओं पर रायपुर में संगोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए बीती शाम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह संगोष्ठी स्थानीय न्यू राजेन्द्र नगर के नुक्कड़ कैफे में रखी गयी। डॉक्टरों की समाजसेवी संस्था 'डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट्स (दोस्त) के संयोजक डॉ. सत्यजीत साहू ने आज बताया कि संगोष्ठी में उन्होंने और 'दोस्त' की टीम के सदस्यों ने पिछले महीने के अपने मणिपुर प्रवास के अनुभवों को साझा किया। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता कनक तिवारी भी अपने विचार व्यक्त किए।

स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विधायक हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानन्द विद्यापीठ देवरी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। इस दौरान उनका सम्मान किया गया। वहीं हाई स्कूल परीक्षा 2023 में उत्कृट 94.6त्र अंक प्राप्त करने वाली छात्रा स्वाति शर्मा (भाटापारा ब्लाक में प्रथम) का सम्मान मुख्यअतिथि विधायक इन्द्र साव ने किया। इस अवसर पर विधायक श्री साव ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के विभिन्न आवश्यताओं को पूरी करने की घोषणा की। उक्त समारोह में डॉ कृष्णकुमार नायक(अध्यक्ष,डॉ. खूबचंद बघेल शिक्षण समिति) हरिराम वर्मा (राजप्रधान,म.कु.क्ष. समाज अर्जुनीराज) कपिल कश्यप (केंद्रीय युवाध्यक्ष) आर.सी. वर्मा (केंद्रीय,छात्रवृत्ति प्रभारी) सुखनंदन नायक (संगठन मंत्री,) श्रीमती चैतन्य दीपक वर्मा (सभापति,ज.पं. भाटापारा) सेवक राम साहू(सरपंच,ग्राम पं देवरी) रेखराज वर्मा (क्षेत्रप्रधान) सेवाराम वर्मा (ग्राम्प्रमुख) सुन्दरकान्त वर्मा (कोषाध्यक्ष) पदुम वर्मा,पवन वर्मा, सुरेश वर्मा,पुरुषोत्तम वर्मा, हेमाराम वर्मा,डॉ जीवन वर्मा,जितेंद्र वर्मा, रवि आडिल(सरपंच, बोडतारा) धनराज वर्मा, योगराज वर्मा,डेरहराम वर्मा, अशोक वर्मा आदि उपस्थित थे।

शिक्षा का सही अर्थ किताबी ज्ञान के साथ छात्रों को रचनात्मक, वैचारिक और तकनीकी शिक्षा प्रदान करना भी है : अग्रवाल

■ **निजी स्कूल, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करे: बृजमोहन**

रायपुर/नवप्रदेश। आज के युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक सभी कौशल प्रदान करना भी है। शिक्षा का सही अर्थ किताबी ज्ञान के साथ छात्रों को रचनात्मक, वैचारिक और तकनीकी शिक्षा प्रदान करना भी है। स्कूल केवल शिक्षा के केंद्र ही न रहें वो समर्पण और संस्कार के केंद्र भी बने यह आह्वान शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को अंबिकापुर में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के शुभारंभ के अवसर पर किया।

इस अवसर पर उन्होंने शासन की शिक्षा के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता जाहिर की।

उन्होंने कहा कि, पहली कक्षा से 12वीं तक की शिक्षा के लिए पालक बच्चों को बाहर ना भेंजे, उन्हें परिवार के साथ रखकर ही शिक्षा दिलाएं। इस उम्र में ही बच्चे माता-पिता और परिवार से नैतिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों को ग्रहण करते हैं, जो उन्हें बेहतर नागरिक बनाते हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए राज्य में न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। उन्होंने आगामी सत्र से स्कूलों में पहले पीरियड में योग और प्राणायाम के साथ ही नैतिक शिक्षा शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि, शिक्षा के केंद्र स्कूल, व्यवसाय पर जोर न दें बल्कि प्रतिभाओं को सामने लाने की पहल करें। और निजी स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करें इससे ही काम में संतुष्टि मिलेगी।

इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण तथा कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने भी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बेहतर शिक्षा एवं सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन और शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए ई क्लास रूम जरूरी : शिक्षा मंत्री

■ **कॉलेजों में गाइडेंस एंड काउंसलिंग से विद्यार्थियों को सही विषय चुनने में मदद करे शिक्षक**

राजिम/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा जीवन बनाने के लिए है। मां-बाप के सपने को पूरा करने के लिए है। करियर बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी जरूरी है जो हमारे तनाव को दूर करती है ये बात उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को राजिम में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान कही। श्री अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के साथ ही कॉलेज में बीएससी कंप्यूटर साइंस कोर्स को मंजूरी दी। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन से शिक्षकों की टीम बनाने को कहा जो विद्यार्थियों की उचित गाइडेंस एंड काउंसलिंग कर सकें। जिससे उनको भविष्य के लिए सही राह मिल सके। अभी तक बच्चे मां बाप, समाज के दवाब में विषय चुन लेते है लेकिन उसमे सफल नहीं होते और पढ़ाई बीच में छोड़ देते है। इसलिए काउंसलिंग के जरिए रुचि के अनुरूप उन्हे संबंधित विषय में प्रवेश ले सकें और उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। उन्होंने कॉलेज में शिक्षा के आधुनिकीकरण के लिए ई क्लास रूम निर्माण कराने की बात कही। साथ ही छात्राओं के 10 लाख रुपए की लागत से गर्ल्स कॉमन रूम और 1 करोड़ रुपए की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने ये भी कहा कि, सभी विद्यार्थियों को साल भर वार्षिकोत्सव का इंतजार रहता है। जिसको देखते हुए शासन की तरफसे वार्षिक उत्सव और खेलकूद आयोजन 2-3 दिन तक कराने की व्यवस्था की जाएगी।

कार्यशाला में बीजेपी की बनाई लोकसभा चुनाव की रणनीति

■ **कलस्टर प्रभारियों को मिला वोट प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गांव चलो अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके तहत भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव तक जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराएंगे।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गांव चलो अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके तहत भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव तक जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राज्य में विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराएंगे। रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी, लोकसभा विस्तारक, चुनाव प्रबंधक कमेटी सह प्रभारी संयोजक, सह संयोजक और जिलाध्यक्षों की चुनावी कार्यशाला रखी गई, जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई।

चुनावी कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए आप सभी को जो जिम्मेदारी दी गई है उन जिम्मेदारियां को प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक जाकर पूरा करना है। हर कार्यकर्ता को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का पालन लोकसभा चुनाव में भी करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि क्लस्टर प्रभारी लोकसभा स्तर तक, लोकसभा प्रभारी विधानसभा स्तर तक, लोकसभा संयोजक मंडल स्तर तक जाएं। कमजोर क्षेत्र चिह्नित करें वहां बूथों के सशक्तिकरण पर ध्यान दें।

शिव प्रकाश ने क्लस्टर प्रभारियों को कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। हमें प्रत्येक कार्यकर्ता का उसकी योग्यता के अनुसार कार्य विभाजित करना है। कार्यकर्ता सभी धार्मिक, सामाजिक, स्व सहायता समूह तक पहुंचे बूथों में लाभार्थी सम्मेलन करवाएं।

कचना फाटक के पास से टाटा मैजिक वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। कचना फटक खम्हारडीह के पास खड़ी टाटा मैजिक वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टोयला बाग 53 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी टाटा मैजिक वाहहन क्रमांक सीजी 04 टीए 0696 को कचना फटक खम्हारडीह के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सिंधी इंग्लिश स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट और विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। सिंघ सेवा मंडल व्दारा संचालित सिंधी इंग्लिश स्कूल रामसागर पारा रायपुर में शनिवार 3 फरवरी को आर्ट एंड क्राफ्ट और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। यह जानकारी शाला के प्राचार्य एमएसअमरावत ने दी।

उन्होंने बताया कि इसमें नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक छात्रों ने विभिन्न तरह के माडल बनाए थे। कक्षा दसवीं के छात्रों ने राम मंदिर और केदारनाथ धाम का माडल बनाया था। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्रों ने होलोग्राम, चंद्रयान, सेव अर्थ आदि से संबंधित माडल बनाए थे। जिसे पालकों ने काफी सराहा। कक्षा नवमीं के छात्रों व्दारा होमोडायलिसिस, कोरोना वायरस, एसिड रेन, कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने ओजोन परत छिद्र ह्युमन बाडी, एनाटामी का प्रतिरूप बनाया था।

मुंबई अश्वमेध महायज्ञ खारघर में कुंड का प्राकट्यीकरण

■ **शांतिकुंज के आचार्यों ने कराया वैदिक कर्मकांड**

हरिद्वार/नवी मुंबई/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नवी मुंबई के खारघर में 21 से 25 फरवरी को अश्वमेध महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ हेतु वैदिक पद्धति द्वारा प्रारंभिक कुंड का प्राकट्यीकरण के साथ अश्वमेध महायज्ञ का यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। महायज्ञ में 1008 कुंड होगा, और प्रत्येक कुंड में 10 व्यक्ति एक साथ हवन करेंगे, इस तरह दस हजार से अधिक व्यक्ति एक पाली में एक साथ यज्ञ में आहुति डालेंगे।

अश्वमेध महायज्ञ स्थल कुल 240 एकड़ में है। विश्व मानवता के पोषण करने वाली सनातन संस्कृति के उत्थान एवं राष्ट्र के नवोन्मेष हेतु होने वाले इस महायज्ञ के लिए मुंबई के साथ ही देश विदेश के गायत्री परिजन विगत तीन साल में साधना एवं तैयारी में जुटे हैं।

अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या और शैलदीदी के निर्देशन तथा डॉ चिन्मय पण्ड्या के मार्गदर्शन में यज्ञ संचालन होगा। आचार्या एवं आचार्यों की टीम ब्रह्मणांच्छी, अध्यर्वु, होता, उद्गाता के साथ यज्ञ संसद की भूमिका निभायेंगे। इस महायज्ञ में सभी जाति, सम्प्रदायों के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क होगा। इस हवन में हर व्यक्ति अपनी श्रद्धानुसार भाग ले सकते हैं। इस महानुष्ठान में भाग लेने वाले व्यक्ति धन्य होंगे, और वे पुण्य के भागीदार बनेंगे।

शांतिकुंज मीडिया विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महायज्ञ में माता भगवती देवी भोजनालय के नाम से चार भोजनालय संचालित होंगे। जो अलग अलग प्रांतों से आये अनुभवी परिजन संभालेंगे। पूजन के अवसर पर मुंबई अश्वमेध महायज्ञ के समन्वयक मनुभाई, शरद पारधी, परमानंद द्विवेदी, मुंबई के व्यवसायी, प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नगर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

रायपुर/नवप्रदेश। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर अवेयरनेस बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमे 300 से अधिक राइडर्स ने भाग लिया और एक अनोखे तरीके से जागरूकता फैलाई 7 यह आयोजन 4 फरवरी 2024 को सुबह मरीन ड्राइव मे किया गया, जिसमे बाइक रैली से पहले जुम्बा का भी आयोजन किया गया7

यह बाइक रैली एक महत्वपूर्ण पहल है, जो कैंसर के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया एवं लोगों को कैंसर के लक्षण, रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित चेकअप की महत्वपूर्णता के बारे में जागरूक किया।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल सभी के लिए निःशुल्क कैंसर परामर्श की सेवाएं भी दे रहा है जो पूरे माह, 29 फरवरी तक है, ताकि लोग सही समय पर चेकअप करवा सकें और कैंसर को पहचान कर उचित इलाज शुरू कर सकें। चिकित्सकों का कहना है कि सही समय पर कैंसर का पता लगाने से इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर तपानी घोष, डॉ. यशवंत कश्यप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. भरत भूषण (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. नेहा जायसवाल (गाइनेकोलॉजी ऑन्को सर्जन), डॉ. अशुतोष दास शर्मा (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. राजेंद्र पटेल (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट), यश चढ्ढा (हेड एंड नेक ऑन्को सर्जन) डॉ. सुमंता शेखर पाढ़ी (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ. किंजल बख्शी (बाल चिकित्सा इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) की ओर से सभी रायपुर निवासियों एवं रायपुर की डीएसपी ललिता मेहर जी, तरुण तरंकर (36 आर.सी), सिक्स्थ गेयर ग्रुप, ग्रीन आर्मी, जीतो ग्रुप एवं राइडर्स को धन्यवाद देते हैं कि वे इस नेक कार्य में हमारा साथ दिया और कैंसर मुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाया।

दो बाइक आपस में भिड़ी, एक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश ग्राम मढ़ी के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मढ़ी निवासी मृतक लक्ष्मण साहू 60 वर्ष गांव के ही बेदराम साहू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएन 7043 में कहीं जा रहा था, तभी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 केबी 7844 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लक्ष्मण के बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे लक्ष्मण की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची धरसींवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसआरयू के 29 जनवरी से जारी आरोहण 2024 में 4500 प्रतिभाओं की भागीदारी

■ **लाइव कॉन्सर्ट में पावनी पाण्डेय के 'लैला मैं लैला ...' गाने में झूमे विद्यार्थी और प्रतिभागी..**

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 29 जनवरी से प्रारंभ हुए इस सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक समारोह ÷आरोहण 2024÷ रविवार को समाप्त हो गया । इस समारोह में राज्य के 317 विभिन्न संस्थानों से 4500 प्रतिभागी शामिल हुए और 1006 से विद्यार्थियों ने मैडल जीता। आरोहण में प्रत्येक दिन क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमे प्रत्येक दिन पूछे गए प्रश्न के विजेता को 2100/- रुपए धन राशी प्रदन की गई है।इसी क्रम में बम्पर प्राइज पांचवे प्रश्न हेतु प्रथम विजेता को 21000/-रूपए की धन राशी प्रदान की जाएगी जिसकी घोषणा दिनांक 06 जनवरी (मंगलवार) को किया जायेगा।

उल्लेखनीय है की यह सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन न्यूनतम 15 वर्ष से लेकर 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था जिसमे योग प्रतियोगिता में दिग्विजय ऑटोनोमस महाविद्यालय राजनांदगाव की सबसे कम उम्र 16 वर्ष की स्वर्ण पदक विजेता दीक्षा और एस.आर.यू रायपुर की सबसे ज्यादा उम्र 50 वर्ष की स्वर्ण पदक विजेता छाया जैन ने कीर्तिमान रचा।

राजिम कुंभ कल्प का होगा भव्य आयोजन : बृजमोहन अग्रवाल

■ **राजिम कुंभ की लौटेगी भव्यता, देशभर के साधु संत शामिल होंगे राजिम कुंभ कल्प में**

रायपुर/नवप्रदेश। धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज राजिम में राजिम कुंभ कल्प आयोजन के संबंध में बैठक ली। बैठक में गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिले के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि, मेला समिति के सदस्यगण एवं नागरिक गण शामिल हुए। बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्षो बाद अयोध्या में श्री राम लला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। और बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा।

राजिम कुंभ कल्प का अयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 8 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान तीन पुण्य स्नान होंगे। देशभर से बड़ी संख्या में नागा साधु संत भी कुंभ में आयेंगे। मंत्री श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की भव्य आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेकर निर्धारित समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री अग्रवाल ने गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिलों के अधिकारियों को समन्वय कर 7 दिन के भीतर सभी विभागों द्वारा किए जाने वाले तैयारी की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद राजिम कुंभ की भव्यता लौट रही है इसलिए यहां विश्वस्तरीय साधु संतों बागेश्वर धाम बाबा पंडित धीरेंद्र मिश्रा एवं पंडित प्रदीप मिश्रा भी आयेंगे। इस दौरान बैठक में सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, श्री रोहित साहू, विधायक राजिम, श्री जनक ध्रुव, विधायक बिंद्रानवगढ, श्री

इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, श्री चंद्र शेखर साहू, पूर्व विधायक, श्री चंदू लाल साहू, पूर्व सांसद सहित डॉ संजय अलंग, कमिश्नर, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल कलेक्टर धमतरी सुश्री नम्रता गांधी, श्री आरिफ़ शेख़, आई. जी., श्री जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक, पर्यटन मंडल, श्री अविनाश भोई अपर कलेक्टर, श्रीमती रीता यादव, सीईओ जिला पंचायत सहित मेला समिति के सदस्यगण एवं नागरिकगण मौजूद रहे

मंत्री श्री अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी से तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर से गरियाबंद निर्माणाधीन सड़क सहित छुरा, जतमई, घटारानी, धमतरी सड़क एवं राजिम महासमुंद जाने वाले सड़कों में चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कर चलने लायक बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही सड़को में उड़ने वाले धूल से बचाव के लिए लगातार पानी भी छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजिम तरफजाने वाली सड़कों में गड्ढे न हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

संपादकीय

कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच बढ़ती तनातनी

लोकसभा चुनाव में अब बहुत ही कम समय बच गया है। एक ओर तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने चुनावी तैयारी भी शुरू कर दी है वहीं दूसरी ओर नवगठित आईएनडीआईए में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अभी तक पेंच फंसा हुआ है। सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने पंजाब की सभी सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा करके कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। वहीं उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीटों के बंटवारे के पहले ही समाजवादी पार्टी के सोलह प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इन सोलह सीटों में से दो तीन सीटें ऐसी बतायी जाती हैं। जिन पर कांग्रेस अपना दावा करने जा रही थी किन्तु अखिलेश यादव ने कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना ही अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। अखिलेश यादव कांग्रेस को उत्तरप्रदेश में सिर्फ 11 सीटें देना चाह रहे हैं। जबकि कांग्रेस कम से कम 20 सीटों पर अपना दावा कर रही है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में सीटों का बंटवारा आखिर कैसे होगा। इसका कोई फार्मूला अभी तक तय नहीं हुआ है। सीटों के बंटवारे को लेकर सबसे बड़ा घमासान तो बंगाल में मचा हुआ है। जहां की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांगेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस को सिर्फ 2 सीटें देने पर सहमती जताई थी। जबकि वामपंथी दलों को वो एक भी सीट देने के लिए तैयार नहीं हैं। इसे लेकर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच तनातनी इस कदर बढ़ गई है कि अब तो ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जब बंगाल पहुंचे तो ममता बनर्जी उस यात्रा में शामिल नहीं हुई। बल्कि उन्होंने अलग यात्रा निकालकर कांग्रेस को चुनौती दे दी। अब तो ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोल दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो सिर्फ फोटो खिंचाने आते हैं कांग्रेस को पता नहीं किस बात का घमंड है। वह तो आगामी लोकसभा चुनाव में पूरे देश में 40 सीटें जीत पाएगी या नहीं इसे लेकर उन्हें संदेह है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे चुनौती दी है कि अगर उसमें दम है तो वह उत्तरप्रदेश में बनारस और इलाहाबाद में भाजपा को हरा कर बताए। ममता बनर्जी के इस तीखे तेवर के बाद तो यही लगता है कि वे बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार ही नहीं हैं। हालांकि कांगेस के नेता अभी भी ये दावा कर रहे हैं कि ममता बनर्जी के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा जारी है। लेकिन इस चर्चा का नतीजा क्या निकलेगा यह कहा नहीं जा सकता। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच जिस तरह खींचतान चल रही है। उसे देखकर यही लगता है कि आईएनडीआईए में सब कुछ ठीक नहीं है। दरअसल कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी के लिए यह विडंबना ही कही जाएगी की उसे क्षेत्रीय पार्टियों की शर्तों पर सीटों का बंटवारा करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। पंजाब हो या उत्तरप्रदेश या फिर बंगाल हर जनाधार वाली क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस को अव्वल तो कोई सीट देने को ही तैयार नहीं है। यदि गठबंधन धर्म निभाने की बात की जाती है तो वे बेमन से कांग्रेस को नाममात्र सीटों पर ही सीमित रखना चाहती हैं। यह बात कांग्रेस को रास नहीं आ रही है। नतीजतन सीटों के बंटवारे का मामला अभी तक अधर में लटका हुआ है। अब तो स्थिति यह है कि ममता बनर्जी कांग्रेस को आईना दिखाने लगी हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आईएनडीआईए लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को शायद ही कड़ी चुनौती दे पाये। वैसे भी भाजपा की चुनावी तैयारी बहुत आगे निकल चुकी है और आईएनडीआईए चुनावी तैयारी में काफी पिछड़ चुका है। ऐसी स्थिति में सीटों के बंटवारे का मामला यदि जल्द नहीं सुलझाया गया तो आईएनडीआईए को असका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान-यही समय सही समय

किशन भावनानी

वैश्विक स्तर पर दुनियां के हर देश में भारत की प्रतिष्ठा इतनी बढ़ गई है कि जहां भारत में होने वाला सामाजिक औद्योगिक धार्मिक राजनीतिक सांस्कृतिक जैसे अनेक क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की गतिविधियों पर बारीक नजर रखी जा रही है तो वहीं भारत में सर्वोच्चपुरस्कारों पदम श्री पदम विभूषण अर्जुन पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कारों के साथ भारत के सर्वोच्चनागरिक पुरस्कार भारत रत्न पर भीदुनियां की नजरे रहती है कि क्योंकि अब दुनियां को समझमें आ गया हैं कि, भारत जब बोलता है तो दुनियां ध्यान से सुनती है। यही भारत है कि जब दिनांक 3 फरवरी 2023 को माननीय पीएम द्वारा मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुबह श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने के निर्णय की बात साझा की गई तो यह खुशखबरी जंगलमें आग की तरह पूरी दुनियां में तेजी से फैल गई और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से बधाईयों का ताता सा लग गया जो दिन भर चलता रहा और देखते देखते लोगों में खुशी की चमक देखने को लगी। टीवी चैनलों पर मैंने स्वयं देख की 13 से अधिक केंद्रीय मंत्रियों सहित अनेक समाननिय व्यक्तित्वो ने स्वयं इंटरव्यू में आडवाणी जी को बधाइयां दी उनकी शान में चार शब्द बोले जिसे आडवाणी जी ने देर शाम स्वीकार कर खुशी जाहिर कीमेरा मानना है कि यह सही समय पर सही काम हुआ क्योंकि मैं यह मानता हूं कि भारत रत्न जो सर्वोच्च नागरिकपुरस्कार किसी भी व्यक्ति को दिया जाता है तो उसे जीवंत समय में मिलना चाहिए, जो इससे बड़ी खुशी की बात उसके लिए नहीं हो सकती क्योंकि उनके द्वारा दी गई सेवाओं का यह जीवंत उदाहरण बनेगा। जबकि मरणोपरांत सम्मान पर उस ब्रह्मलीन व्यक्ति को तो उसकी सेवाओं का सम्मान प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलेगा और मरणोपरांत मिला है तो सवाल उठता है कि उनकी सेवाओं का मूल्यांकन पहले से ही क्यों नहीं किया गया, क्योंकि उसने जो भी किया अपने जीवन काल में ही किया तो सम्मान का हकदार भी उसके जीवन काल में ही होना चाहिए था इस बात को रेखांकित करना जरूरी है जिसे आगे ध्यान में रखा जाने की जरूरत है। माननीय कर्पूरी ठाकुर को भी उनके जीवन के काल में यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला रहता तो बात कुछ और थी। चूंकि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान सही समय पर सही निर्णय है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजनें में का इससे बेहतर कोई समय नहीं हो सकता था।

साथियों बात अगर हम इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान की जानकारी माननीय पीएम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देने की करें तो उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं।

साथियों बात अगर हम लालकृष्ण आडवाणी के बारे में जानकारी जानने की करें तो, लालकृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री रह चुके हैं। वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबीनिभाई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था आडवाणी अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा रथ यात्राएं निकाल चुके हैं। जिनमें राम रथ यात्रा, जनादेश यात्रा, स्वर्ण जयंती रथ यात्रा, भारत उदय यात्रा और भारत सुरक्षा यात्रा जनचेतना यात्रा प्रमुख हैं। पाकिस्तान के कराची में जन्म लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया।

न्याय में देरी और साइबर क्राइम पर चिन्ता

प्रेम शर्मा

> *यह सरकार और उन संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि जिन लोगों का डेटा वे लेते हैं, उन्हें सुरक्षित रखें। भारत में सरकार और संस्थाएं इस जिम्मेदारी को निभाने में नाकाम नजर आ रही हैं। महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि अगर इसी तरह सैन्य सुरक्षा और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी आंकड़ों की चोरी कर ली गई, तो उसका क्या परिणाम होगा ? इसलिए सरकार को साइबर क्राईम रोकने के लिए विशेषज्ञों की टीम केन्द्र स्तर पर ही नही बल्कि जिला स्तर तक तैयार करनी होगी। इसी तरह , यह सच है कि इस समय दुनिया भर में एआई को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। तकनीक की दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोग- मसलन ट्विटर के मालिक इलॉन मस्क और गूगल के सीईओ तक एआई को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। ऐसे में उचित ही है कि सरकारें भी इस बात पर विचार करें कि कैसे एआई के दुष्प्रभावों से लोगों को बचाया जाए। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय साइंस और तकनीक परिषद ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कहा गया कि एआई से तैयार सामग्री कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है।*

सुप्रीम कोर्ट की 75 वर्ष गॉठ पर न्याय में देरी पर पीएम एवं मुख्य न्यायधीश की चिन्ता जाएज है। हालांकि इस तरह की चिन्ता वर्षो से जताई जा रही है। इसके अलावा साइबर क्राईम की घटनाओं में जिस तरह से वृद्धि हो रही है उस पर चिन्ता के साथ इस पर विराम लगाने के प्रयास तत्काल प्रभाव से शुरू करना देश की सरकार की प्राथमिकता बन चुका है। एआई को लेकर भी एक बड़ी चिन्ता देश के आम से लेकर खास तक में घुसपैठ कर चुकी है। ऐसी स्थिति में देश की सरकार को न्यायालय में रिक्त पदों पर भर्ती, न्याय प्रक्रिया को निपटाने के लिए समयावधि का निर्धारण, साइबर क्राईम रोकने के लिए तकनीकि दक्ष युवाओं की भर्ती, स्पेशल और संसाधनों से परिपूर्ण साइबर सेलों का गठन अब वक्त की आवश्यकता बन चुका है।न्याय में देरी को लेकर बातें तो बहुत होती हैं लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने तारीख पर तारीख के सिलसिले पर चिंता प्रकट की थी लेकिन इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं दे सका कि आखिर न्यायाधीश मामलों की सुनवाई को टालने या फिर अगली तारीख देने के लिए राजी ही क्यों हो जाते हैं ? देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के दशकों बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है। जिस ओर 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा भी कि एक संस्था के रूप में



प्रासंगिक बने रहने के लिये न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है।

भारत में अदालती मामलों (कोर्ट केस) का लंबन सभी स्तरों के न्यायालयों द्वारा पीड़ित व्यक्ति या संगठन को न्याय प्रदान करने में देरी का होना है। भारत में न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, और जिला न्यायालय शामिल है। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी। जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दिसंबर 2022 तक 5 करोड़ मामलों में से 4.3 करोड़ यानी 85 प्रतिशत से अधिक मामले सिर्फ जिला न्यायालयों में लंबित हैं। ध्यान दे कि सरकार स्वयं सबसे बड़ी वादी है, जहां 50 प्रतिशत लंबित मामले सिर्फ राज्यों द्वारा प्रायोजित हैं। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अदालती मामले लंबित हैं। कई न्यायाधीशों और सरकारी अधिकारियों इस बॉत को कई बार कह चुके है क भारतीय न्यायपालिका के समक्ष लंबित मामलों की चुनौती सबसे बड़ी है। सबसे विचारणीय पहलु कि 2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा।उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपी दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है। एक उदाहरण बहुत ही चौकाने वाला कि अप्रैल 2022 में बिहार राज्य की एक अदालत ने 28 साल जेल में बिताने के बाद, सबूतों के अभाव में, हत्या के एक आरोपी को बरी कर दिया। उसे 28 साल की उम्र में गिरफ्तार किया गया था, 58 साल की उम्र में रिहा किया गया। अब जरा इस बॉत पर भी गौर करे कि 2022 में भारत में जजों की स्वीकृत संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 21.03 की थी।जजों की कुल स्वीकृत संख्या सर्वोच्च न्यायालय में 34, उच्च न्यायालयों में 1108, और जिला अदालतों में 24,631 थी।भारत के विधि आयोग और न्यायमूर्ति वी एस मलीमथ की समिति ने जजों की संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 50 तक बढ़ाने की सिफारिश की थी।जजों की स्वीकृत संख्या निर्धारित होने के बावजूद, भारत की अदालतों ने जजों की रिक्ति के कारण काफी समय से पूरी क्षमता में काम नहीं किया है। 2022 में भारत में जजों की असल संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 14.4 की थी।यह संख्या 2016 में 13.2 की थी और तब से इसमें बहुत मामूली बदलाव हुआ है।इसकी तुलना में, जजों की संख्या यूरोप में प्रति दस लाख आबादी पर 210 है, और अमेरिका में 150 हैं। जबकि गैर-न्यायिक कर्मचारियों के पद भी रिक्त हैं, कुछ राज्यों में 2018-19 में 25 से भी अधिक तक रिक्तियां थी। यानि देश की जिला,उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों में व्यापक स्तर पर न्यायिक और गैर न्यायिक पद रिक्त है।

'अब बॉत करें साईबर क्राईम के बारे में तो समाचार पत्रों में नित्य साइबर क्राईम की घटनाए सामने आ रही है। क्राइम इन इंडिया' रिपोर्ट के अनुसार, साइबर क्राइम के तहत 65,893 मामले दर्ज किए गए, जो वर्ष 2021 में 52,974 मामलों की तुलना में वृद्धि दर्शाता है। दरअसल, भारत में डेटा सुरक्षा में सेंध लगाने की घटनाएं आम हो चुकी है।। जिस युग में डेटा को सोना कहा जाता है, उस समय डेटा सुरक्षा के ऐसे हाल के साथ कोई भी देश सुरक्षित रहने और विकास मार्ग पर चलने को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता। अन्य सूचनाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी डेटा की भी बाजार में ऊंची कीमत है, इसलिए अपराधी हैकरों की नजर इन पर रहती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1679 - जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1783 - इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गये। 1870 - फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया। 1900 - अमेरिका और ब्रिटेन के मध्य पनामा नहर समझौते पर हस्ताक्षर। 1904 - क्यूबा अमेरिका के कब्जे से मुक्त हुआ। 1917 - मैक्सिको ने नया संविधान अंगीकृत किया। 1922 - उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के पास चौरी चौरा कस्बे में उग्र भीड़ ने थाने में आग लगा दी जिसमें 22 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। 1924 - रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसारण रायल ग्रीनविच से हुआ। 1931 - मैक्सिने डनलप पहली ग्लाइडर पायलट बनी। 1961 - ब्रिटिश समाचार पत्र संडे टेलीग्राफके पहले संस्करण का प्रकाशन हुआ। 1970 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1994 - सरायेवो के बाजार में नरसंहार हुआ। सरायेवो के मुख्य बाजार में एक मोर्टार बम के फटने से 68 लोगों की मौत हो गई थी और 200 लोग घायल हुए थे।

QUIZ TIME

1) स्टार्च को माल्टोज में परिवर्तित करने वाला एंजाइम कौन सा है?

2) साइमन कमीशन का कौन सदस्य जो बाद में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बना?

3) भारतीय संविधान में कितने अध्याय है?

4) हाल ही में समाचारों में उल्लिखित कुदावोलाई सिस्टम क्या है?

5) कौन सा खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2024 का शुभंकर है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एमाइलेज (2) क्लीमेंट एटली (3) 22 (4) चुनाव प्रणाली (5) शीन-ए शी

आज का पंचांग



सूर्योदय 07:15, सूर्यास्त 06:07, चन्द्रोदय 26:45, चन्द्रास्त12:11, अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु शिशिर, शक सम्वत 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत 2080 (पिंगल), मास माघ, पक्ष कृष्ण,

दशमी, नक्षत्र अनुराधा, योग ध्रुव, प्रथम करण गर (17:49 तक),
द्वितीय करण वणिज (29:44 तक)।

॥ गोचर ग्रहा॥

सूर्य-मकर, चंद्र- वृश्चिक, मंगल-धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध-मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु -मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (पान का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम अनुराधा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ना, नि, नू, ने) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपकी दिनचार्य असामान्य रहेगी। सेहत में सुधार आएगा परन्तु आपकी लापरवाही के कारण तकलीफ दोबारा हो सकती है।

वृषः आपका मुख्य उद्देश्य धन प्राप्ति के साथ सुख सुविधाओं में भी वृद्धि करना रहेगा परन्तु इसमे आंशिक सफलता ही मिल सकेगी।

मिथुनः आज का दिन धन धान्य में वृद्धिकारक बना रहेगा। दिन के आरंभ से ही कार्यो को लेकर गंभीर रहेंगे लेकिन महिलाये हर काम मे नखरे करेंगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए शुभ है लेकिन आज अतिआत्मविश्वास एवं अहम की भावना के कारण हानि एवं आपसी मनमुटाव रहेगा।

सिंहः आज आप अन्यलोगों को नैतिक आचरण सिखाएंगे परन्तु इसे अपने ऊपर लागू ना करने से हास्य के पात्र बनेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। फिर भी आज किसी पर भी आवश्यकता से अधिक विश्वास ना करें ना ही किसी को मन के भेद बताये बाद में परेशानी होगी।

तुलाःआज के दिन आप योजनाए तो बहुत बनाएंगे परन्तु किसी ना किसी अभाव के कारण इन्हें पूरा नही कर पाएंगे।

वृश्चिकः आज आपके मन की चंचलता एवं स्वभाव में उद्दंडता को छोड़ शेष सब उत्तम रहेगा। परिजनों अथवा बाहरी लोगों से बेबाकी से पेश आना भारी पड़ सकता है।

धनुः आज के दिन परिस्थितियां आपके लिये प्रतिकूल ही रहेंगी। स्वास्थ्य के साथ ही धन हानि के योग बन रहे है।

मकरः दिनचार्य उथल-पुथल रहेगी। आज आपके आचरण से किसी ना किसी को परेशानी होगी आप अपने बड़बोले पन के कारण स्वयं ही मुसीबतों को न्योता देंगे।

कुंभः आपके लिए अवश्य कोई शुभ समाचार देगा। आज आप दिन भर किसी ना किसी कारण से व्यस्त ही रहेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिये सुनहरे अवसर प्रदान करेगा इसका समय रहते लाभ उठायें कल की अनुकूल परिस्थिति आज की मेहनत से ही बनेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -324

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

1	2		3	■	4	5	■	■
6		■	7				8	■
9		10		■		■	11	
12			■	13		14		■
■	15				■		■	16
17	■		■	18			■	
19		■	■	■	■	20	21	
	■	22		23	■	24		
25			■	26				■

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

पांचवी स्टेट गोल्ड कप ताइक्कांडो स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया दम

सीपत/नवप्रदेश। पांचवी स्टेट गोल्ड कप ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 में जिले में रहने वाले डिफेंस ताईक्कांडो क्लब मोपका के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा। इसमें आयांश सिन्हा छायांक वर्मा कान्हा यादव श्रयांश सिंह मयंक यादव सागर साहू खुशी पत्रे रिया भट्टाचार्य मिष्ठी नागेश वैष्णवी चंद्रा युक्ति सागर ख्वाहिश पात्रे उज्ज्वल चंद्रा आद्विक राठौर शिवांगी सिंह ज्योति वाणी अनय धर दीवान प्रिंस चंद्रा हर्षिता कुर्रे अर्जुन साहू हर्षित वर्मा शिक्षा तिवारी आरुष सिन्हा एवं क्षितिज वर्मा रिया भट्टाचार्य मिष्ठी नागेश का बेहतर प्रदर्शन रहा। इस दौरान डिफेंस ताईक्कांडो क्लब के संचालक कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने बच्चों को बधाई देकर उनके उज्ववल भविष्य की कामना की है।

स्वामी आत्मानंद स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

सीपत/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आज 5 फरवरी को सुबह 10ः 30 बजे से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेन्द्र धीवर शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप भाजपा मंडल अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक राजकुमार कौशिक पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्या टी विजयलक्ष्मी करेंगी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति से लोकसंस्कृति की छटा बिखरेगी।

66 पौवा अवैध शराब बिक्री करता आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मल्हार पुलिस द्वारा आरोपी मंगलू टंडन पिता धुरसाय टंडन उम्र 22 साल निवासी बिनैका चौकी मल्हार जिला बिलासपुर (छ.ग.) से 66 पौवा देशी प्लेन मदिरा 11.880 लीटर शराब 1ए परिवहन करने में प्रयुक्त मोटर साइकिल सीजी10 बीएच 0485 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी मल्हार उप निरीक्षक विष्णु यादव , प्रधान आर. प्रेम प्रकाश कुर्रे, आरक्षक अभिजीत कुर्रे, श्याम सोनवानी का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। निजात अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति हेतु श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री उदयन बेहार के मार्गदर्शन में चौकी मल्हार थाना मस्तूरी में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

प्रथम नगर आगमन पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का भव्य स्वागत

बिलासपुर। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के प्रथम नगर आगमन पर छत्तीसगढ़ भवन में भारी संख्या में उपस्थित भाजपा जिला पदाधिकारी, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री टंकराम वर्मा का भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत की अगुवाई में कार से उतरते ही उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री वर्मा गार्ड आफ आनर के लिए पहुँचे। तत्पश्चात छत्तीसगढ़ भवन में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की, जहाँ लोगों ने फूल मालाओं गुलदस्ते एवं गुलाब फूल भेट कर उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमांवत ने उनसे विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने वेयर हाउस चौराहे में टेंट लगाकार भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री टंकराम वर्मा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, अमरजीत सिंह दुआ, मोहित जायसवाल आदि उपस्थित थे।

उपार्जन केन्द्रों में 30 लाख क्विंटल धान का उठाव बाकी

जिले के किसानों ने इस साल बेचा 20 लाख क्विंटल ज्यादा धान

जिले में 70 लाख विंटल धान की हुई खरीदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य में धान खरीदी के अंतिम दिन लगभग सभी ऊपार्जन केन्द्र खुले रहे, हालांकि कुछ केन्द्रों में ही किसानों ने टोकन लिया था। जिले में वर्ष 2022-23 के मुकाबले इस साल करीब 20 लाख क्विंटल धान की अधिक खरीदी हुई है और इस तरह वर्ष 2023-24 में 70 लाख क्विंटल से भी अधिक धान की खरीदी हुई है।

वहीं धान का उठाव मुश्किल से 40 लाख क्विंटल के हो पाई है। इस तरह 30 लाख क्विंटल धान अभी भी उठाव के लिए ऊपार्जन केन्द्रों में है और यदि समय रहते उठाव नहीं किया गया तो जीरो शार्टेज में धान खरीदी का लक्ष्य पुरा होने की संभावना नही है। हर साल शासन द्वारा जीरो शार्टेज में धान खरीदी का लक्ष्य रखा जाता है, लेकिन समय पर उठाव नहीं होने के कारण जीरो शार्टेज का लक्ष्य पुरा नहीं हो पाता है और समिति प्रबंधक नुकसान हुए धान खरीदी कर जीरो शार्टेज को पुरा करते है। ऐसा इसलिए होता है कि धान का सही समय में उठाव नहीं हो पाना है। फरवरी के शुरूआत से ही मौसम बदल जाता है और धूप तेज हो जाती है, जिसके कारण धान सुखना शुरू हो जाता है और वजन में 2-3 किलोग्राम अंतर आ जाता है वहीं धूप के कारण बोरा भी खराब हो कर फट जाता है। मिलर्स भी बकायदा धान को तौल कर लेते है। दूसरी और शुरूआत में उठाव के लिए डीओ तेजी से कट रहा था,लेकिन अभी डीओ नाममात्र के कट रहा है। मिलर्स ही डीओ लेकर धान का उठाव नहीं कर रहे हैं।



किसानों को अब बोनस का इंतजार

समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा बेचे गए धान की राशि दो-चार दिनों के भीतर ही किसानों के खाते में शासन द्वारा जमा कर दिया गया,लेकिन अब किसानों को बोनस का इंतजार है। अब तक किसानों को समर्थन मूल्य 2204 रूपए और 2183 रूपए ही प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा निर्धारित किया गया बोनस अभी तक नहीं मिला है,इसके लिए शासन द्वारा को तारीख अब तक निर्धारित नहीं किया गया है और किसानों को बोनस का इंतजार है,हालांकि भाजपा और कांग्रेस के अलग अलग घोषणा हुआ था और भाजपा के सत्ता में आते ही पिछले दो सालों का बोनस किसानों को दे दिया गया है और इस साल किसानों का कब बोनस दिया जाएगा,जिसका अभी तक कोई अधिकारिक घोषणा नहीं हो पाया है।

उठाव चल रहा है

शासन के आदेशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी का समय बढ़ाया गया था। आज खरीदी के अंतिम दिन है, जिले में सुव्यवस्थित धान खरीदी हुई है। अब उठाव के लिए हर संभव कोशिश कर रहे है ताकि शार्टेज न हो।

आशीष दुबे,
नोडल अधिकारी

एयू की मुख्य परीक्षाएं एक मार्च से, वीसी ने परीक्षा विभाग को तैयारी के दिए निर्देश

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा एक मार्च से प्रारंभ होगी। कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने परीक्षा विभाग को इसके निर्देश दे दिए हैं। रविवार अवकाश के बीच कुलपति परीक्षा विभाग में अधिकारियों की बैठक लेकर पूरी प्लानिंग की। लोकसभा चुनाव से पहले परीक्षा निपटाने की पूरी प्लानिंग है।

परीक्षा विभाग ने भी इसके लिए कमर कस लिया है। शिक्षण सत्र 2023-24 की मुख्य परीक्षा को लेकर अनंतिम समय सारणी तैयार हो चुका है। एक सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर इसे जारी कर दिया जाएगा। 100 से अधिक कालेजों में परीक्षा होगी। परीक्षार्थियों को बिना विलंब शुल्क परीक्षा आवेदन जमा करने पांच फरवरी तक मौका दिया गया है। माना जा रहा है कि इस साल परीक्षा में नियमित के 60 तथा स्वाध्यायी के 55 हजार परीक्षार्थी समिल्लित होंगे। पांच उड़दस्ता का भी गठन किया जाएगा।

परीक्षा विभाग ने यूजी-पीजी विषम सेमेस्टर की परीक्षा में तीन नए प्रयोग किए हैं जो पूरी तरह से सफल होता दिख रहा है। विभाग ने टास्क फोर्स ग्रुप गठित करने के साथ महिला उड़नदस्ता और सीसीटीवी को अनिवार्य किया था। ये सभी चीजें मुख्य परीक्षा में भी लागू हो सकती है। परीक्षा विभाग ने इस बार युवाओं को प्रोत्साहित करने एक्सपर्ट की टीम का भी चयन किया है जो उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने मोटीवेट करेंगे। परीक्षा में नकल रोकने जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। परीक्षा 50 दिनों के भीतर निपटाने की तैयारी है। केंद्राध्यक्षों को भी विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी। ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या अव्यवस्था की स्थिति ना बनें। कुलपति आचार्य वाजपेयी ने रविवार को सेमेस्टर परीक्षा के दौरान आउट आफ सिलेबस मामले में सख्ती दिखाया। परीक्षा नियंत्रक डा.तरुणधर दीवान को साफ कहा कि ऐसे मामलों पर विशेष जांच की जाए। ताकि दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति ना हो। पेपर तैयार करने वाले विशेषज्ञों की सूची भी मांग है। माना जा रहा है कि ऐसी गलती होने पर विशेषज्ञों पर भी गाज गिर सकती है। आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने बताया कि कुलपति मुख्य परीक्षा को लेकर हमारा पूरा ध्यान है। बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना होगा। जंक फूड से दूर रहें। सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। पिछली परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को देखें। परीक्षा को लेकर एक प्लान बनाएं। उस पर अमल करें। सकारात्मक रहें। अपने शिक्षकों के सतत संपर्क में रहे। समस्या होने पर उन्हें चर्चा करें पूछें। समस्याओं का निराकरण करने हम स्वंय हेल्प डेस्क बनाएंगे। इस साल परीक्षा समय पर होंगे।

एनटीपीसी ने युवाओं को दिया सेल्स एसोसिएट का प्रशिक्षण

सीपत/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत तीन माह के रिटेल सेल्स एसोसिएट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 अक्टूबर, 2023 से 13 जनवरी 2024 तक आसपास के गांवों के 60 युवाओं के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण ग्रामीणों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण पहल है। 60 प्रतिभागियों के कुल बैच में से उत्कृष्ट 95त्न को अमेज़न, टाटा, विस्ट्रॉन, डी मार्ट और याज़ाकी सहित प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट सहभागी एजेंसी द्वारा किया गया है। परियोजना प्रमुख श्री रमानाथ पुजारी एनटीपीसी, सीपत द्वारा सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गये। साथ ही उन्होने युवाओं को उनके इस नए पेशेवर जीवन में आने वाली चुनौतियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री जयप्रकाश सत्यकाम, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) यूनियन और एसोशिएसन के प्रतिनिधियों ने भी युवाओं को प्रेरित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। इस तीन महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों का कौशल विकास किया गया और तेजी से बढ़ते खुदरा बिक्री क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की क्षमता में व्यापक सुधार हुआ।

निजात कार्यक्रम में सहयोग के लिए डॉ. संजय दुबे सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस की नशे के खिलाफ अभियान की लड़ाई निजात को 1 वर्ष पूरे हो गए हैं 2023 मैं शुरू हुए इस अभियान को व्यापक सफलता मिलती नजर आई और पुलिस की इस मुहिम से नशे के कारोबार में भी अंकुश लगता नजर आया। पुलिस ने कोनी स्थित कृषि विभाग के ऑडिटोरियम में निजात कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव बेलतरा विधायक रजनीश सिंह और अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई शामिल हुए इस दौरान पुलिस विभाग के कप्तान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने इस पूरे मुहिम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नशे के विरुद्ध लड़ाई में यह अभियान बेहद कारगर साबित हुआ है और इससे अपराध में भी कभी आई है आगे भी अभियान इसी तरह से जारी रहेगा। तो वही इस निजात अभियान में शामिल होने वाले संगठनों को भी यहां प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम में सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर संजय दुबे को भी पुलिस विभाग के द्वारा इस मुहिम के तहत सम्मानित किया गया।

एसईसीएल कर्मियों को रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम निधि का मिलेगा बेहतर लाभ

बिलासपुर। एसईसीएल मुख्यालय में सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा की अध्यक्षता में कोल इंडिया कर्मियों की कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम निधि के लिए बनाई गई कोल इंडिया स्तर की समिति की पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कोल इंडिया से सेवानिवृत हो चुके श्रमिकों के चिकित्सा लाभ की योजना कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकेयर स्कीम (सीपीआरएमएस-एनई) की कोर्पस (निधि) के बेहतर प्रबंधन एवं उपयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

कोल इंडिया के गैर-अधिकारी वर्ग के कर्मियों की वेतन वृद्धि के लागू हुए राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता (एनसीडबल्यूए-11) के क्रियान्वयन प्रावधानों में श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीएमपीआरएसएम-एनई में जमा निधि के बेहतर आर्थिक प्रबंधन के लिए श्रमसंघ प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कोल इंडिया स्तर पर एक द्विपक्षीय समिति बनाने पर सहमति बनी थी। इसी के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ते हुए बनाई गई समिति की पहली बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में एसईसीएल निदेशक जी श्रीनिवासन, सुनील कुमार मेहता, कार्यकारी निदेशक कोल इंडिया, गौतम बैनर्जी, महाप्रबंधक , डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, कुन्दंन सिंह, वरीय प्रबन्धक, कोल इंडिया, रोहित पांडे, उप-प्रबन्धक, कोल इंडिया, श्रमसंघ प्रतिनिधिगण राजकुमार सिंह, रमेश सिंह, सतीश कुमार केशरी, डीडी रामानंदन उपस्थित रहे। बैठक में एसईसीएल से संजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक /विभागाध्यक्ष, डॉ प्रतिभा पाठक, सीएमएस, एवं सुजाता रानी विभागाध्यक्ष (ईई/पीएफ़/पेंशन) भी उपस्थित रहे।

लूट का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आरोपी आसिफ कुरैशी के कब्जे से लूट की गई रियल-मी मोबाईल नकदी 10000 रूपये तथा आरोपी जाकिर अली से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया। आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पीड़ित सुमित कुमार साक्य पिता सुखदेव साक्य उम्र 20 वर्ष निवासी उदयपुर जिला सरगुजा, हा.मु. कश्यप कालोनी गली नंबर 4 थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि हास्टल से दौडने के लिए पुलिस ग्राउंड गया था। वापस आते समय ज्वाली नाला के पास 2 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा पीड़ित से रोककर फोन करने हेतु मोबाईल मांगे प्रार्थी द्वारा मोबाईल देने से मना करने पर 1 व्यक्ति जबरजस्दी प्रार्थी से मोबाईल को लूट लिया और हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा तथा दूसरे व्यक्ति अपने हाथ में चाकू निकाल कर प्रार्थी को डराते हुए प्रार्थी से मोबाईल का पासर्वड पुछकर प्रार्थी के मोबाईल से किसी अन्य व्यक्ति के मोबाईल नंबर पर 2000 रूपये ट्रांसफर कर दिया गया तथा मोबाईल को लूट कर चले गये प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मे अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो की पता तलाश की गई आरोपियो को 24 घण्टे के अंदर खपरगंज स्कूल के पास घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपियो से पूछताछ करने पर पहले पुलिस को गुमराह किया गया।

योजना | महतारी वंदन योजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए आएंगे सीधे बैंक खातों में

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी 2024 को ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। प्रथम चरण के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अनन्तिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी), बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन किया जा सकता है।

बिना ढके कोयला परिवहन 27 ट्रक पर हुई कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गठित जिला स्तरीय टीम अवकाश के दिन भी लगातार कार्रवाई की गई। टीम ने रायपुर रोड पर भोजपुरी टॉल नाका और रतनपुर मार्ग पर बीती रात वाहनों की जांच की। आधी रात तक टीम ने लगभग 85 वाहनों को रोककर पड़ताल की। इनमें 29 ट्रक बिना ढके खुले में कोयला और क्लिंकर परिवहन करते पाए गए। इसमें 27 वाहन एसईसीएल कोरबा एवं एक- एक वाहन ग्लोबल मिनरल्स अमसेना व श्री सीमेंट खपराडीह सिमगा के हैं। जो की प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम की प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। इन पकड़े गए वाहनों को हिर्री और चकरभांठा थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ी की गई है। आगे कार्रवाई जारी है। कलेक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच टीम की कारवाई सतत जारी रहेगी। टीम में पर्यावरण मण्डल, खनिकर्म, आरटीओ, पुलिस, निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

तीन दिनों गुंजेंगी राम की गाथा

कांकेर /चारामा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय सु स्वर मानस गान सम्मेलन 1 से 3 फरवरी तक तुलसी मानस गान प्रतिष्ठान के तत्वावधान में ग्राम सिरसिदा विकासखंड चारामा जिला कांकेर में रखा गया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से ख्याति लब्ध मानस मंडलियों के द्वारा सादर प्रस्तुति प्रदान कर पूरे अंचल में हमारे अराध्य रामचंद्र की पावन गाथा का श्रवण पान करा कर श्रोता संत समाज के हृदय में ज्ञान के प्रतीक राम चंद्र की गुणों को धारण कर समाज में प्रेम सद्भाव समता सुचिता समरसता को धारण करने संदेश दिया गया।और गांव के वयोवृद्ध बुजर्गो सियानों, माताओं का अभिनंदन सम्मान एनएमडीसी बैलाडीला बचेली से कनिष्ठा अधिकारी के पद से सेवा निवृत नागरिक कन्हैया लाल ऊद्रा द्वारा श्री फल शाल मिष्ठान भेंट कर सम्मान कर बुजर्गो का मान बढ़ाया है। आयोजक समिति कन्हैया लाल ऊद्रा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर यादोराम साहू कन्हैया लाल ऊद्रा गौरी शंकर साहू, सिया राम साहू,राय सिंग कोवाचि, कैलाश कोवाची, टीकेश्वर साहू सोहन साहू वेणु राम संगिया हरी राम साहू, कृति साहू ,पुरुषोत्तम धाकडे आदि उपस्थित थे।

महतारी वंदन योजना के लिए महिलाओं का पंजीयन आज से

कोण्डागांव/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके

स्वास्थ्य पोषण सुधार हेतु शुरू की गई महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम, तहसीलदार, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन हेतु जानकारी दी गयी। जिसमें बताया गया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं को 1 मार्च 2024 से लाभ दिया जाना है। इस योजना के तहत 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं से 5 से 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आईडी से किए जा सकते हैं। नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयं भी एप्प एवं वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

ठग लैब टेक्नीशियन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सुकमा/नवप्रदेश।आदिवासी युवाओं से नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला लैब टेक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े पर सुकमा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया गया हैं। जिसमे ठग लैब टेक्नीशियन पर पीड़ितों को जान से मारने की धमकी देने व गाली गलौच करने को लेकर भादवि के तहत धारा 294,506 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं। प्रार्थी 30 वर्षीय संतोष कुमार मरकाम कोयाबेकुर निवासी ने सुकमा थाना में पहुंच कर अवैध पैसा के लेन देन और अभद्र गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लिखित आवेदन देकर ठग लैब टैनीशीयन गोरेनाथ जांगडे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। मामले को लेकर प्रार्थी का आरोप है की ठग लैब टेक्नीशियन गोरेनाथ जांगडे द्वारा गार्ड की नौकरी को नियमित कराने का लालच देकर 50 हजार रूपये रिश्वत के रूप में लिया गया,फिर पुनः बीस हजार रूपये का मांग करने लगा। लेकिन पीड़ित द्वारा पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहने पर उसे काम से निकाल दिया गया। जिसके बाद वर्ष 2023 को उसी अस्पताल में ह॥रूके द्वारा सुरक्षा गार्ड की भर्ती हुआ। जिसमे भर्ती में आवेदन कर चयनित होकर ज्वाइनिंग के बाद से ही पीड़ित को धमकाना, मानसिक प्रताड़ित करना,काम से हटाने की धमकी ठग लैब टेक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े द्वारा दिया जाने लगा।

कार्यशाला में महतारी वंदन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिए टिप्स

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन एवं इसके नियम-निर्देशों से मैदानी अमलों को अवगत कराने के लिए आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर एडीएम एस.अहिरवार एवं जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने योजना के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, सेक्टर सुपरवाइजर, सभी जनपद पंचायत के सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को योजना की जानकारी देते हुए इसके नियम व शर्तों, पात्रता हेतु शासन द्वारा निर्धारित मापदंड एवं ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन लिए जाने के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. चंद्राकर ने कार्यशाला में महतारी वंदन योजना के उद्देश्य के बारे में बताया कि राज्य शासन द्वारा

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार, परिवार में उनकी निर्णय लेने की भूमिका सुदृढ़ करने यह योजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 01 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना 01 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया 5 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। 20 फरवरी तक प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पात्र हितग्राहियों के खाते में 8 मार्च से राशि डीबीटी के जरिए अंतरित की जाएगी। जो पात्र हितग्राही उक्त अवधि में किसी कारणवश आवेदन करने से छूट जाते हैं वे उक्त तिथि के बाद भी आवेदन कर सकते हैं, क्योंकि योजना के तहत आवेदन एक सतत् प्रक्रिया है।

ऐसे करें आवेदन

योजना के तहत आवेदन महतारी वंदन योजना के ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा योजना के मोबाइल एप द्वारा भी भरे जा सकेंगे।आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया ओ.टी.पी.पर आधारित होगी। आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र,ग्राम पंचायत नगरीय निकायों में पहुंचकर भी फॉर्म भर सकते हैं।

ये दस्तावेज होना आवश्यक

आवेदन करने हेतु स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट फोटो, स्थानीय निवासी दस्तावेज जैसे निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा अथवा वार्ड और ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र के लिए 10 वीं एवं 12वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस (इनमें से एक), पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति शपथ पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

पात्रता की ये है शर्तें

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के राठौर ने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऐसी श्रेणी की महिला पात्र होगी, जो छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी हो, आवेदन के कैलेण्डर वर्ष की 01 जनवरी को आवेदिका की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाएं भी योजना के लिए पात्र होंगी। ऐसी महिलाएं जिन्हें सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं से प्रतिमाह रू 01 हजार से कम की राशि प्राप्त हो रही है, उन्हें अतिरिक्त उतनी राशि की सहायता स्वीकृति की जाएगी, जिससे उन्हें कुल राशि रू. 01 हजार की मासिक राशि प्राप्त हो सके।

बैंक खाता नहीं होने पर भी कर सकते हैं आवेदन

पात्र हितग्राही को राशि का भुगतान उनके आधार लिंक्ड डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जाएगा। आवेदक महिला के पास स्वयं के नाम से आधार लिंक बैंक खाता होना चाहिए। खाता नहीं होने की दशा में महिला हितग्राही को इस संबंध में पावती से सूचित किया जाएगा और आवेदिका फॉर्म भरने के बाद निर्धारित समय-सीमा में स्वयं का बैंक खाता खुलवाना होगा।

योजना के क्रियान्वयन के लिए समय-सीमा निर्धारित

कार्यशाला में बताया गया कि योजना के तहत 05 फरवरी से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके बाद 21 फरवरी को अंतिम सूची जारी की जाएगी। 25 फरवरी तक अंतिम सूची पर आपत्ति की जा सकेगी तथा प्राप्त आपत्तियों का निराकरण 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 01 मार्च को किया जाएगा। आवेदनों की स्वीकृति उपरांत योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि 08 मार्च से अंतरित की जाएगी।

ये नहीं होंगे पात्र

ऐसी महिलाएं अपात्र होंगी, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मंडल, स्थानीय निकाय में स्थायी/अस्थायी/संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी या कर्मचारी हो। जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद या विधायक हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, मण्डल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो।

चुनाव जीतने में बूथ के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका : झुमुकलाल दीवान

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान के द्वारा जिले के सभी ब्लॉक में पहुंच ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। इसके तहत शनिवार 3 फरवरी को केशकाल ब्लॉक कांग्रेस की बैठक टाटामारी में आयोजित हुई। जहां मौजूद सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने खुलकर अपनी बात रखी और आगामी चुनाव में मिल जुलकर अच्छे परिणाम देने की बात कही साथ ही बड़े राजपुर ब्लॉक की बैठक लिहागाव गौठान परिसर में आयोजित की गई। जहां पर सभी मौजूद नेताओं ने पार्टी निर्देश का पालन करते हुए हर हाथ को मजबूत करते हुए आगामी चुनावों को जीतने की बात कही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान ने कहा चुनाव जीतने के लिए बूथ के कार्यकर्ताओं की भूमिका प्रमुख है। पार्टी की हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान के माध्यम से हमें पोलिंग बूथ में पहुँच पार्टी की रीति नीति व हमारी कांग्रेस सरकार में

हुए कार्यो को बताना है व भाजपा सरकार की अनीतियों, वादा खिलाफी को जन जन तक पहुंचाना है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री स्व शिव नेताम को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान के दोनों ब्लॉक में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान प्रदेश कांग्रेस सचिव सगीर कुरैशी जिला महामंत्री शीत कश्यप रीतेश पटेल ज्ञानदास कोर्राम ब्लॉक अध्यक्ष द्वय राजेश नेताम हीरा नेताम जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान पूर्व नपं अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मनसुख लाल भूरट राजेश साहू श्रीमती दिलीप पटेल राधेलाल बघेल बिंदा मेश्राम युवा जिलाध्यक्ष पीताम्बर नाग विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम बिहारी लाल सोरी सरपंच गण महेश्वरी हिडको सुरेखा मरकाम संगीता नेताम तरुण अग्निहोत्री नीतू डे सुरेश कोर्राम राकेश कुंजाम शीतल यादव बुधमन मरकाम राधे बघेल के साथ कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई सहित कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे।

अलबेलापारा में चला जन सहयोग का स्वच्छता अभियान

■ पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष भी स्वच्छता अभियान में शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की समाजसेवी संस्था ÷जन सहयोग÷ का स्वच्छता अभियान आज शहर के उत्तरी छोर पर स्थित अलबेला पारा तक जा पहुंचा, जहां मातृ एवं शिशु चिकित्सा विभाग के आसपास बहुत अधिक कचरा एकत्र हो गया था, जिसके कारण शिशुओं को चिकित्सा हेतु लाने वाले ग्रामीण लोगों को बहुत तकलीफ़ हो रही थी। बैठने के लिए कोई साफ़ सुथरी जगह नहीं थी।÷ जन सहयोग समाजसेवी संस्था के साथियों ने सुबह यहां आते ही मातृ एवं शिशु अस्पताल तथा आसपास के परिसर की कई घंटे तक जमकर सफ़ाई की, जिस से लोगों को सहूलियत हो गई। कई गाड़ी कचरा साफ़ करने के पश्चात मातृ एवं शिशु हॉस्पिटल परिसर की तस्वीर ही बदल गई। जिसकी प्रशंसा अस्पताल स्टॉफ के साथ मोहल्ले के निवासियों ने

भी की। सफ़ाई अभियान में अलबेला पारा की पार्षद योगेश्वरी उईके ने भी साथ दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य भी अपने अध्यक्ष कौशल सिंह, संगठन सचिव टी के जैन, संयोग साहू तथा अन्य सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। ÷जन सहयोग÷ की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा धर्मेंद्र देव, शैलेंद्र देहारी ,बल्लूराम यादव, डॉक्टर श्यामदेव, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम भूपेंद्र यादव, दिनेश मोटवानी, धीरज ठाकुर तथा संजय ठाकुर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि हमारा नारा है ÷जन सहयोग का एक ही सपना, सुंदर स्वच्छ शहर हो अपना इस कल्पना को सरकार करने हेतु हम लोग लगातार लगे हुए हैं और आम जनता से मात्र इतना सहयोग चाहते हैं कि कचरा नदी में या नालियों में नहीं फेंक कर सही स्थानों पर एकत्र करें । नगर पालिका की वाहन सेवाओं का लाभ उठाएं। आप लोग इस तरह का थोड़ा सा भी सहयोग देंगे, तो अपना शहर स्वच्छ सुंदर हो सकेगा। काँकेर शहर में जन सहयोग के अध्यक्ष तथा उनके साथियों की इस कड़ी मेहनत तथा सच्ची लगन की सराहना की जा रही है।

आडवाणी को भारत रत्न देने का समाजसेवियों ने किया स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। समाज सेवी संस्था जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी द्वारा एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राम मन्दिर आंदोलन तथा रथयात्रा के प्रणेता भाजपा को आकार और विस्तार देने वाले दृढ़ स्तंभ, प्रखर राष्ट्रवादी, लोकप्रिय जननेता, मूल्य आधारित राजनीति के सशक्त हस्ताक्षर,उत्कृष्ट प्रशासक भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न% से सम्मानित करने का निर्णय अत्यंत प्रशंसनीय है।



भारत में राम लखन की जोड़ी अटल एवं आडवाणी को भारत रत्न देना गौरवान्वित होने एवं गर्व करने का विषय है। गौरतलब है कि सन् 1984 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मात्र दो लोकसभा सीटें प्राप्त हुई थीं। इस दो की संख्या को 200 तक पहुंचाने का श्रेय निर्विवाद रूप से लालकृष्ण आडवाणी के अनथक परिश्रम को जाता है, जिन्होंने न केवल रथ यात्राएं कीं बल्कि संगठन शक्ति बढ़ाने हेतु संपूर्ण देश का कई बार दौरा किया। यही कारण है कि आज भाजपा अधिकतर राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी सत्ता में है। आडवाणी जी की जीवन संध्या के इस कालखंड में उन्हें भारत रत्न का सम्मान दिया जाना केंद्र सरकार का शत प्रतिशत सही निर्णय है, जिसका देश के हर समाज तथा हर वर्ग द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

जवानों को बताया तनाव से दूर रहने का तरीका

कोंडागांव/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह के आदेशानुसार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ दिव्या तिवारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भावना महलवार के मार्गदर्शन में आईटीबीपी सेक्टर के आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कैंप में तनाव प्रबंधन सह आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला% का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीबीपी के जवानों को तनावमुक्त जीवन जीने संबंधी विभिन्न गतिविधियां और क्रियाकलाप कराए गए। तनाव के बढ़ने से अवसाद की स्थिति निर्मित होती है। जिसका समय रहते प्रबंधन जरूरी है। जिनमें प्रमुख रुप से तनाव के कारक,

उसके स्वरूप तथा इसके रोकथाम को एक्टिविटी के माध्यम से बताया गया। इसके साथ साथ बढ़ते तनाव के कारण जवानों में आत्महत्या में वृद्धि हुई है। जिसे सही समय पर लक्षण को पहचानने से उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है साथ ही काउंसिलिंग और अपनी भावनाओं को एक दूसरे से साझा करने से भी हम अपनी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। आत्महत्या जैसी गंभीर समस्या को लेकर लोगों के मन में बहुत से भ्रांतियां और अफवाह फैली हुई है। जिन्हें जवानों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा साझा कर दूर किया गया। इसके साथ ही इस बात की जानकारी प्रदान की गई की किसी भी तरह की मानसिक समस्या होने पर जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक ओपीडी कक्ष न.9 में विजिट के लिए सलाह दी गई। टेली मानस टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800891 4416/ 14416 में कॉल कर के भी आप अपनी मानसिक समस्या का समाधान अपने कार्यस्थल पर ही ले सकते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भाजपा विधायक दल में ...

नाम नहीं लिया। पर वरिष्ठ नेताओं की प्रतिक्रिया से जाहिर हुआ कि भाजपा लोकसभा चुनाव में कोई भी खतरा मोल नहीं लेना चाहती।

इसे लेकर बड़े नेताओं ने कार्यकर्ताओं और नेताओं से साफ कहा है कि आप मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाइए। जो एक्टिव नहीं होंगे, साइड कर दिए जाएंगे। हमें निष्क्रिय नेता नहीं चाहिए।

अमरजीत के घर से ...

पूरी हो गई थी। शुक्रवार को चार नए ठिकानों पर पड़ा छापा

इन ठिकानों से मिले इनपुट के आधार पर शुक्रवार को चार नए ठिकानों में जांच शुरू की गई। इनमें से दो अंबिकापुर निवासी कांग्रेस नेता और वन ठेकेदार राजेश अग्रवाल व मैनपाट के नर्मदापुर निवासी कांग्रेस नेता और राज्य गो सेवा आयोग के पूर्व सदस्य अटल बिहारी यादव हैं, जिनके घर पर भी दबिश दी गई। ये पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के समर्थक बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार भगत के यहां छापे में आइटी टीम को अग्रवाल और यादव के संबंध में इनपुट मिले थे, जिसके आधार पर दोनों के यहां जांच की जा रही है। वहीं, राजनांदगांव में एक ब्रोकर के यहां भी आयकर ने दबिश दी।

पहले सत्ता में रहे लोगों ...

पीएम मोदी ने कहा कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। ये जो भी काम आज हो रहे हैं, इनका एक ही लक्ष्य है - लक्ष्य है, भारत और भारतीयों का सुखी और समृद्ध जीवन। लक्ष्य है, भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का। लक्ष्य है, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का। इसमें असम और नार्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।

असम में लौटी है शांति

मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं की उन्होंने शुरुआत की उससे न केवल पूर्वोत्तर में बल्कि बाकी के दक्षिण एशिया में संपर्क सुविधा मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में असम में शांति लौटी है और 7,000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़े हैं और मुख्यधारा में लौटे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में क्षेत्र में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि छोटे लक्ष्य रखकर कोई भी देश, कोई भी राज्य तेज विकास नहीं कर सकता। पहले की सरकारें न बड़े लक्ष्य तय करती थी और न ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करती थी। हमने पहले की सरकारों की इस सोच को भी बदल दिया है।

इंफ्रा है पर हमारा फोकस

पीएम मोदी ने कहा कि यही फोकस 3 दिन पहले आए बजट में भी दिखता है। बजट में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार हर लाभार्थी तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य हर नागरिक का जीवन आसान बनाने का है। उन्होंने कहा कि हमने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी देखा है कि जो भी सरकारी योजनाओं से वंचित थे, उन तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची है। पूरे देश में करीब 20 करोड़ लोग सीधे तौर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भव्य रोड शो भी किया।

अवैध शराब, विधायक का अनिश्चित कालीन धरने पर आज से

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव और शहर के विभिन्न वार्डो में कोचिए के माध्यम से हो रही अवैध रूप से शराब बिक्री को रोक पाने में नाकाम प्रशासन के खिलाफ विधायक इंद्र साव कांग्रेस जनों के साथ सोमवार 5 फरवरी से जय स्तंभ चौक में अनिश्चित कालीन धरने पर रहेंगे। सोमवार से ही विधानसभा का सत्र चालू होने जा रहा है । भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद विधायक इंद्र साव अपने लगातार क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्हें अपने मतदाताओं से सरपंच, पंच गण सहित महिला समूहों के द्वारा लगातार अवैध शराब की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने कलेक्टर सहित समस्त अधिकारियों से क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने और मदिरा दुकान में कार्यरत कर्मचारियों को हटाने की लिखित शिकायत की थी। किंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर लोगों की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक इंद्र साव आज 5 फरवरी से समस्त भाटापारा विधानसभा वासियों के साथ जय स्तंभ चौक में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इसकी सूचना उन्होंने विधानसभा सचिवालय सहित मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक, एस डी एम सहित आबकारी अधिकारियों को दे दी है।

गांजा तस्करी करते 4 अंतर्राज्यीय सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने थाना मुजगहन एवं मंदिरहसौद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करते 4 अंतर्राज्यीय सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 कारों में कुल 1 क्विंटल गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मुजगहन की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 02 चारपहिया वाहन में गांजा तस्करी करते 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम वासुदेव ढाली 28 वर्ष निवासी ओडिशा, अजय वर्मा 31 वर्ष निवासी रींवा व शुशंकर व्यापारी 37 वर्ष निवासी कोंडागांव बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से अल्टो कार क्रमांक सीजी 27 एम 4986 व वेन्यू कार क्रमांक सीजी 17 केयू 8864 जब्त किया है। पुलिस ने कार से कुल 45 किलो 500 गांजा जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मंदिर हसौद की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम छतौना चौक पास घेराबंदी कर एक सेन्ट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एच 5509 को रोककर तलाशी ली गई।

जिसमें लगभग 70 किलोग्राम गांजा का परिवहन करते पाया गया। कार में सवार 2 आरोपी जो उडीसा के निवासी है को गिरफ्तार किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद पर नियुक्ति के लिए अंतरिम मेरिट सूची जारी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा तथा पोड़ी उपरोड़ा के लिये आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद पर अस्थायी नियुक्ति किए जाने हेतु आवेदकों से आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों की पूर्ण जाँच उपरांत योग्यता अनुसार पात्र/अपात्र सूची तैयार कर अंतिम चयन सूची जारी किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद पर नियुक्ति हेतु 198 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसकी स्क्रूटनी एवं दावा आपत्ति निराकरण पश्चात 171 अभ्यर्थी पात्र तथा 25 अभ्यर्थी अपात्र पाए गए। प्राप्त 19 दावा आपत्तियों के निराकरण एवं पात्र 171 अभ्यार्थियों की समेकित मेरिट सूची प्राप्त कुल अंकों के आधार पर जारी की गई है। मेरिट सूची जारी होने के पश्चात् प्राप्त शिकायतों के निराकरण नवीन समिति द्वारा की गई। निराकरण समिति के अनुशंसा पर संशोधित समेकित मेरिट सूची कुल प्राप्त अंकों के आधार पर जारी की जा रही है। इस हेतु पात्र 171 अभ्यर्थियों की संशोधित समेकित मेरिट सूची जिला कोरबा के वेबसाइट पर देखी जा सकती है। साथ ही कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

महतारी वंदन योजना से मिलेगा महिलाओं को आर्थिक संबल

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सुश्री ऋतु चैरसिया ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना को स्वीकृत देने के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को धन्यवाद देते हुए उनका आभार माना सुश्री रितु चैरसिया के द्वारा सभी बहनों के साथ मिलकर मिठाई खिलाकर योजना लागू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान भाजपा पार्षद सुश्री ऋतु चैरसिया ने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं के साथ विधवा एवं परित्यता महिलाओं को भी मिलेगा महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिलाओं की जिनकी उम्र 21 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हें प्रतिमाह 1000 आर्थिक सालाना 12000 प्रदेश सरकार द्वारा दी जाएगी उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की गारंटी है जिसकी पूरी होने की पूरी गारंटी है प्रदेश में भाजपा की सरकार बने ही जो संकल्प भाजपा के प्रदेश की जनता से किया था उन संकल्पको लगातार एक के बाद एक पूरा कर रही है उन्होंने आगे की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को बहुत बड़ा छल किया था वहीं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से महिलाओं के हित में फैसला आना शुरू हो गया ।

तहसील कार्यालय में लगा जन समस्या निवारण शिविर

भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्रालय के निर्देशानुसार किसानों व जनता के सीमांकन , नामांतरण आदि समस्याओं के तत्काल उचित निराकरण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा तहसील कार्यालय में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए लोगों, ग्रामीणों की समस्याओं का मौका पर निवारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार , नायब तहसीलदार,राजस्व निरीक्षक , पटवारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

ट्रक ने बाइक सवार युवकों को मारा टक्कर, 1 की मौत, 2 गंभीर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. एक तेज रफ्तार ट्रक ने 3 बाइक सवार युवकों को ठोकर मार दी. घटना में एक युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई. वहीं 2 गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

बता दें कि, कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रसेडा में ट्रक ने बाइक सवार युवकों को ठोकर मारी. हादसे में एक युवक के कमर में ट्रक का चक्का चढ़ गया, जिसे गंभीर अवस्था में रायपुर रिफर किया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गई. वहीं घटना को लेकर ग्राम रसेडा में आक्रोश का माहौल है. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है.

बस पलटी, 4 गंभीर, रायपुर रिफर

इधर 2 और 3 फरवरी की दरम्यानी रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। विवाह कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी। इसमें 50 लोग सवार थे।

इसमें 4 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिले से लगे ग्राम सकरी के पास रात 1 बजे हादसा हुआ है। दर्जन भर से अधिक लोग इस हादसे में घायल हुए हैं। इधर रात्रि में ही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें से कुछ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

फिलहाल जानकारी के अनुसार 4 गंभीर रूप से घायल लोगों को रायपुर रिफर किया गया है। इस हादसे में रायपुर के चंगोराभाटा के साहू परिवार के लोग घायल हुए हैं। सभी लोग जिले के ग्राम भद्रापाली में चौथिया (विवाह कार्यक्रम) से वापस लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया।

चंदूलाल: सरपंच बनने की थी ख्वाहिश, नहीं बन सके... फिर बने विधायक और सांसद

गरियाबंद/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशियों की संभावित प्राथमिक सूचि में इसी क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू का नाम इस समय अग्रिम पंक्ति में है। वैसे हमारा दावा नहीं है कि उन्हें ही इस क्षेत्र से पुनः मौका दिया जायेगा और ना ही चंदूलाल साहू जी कोई दावेदारी कर रहे हैं बल्कि उन्होंने कहा कि वे पार्टी आदेश का ही पालन करेंगे, वैसे उन्हें 100 प्रतिशत उम्मीद है कि उन्हें एक और मौका दिया जायेगा। क्षेत्रीय जनता का बहुसंख्यक भाग भी इस समय चंदूलाल साहू की ओर ही टक -टकी लगाये हुये है। चंदूलाल साहू के अनुसार पार्टी का अपना सर्वे होता है, साफ सुथरी छबि और पार्टी सिद्धान्तों पर खरे उतरने वाले व्यक्ति को ही टिकिट दिया जाता है। जीत की संभावना भी मायने रखती है। वर्तमान में चंदूलाल साहू भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। बकौल चंदूलाल साहू, उन्होंने सरपंच बनने की ख्वाहिश में ग्राम पंचायत पंच का चुनाव लड़ा था, किन्तु उनके अन्य साथी चुनाव हार गये जिससे उन्हें पर्याप्त समर्थन नही मिल पाया

और वो सरपंच पद से वंचित रह गये। राजिम के निकट ग्राम टेका निवासी चंदूलाल साहू कृषक परिवार से है। कबड्डी व व्हालीबाल खिलाड़ी रहे, सो ग्रेजुएशन के बाद 1984 में वें रेल्वे पुलिस में भर्ती हो गये, किन्तु स्वभाव पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से मेल नहीं खाता था, इसीलिये नौकरी छोड़ दी और वकालत की पढ़ाई करने लगे। अटल बिहारी वाजपेयी तथा दीनदयाल उपाध्याय से प्रेरित चंदूलाल साहू ने 1991 में बीजेपी ज्वाईन कर ली। 1993 में राजिम विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के तत्कालीन प्रत्याशी अशोक बजाज के चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सम्हाली, 1996 में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री नियुक्त किये गये, इसी वर्ष कोऑपरेटिव बैंक कोपरा का चुनाव भी लड़ा, 1998 में भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गये,साथ ही वकालत की प्रेक्टीश भी जारी रही,1999 में कृषक उपज मंडी समिति का चुनाव लड़ा और कृषक सदस्य निर्वाचित हुये। एक समय की राजिम विधानसभा की बीजेपी प्रत्याशी नीना सिंह के चुनाव प्रचारक भी रहे,तब तक वे प्रखर प्रवक्ता के रूप पहचान बना चुके थे। हालांकि नीना सिंह चुनाव हार गई थी।

ऐसे बने विधायक

वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उन्हें राजिम विधानसभा प्रत्याशी घोषित किया गया। तब उन्हें कमजोर प्रत्याशी के माना गया , किन्तु साहू बाहुल्य मतदाता, प्रखर वक्ता की छबि और किस्मत ने उनका साथ दिया। कांग्रेस के अमितेश शुक्ला को 12 हजार वोटों से हराकर उन्होंने राजिम विधानसभा में शुक्ल परिवार के पारंपरिक गढ़ को ध्वस्त कर दिया।

कलेक्टर-एसपी पहुंचे मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम, एफएलसी की तैयारियों का लिया जायजा

5 फरवरी से होगी ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तर की जांच

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के पूर्व सभी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईव्हीएम) की प्रथम स्तर की जाँच (एफएलसी) 5 से 14 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिले में भी 5 फरवरी से वोटिंग मशीनों की प्रथम स्तर की जांच की जाएगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ एसपी अमित तुकाराम कांबले ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में गरियाबंद के मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर एफएलसी की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन सामग्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ईवीएम के जांच के लिए सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार एफएलसी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश भोई सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद थे। गौरतलब है कि एफएलसी जाँच को सफलतापूर्वक संपन्न करने

के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के सभी जिला एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा तकनीकी टीमों का ऑनलाइन प्रशिक्षण संपादित कराया जा चुका है। एफएलसी कार्यक्रम के दौरान बैलेट युनिट, कंट्रोल युनिट तथा वीवीपेट की प्रथम स्तर की जाँच की जाएगी। एफएलसी कार्य कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद में 5 से 14 फरवरी तक सुबह नौ बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। एफएलसी कार्य इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद से इंजीनियर्स द्वारा किया जाएगा। इसके लिए ईसीआईएल लिमिटेड हैदराबाद के 7 इंजीनियरों की नियुक्ति की गई है।

चार स्कूलों के छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

खरोरा/ नवप्रदेश। खरोरा के शास प्रा .शाला, खरोरा, नवीन खरोरा, नायकटांड खरोरा एवं पूर्व मा. शा. खरोरा द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा, सुआ नृत्य ,, पंथी, कर्मा मनमोहन्व एवं सोशल मिडिया के दुष्प्रभाव नाइक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यकम में मुख्य अतिथि अनिल सोनी नपा अध्यक्ष, राजीव अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र ठाकुर वार्ड ,पार्षद जुबेर अली, सुरेश साहु , राम सिंह गिलहरे एवं चारो संस्था के शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण विजय शर्मा, विजय कन्नौजे आयुष वर्मा, प्रेमलाल गिलहरे आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए । चारो संस्था व लक्षण वर्मा एवं प्रधान पाठक सुश्री सुशील वर्मा , श्रीमती नीलम एक्का ,श्रीमती इंद्राणी वर्मा ,लक्ष्मण वर्मा समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाला बजट : सरिता

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता जायसवाल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्र सरकार का अंतरिम बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है यह बजट भारत के स्वर्णिम युग को मजबूती प्रदान करने वाला है। इस बजट से राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सर्वहारा वर्ग को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया गया है। बजट में फोर लेन सड़कों की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। देश के 4 करोड़ किसानों को फसल

संबंधी योजनाओं का लाभ मिलेगा टैक्स पटाने वालों को बजट में सीधा लाभ मिलेगा सरकार का लक्ष्य अब लखपति दीदियों को दो करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करना है। जो नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरिता जयसवाल ने कहा कि विकसित भारत के चार स्तंभ हैं युवा, गरीब, महिला और किसान बजट में इन चारों के हितों का ख्याल रखा गया है। प्रधानमंत्री की सोच का कोई विकल्प नहीं है बजट में महिला, किसान, गरीब, युवा सभी के लिए प्रावधान हैं। सरकार ने सवाईकल कैंसर के लिए टीकाकरण की घोषणा की है। महतारी वंदन योजना से बढ़ती महिलाओं की आत्मनिर्भरता महतारी वंदन योजना को राज्य सरकार के कैबिनेट में मंजूरी दिये जाने का स्वागत करते हुए नंदिनी सिन्हा ने कहा कि इससे राज्य की पात्र महिलाओं को हर महीने एक हजार रूपए मिलेगा।

जीवन में ज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ और सार : शर्मा

खरोरा/ नवप्रदेश। भिलौनी ग्राम में आयोजित भगवद्गीता सुनने लोग पहुंच रहे हैं। आज इस का कथा का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने कृष्ण अर्जुन संवाद गीता ज्ञान सुनकर मानव जीवन को सफल बनाने का संकल्प लिया। गीता के ज्ञान को मंदिर हसौद वाले पंडित उत्कर्ष शर्मा व्याख्या कर रहे हैं। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को दिया गीता अमृत का अनुपम ज्ञान दिया। जो कि हम मानव जाति केलिए भगवत प्रसाद हैं। क्योंकि इस ज्ञान शब्द को भगवान ने अर्जुन के माध्यम से हमसब तक पहुंचाया है। इसलिए

सदा गीता का आदर करते हुए। जीवन में, इस ज्ञान को धारण कर अपने को ज्ञानवान बना कर जीना चाहिए। जीवन में ज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ और सार है। ज्ञान ही मोक्ष को प्रदान करता है। और सच्चा ज्ञान ही पवित्र विचार को जन्म देता है। इस लिए भगवान ने गीता में कहा कि न ही ज्ञानंसदृशं पवित्र महयं सबसे ज्यादा पवित्र ज्ञान है।

अवैध खनिज परिवहन करती 18 गाड़ियां जप्त

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कई खदानों पर दबिश दी। टीम द्वारा धमतरी जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, और नगरी ब्लाक के रेत खदानों का निरीक्षण किया। टीम द्वारा नगरी ब्लाक के सरगी स्थित रेत खदान के पास खड़े 18 गाड़ियों और धमतरी के दोनर से 1 जे सी बी तथा 1 वाहन पर कार्यवाही की। इस कार्यवाही में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम, खनिज विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न क्षेत्रों का

निरीक्षण कर खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नियमित कार्यवाही की जा रही है। कल टीम द्वारा 18 वाहनों को जब्त किया गया। उनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर अभिरक्षा में वाहनों को रखा गया है।

ज्यादा शराब मांगा, नहीं देने पर सेल्समैन से मारपीट

भाटापारा/नवप्रदेश। सुरखी रोड स्थित शराब भट्टी में कार्यरत सेल्समैन के साथ अत्यधिक मात्रा में शराब की मांग करने वालों ने सेल्समैन द्वारा शराब ना देने पर मारपीट की। इससे पीड़ित की आंखों में गंभीर चोटें पहुंची हैं। शहर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शनिवार दोपहर सुरखी रोड स्थित शराब दुकान में सोनू निषाद अपने साथियों के साथ पहुंच कर 10 पौवा शराब की मांग

सेल्समैन से की। इस पर सेल्समैन राकेश ठाकुर ने शासन प्रशासन के निर्देशों का हवाला देते हुए इतनी मात्रा में शराब ना देने और 5 पौवा देने की बात कही।

इस पर शराब लेने आए सोनू और साथियों ने गाली गलौज शुरु कर दी। इस पर सेल्समैन ने दुकान से बाहर आकर उन्हें गाली गलौज ना करने की बात कही। इस पर सभी लोगों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। जिसके फलस्वरूप उसकी आंखों में चोटें आई हैं। शहर पुलिस ने प्रार्थी की नामजद शिकायत पर धारा 294,506,323,34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए करें काम

गरियाबंद/ नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने तिमाही तथा अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कहा की शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए इस वर्ष उत्कृष्ट अभियान चलाया जा रहा है। कुछ स्कूल का परफॉर्मेंस अच्छा है। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए एक्स्ट्रा क्लास, रेमेडियल क्लास संचालित कर शत प्रतिशत परिणाम के लिए और ज्यादा प्रयास करे। बेहतर परिणाम वाले स्कूल्स को जिला स्तर से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमतर परीक्षा परिणाम वाले स्कूल्स में जिम्मेदारी तय की जाएगी। अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने कमतर परिणाम वाले संस्था की बीईओ द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं परिणाम विश्लेषण कर रणनीति बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने संस्था वार परिणाम की समीक्षा करते हुए कहा की बेहतर परिणाम के लिए ईमानदारी से प्रयास हो अन्यथा संस्था प्रमुख एवं विषय शिक्षक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। नोडल अधिकारी मनोज केला एवं डीएमसी के एस नायक ने संस्था प्रमुखों से प्री बोर्ड एग्जाम को बोर्ड की तरह गंभीरता से लेने पर जोर दिया। बैठक में एपीसी महेश पटेल, बीआरसी तेजेश शर्मा तथा सभी बीईओ एवं बीआरसी तथा प्राचार्य उपस्थित थे।

अपने सपनों का घर पाने के लिए निगम में करें आवेदन

कोरबा/नवप्रदेश। जिन लोगों के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हें अपने सपनों का घर पाने का बेहतर अवसर प्राप्त हुआ हैं, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 986 नवनिर्मित आवासगृहों (फ्लैट) का आबंटन पात्र लोगों को किया जाएगा, निगम ने इस हेतु 26 फरवरी तक मकान के इच्छुक लोगों से आवेदन मंगाएं हैं। उक्त फ्लैट दादरखुर्द के समीप स्थित विशाल आवासीय कालोनी में भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में स्थित है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना '' मोर मकान-मोर आस '' अंतर्गत दादरखुर्द बस्ती के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लैट) का निर्माण कराया गया है, 2784 आवासगृहों की उक्त विशाल आवासीय कालोनी में सड़क, नाली, पानी, बिजली सहित विविध मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं, इसके साथ ही कालोनी में उद्यान व सामुदायिक भवन जैसी सुविधाओं पर भी कार्य किया जाएगा। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 174 आवासगृह पात्र हितग्राहियों को आबंटित कर दिये गये थे, अब पुनः 986 आवासगृहों का आबंटन निगम करने जा रहा है, इस हेतु निगम द्वारा 26 फरवरी तक इच्छुक लोगों से आवेदन मंगाए गए हैं, मकान लेने के इच्छुक व्यक्ति सम्पूर्ण रूप से भरे हुए अपने आवेदन निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित पी.एम.ए.वाई. शाखा में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति को 100 रूपये का शुल्क निगम कोष जमा करना होगा तथा साकेत भवन के द्वितीय तल स्थित कक्ष क्रमांक 322 से आवेदन पत्र करना होगा। सवा 03 लाख रूपये में मिलेगा वन बी.एच.के. फ्लैट - उक्त आवासीय कालोनी में केवल 3 लाख 25 हजार रूपये में वन बी.एच.के. फ्लैट जिसका कारपेट एरिया 327.64 वर्गफिट है, लोगों को प्राप्त होगा, उक्त राशि आसान मासिक किश्तों में चुकाई जा सकती है, जिन फ्लैटों का आबंटन अभी किया जा रहा है।

राजिम कुंभ की लौटेगी भव्यता : संस्कृति मंत्री

गरियाबंद/ नवप्रदेश। धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज राजिम में राजिम कुंभ कल्प आयोजन के संबंध में बैठक ली। बैठक में गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिले के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि, मेला समिति के सदस्यगण एवं नागरिक गण शामिल हुए। बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्षों बाद अयोध्या में श्री राम लला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। और बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। राजिम कुंभ कल्प का अयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 8 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान तीन पुण्य स्नान होंगे। देशभर से बड़ी संख्या में नागा साधु संत भी कुंभ में आयेंगे। मंत्री श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की भव्य आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेकर निर्धारित समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सांसद चुन्नीलाल साहू, रोहित साहू, विधायक राजिम, जनक ध्रुव विधायक बिंद्रानवगढ, इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, चंद्र शेखर साहू, पूर्व

विधायक, चंदू लाल साहू, पूर्व सांसद सहित डॉ संजय अलंग, कमिश्नर, कलेक्टर दीपक अग्रवाल कलेक्टर धमतरी सुश्री नम्रता गांधी, आरिफ़ शेख़, आई. जी., जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक, पर्यटन मंडल, अविनाश भोई अपर कलेक्टर, श्रीमती रीता यादव, सीईओ जिला पंचायत सहित मेला समिति के सदस्यगण एवं नागरिकगण मौजूद रहे। मंत्री श्री अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी से तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर से गरियाबंद निर्माणाधीन सड़क सहित छुरा, जतमई, घटारानी, धमतरी सड़क एवं राजिम महासमुंद जाने वाले सड़कों में चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कर चलने लायक बनाने के निर्देश दिए।

पिछड़ा वर्ग ने की कृषि व बीएड कालेज खोलने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ की पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर विगत दिनों छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाई देते हुए नगरी क्षेत्र में कृषि कॉलेज व बीएड कॉलेज खोलने की मांग की।पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने बताया कि धमतरी जिला के नगरी तहसील जो कि अनुसूचित क्षेत्र है, यह क्षेत्र वनो से घिरा हुआ है, यहां के निवास करने वाले अधिकांश लोगो की आय का मुख्य साधन वन संपदा व कृषि है।नगरी तहसील के अंतर्गत लगभग सभी हायरसेकंडरी स्कूलों में कृषि संकाय की पढ़ाई हो रही है इन स्कूलों से बच्चे निकलकर उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ शहरों में स्थित कृषि महाविद्यालयों में पढ़ने के लिए रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर जैसे शहरों में जाने के लिए मजबूर हो जाते है, जिसमें

कई गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चे आर्थिक समस्या के कारण पढ़ाई नहीं कर पाते, यदि नगरी सिहावा क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय खुल जाती है तो निश्चित ही नगरी सिहावा जैसे पिछड़ा व आदिवासी क्षेत्र के साथ साथ नगरी क्षेत्र से लगे हुए अन्य जिलों के बच्चों को आसानी से कृषि संबंधित उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सफल हो सकेंगे,जिससे वे भविष्य में नौकरी, रोजगार एवं कृषि उद्यानिकी कार्यों में तकनिकी रूप से सक्षम हो जायेंगे साथ ही नगरी में डीएड संस्थान विगत कई वर्षों से संचालित है साथ ही नगरी से लगे ग्राम छिपली में महाविद्यालय भी संचालित है, इन संस्थाओं से बच्चे निकल कर दूरस्थ स्थित अन्य जिलों के शासकीय एवं निजी बीएड कॉलेज में पढ़ने के लिए जाते हैं। जिसे गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते, यदि नगरी में बीएड कॉलेज खुल जाती है तो नगरी सिहावा के बच्चो को बीएड की शिक्षा प्राप्त करने में सफल हो सकेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेश सहसचिव देवेन्द्र सेन नेबताया कि उमरगांव के शासकीय हाई स्कूल विगत सन 2002 से जनभागीदारी समिति के माध्यम से संचालित है एवं इसका शासकीयकरण सन 2006 में हुआ है, इस स्कूल में उमरगांव सहित आसपास के दर्जन भर गांव के बच्चे पढ़ने आते है लेकिन हायर सेकेण्डरी नही होने के कारण कई बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते है।वर्ष 2015 के लोकसुराज अभियान में छग के तत्कालीन मंत्री केदार कश्यप के द्वारा इस स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की घोषणा भी सार्वजनिक रूप से की गई है।

न्यूज गैलरी

अंतरिम बजट विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: परवेज अहमद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य परवेज अहमद पप्पू ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया में भारत को तीसरी नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प जो पीएम मोदी ने किया है, उसी के अनुसार वित्तमंत्री का यह बजट देश की आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है। उद्योग की तरक्की करने वाला और नए रोजगार क्रिएट करने वाला है। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी गई है। इस बजट की सबसे बड़ी घोषणा जय अनुसंधान योजना है जिसके लिए बजट में कॉर्पस फंड के रूप में 1 लाख करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, जो भी निजी संस्था ऋण का विकल्प चुनेगी, उन्हें 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा, इसका सीधा लाभ भारत की नई पीढ़ी को होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इनोवेशन एक क्रांति का रूप ले चुका है। स्किल इंडिया के तहत देश के 1.4 करोड़ युवाओं की स्किलिंग और अप-स्किलिंग की जाएगी। तीन नए रेलवे कॉरिडोर की बात की गई है, इसका सीधा मतलब है कि कुशल जनशक्ति को अधिक रोजगार मिलेगा और लोगों की जीवनशैली में सुधार होगा। संक्षेप में यह बजट कल्याण और धन सृजन के बीच अच्छी तरह से संतुलित है।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव द्वारा रविवार 28 जनवरी को मनगट्टा-राजनांदगांव में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी व सभी शिक्षकगण शामिल हुए। अनेक औषधियुक्त पेड़-पौधों की जानकारी दी गई। मानव की सुंदर कलाकृतियों से परिचित हुए। साथ ही साथ कुदरत की कुछ रहस्यों से भी परिचित हुए।

रोटरी क्लब द्वारा हमर गांव-हमर छत्तीसगढ़ मेले का किया जाएगा आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। रोटरी इंटरनेशनल एक अंतराष्ट्रीय संस्था है जो समाज सेवा, मित्रता एवं वैश्विक सद्भाव पर विगत 117 वर्षों से 200 से अधिक देशों में कार्य कर रही है। इसकी एक शाखा कोरबा जिले में भी हैं। जो कोरबा अंचल में ष्हमर गांव-हमर छत्तीसगढ़ष् के नाम से एक मेले का आयोजन कर रही हैं।

रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी पारस जैन द्वारा जानकारी देते हुए बताया जा रहा हैं की इस मेले का प्रमुख उद्देश्य लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से परिचय कराना है, साथ ही इस मेले में विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन एवं व्यापारिक स्टाल रहेंगे।

आयोजित किए जाएंगे जनसमस्या निवारण शिविर

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी राजस्व निरीक्षण मण्डल विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में कोरबा तहसील अंतर्गत रा.नि.मं. कोरबा में गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैण्ड, दादर खुर्द के सामुदायिक भवन रामजानकी मंदिर के पास, कोरबा ग्रामीण ग्राम पंचायत भवन पंडरीपानी, पाड़ीमार अंतर्गत सेक्टर 05 हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन बाल्को, करतला तहसील अंतर्गत रा.नि.मं. करतला में ग्राम पंचायत भवन करतला, ग्राम पंचायत भवन नोनबिर्रा, भैंसमा तहसील अंतर्गत भैंसमा में भारत भवन भैंसमा, बरपाली तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरपाली और ग्राम पंचायत भवन कोथारी में सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यवाही के अलावा खसरा, बी-1, नक्शा, नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, भू-अर्जन, भू-अभिलेख की त्रुटियां संबंधित प्रकरणों का निवारण किया जाएगा। एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा ने सभी लोगों से इस जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा 8 को पहुंचेगी छत्तीसगढ़

सरगुजा। मणिपुर से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जल्द ही छत्तीसगढ़ पहुंचने वाली है. इसे लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी. रायगढ़ जिले की सीमा पर न्याय यात्रा का स्वागत किया जाएगा. किसान, नवजवान, महिला, श्रमिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई करेंगे.

पायलट ने कहा, 13 फरवरी को अंबिकापुर में राहुल गांधी की विशाल आमसभा प्रस्तावित है. इस यात्रा का उद्देश्य बस एक ही है कि जो लोग न्याय से वंचित हैं, जिन लोगों को समाज और सरकार से उमीदें हैं, लेकिन उनकी नहीं सुनी जाती है.

अग्निवीर भर्ती के लिए जवान बहा रहे पसीना

- रक्षित केन्द्र बेमेतरा में हुआ अग्निवीर भर्ती उन्मुखीकरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। विगत दिनों जिलें के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा बेमेतरा जिले के युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती होने के लिए बेमेतरा पुलिस की अभिनव पहल उड़ान के तहत फिजिकल एवं लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रक्षित केन्द्र बेमेतरा में किया गया है। बेमेतरा पुलिस ने एक अच्छी पहल करते हुए युवाओं को पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक और बौद्धिक तौर पर मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। बेमेतरा पुलिस युवाओं को जिला पुलिस बल एवं भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर में भर्ती होने के लिए शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए प्रशिक्षण की शुरूआत की है। जहां युवा रोज सुबह से ही पसीने बहा रहे है। ताकि क्षेत्र के युवा पुलिस एवं अग्निवीर सेना में भर्ती होकर अपने माता पिता और जिले का नाम रोशन कर सकें। बेमेतरा पुलिस प्रशासन ने विगत दिनों अभिनव पहल उड़ान शुरू की है। छत्तीसगढ़ में पुलिस में भर्ती और भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर

की भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी हैं, उन्हें निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आज 3 फरवरी को पुलिस लाइन (रक्षित केन्द्र बेमेतरा) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को भारतीय थल एवं वायु सेना में अग्निवीर भर्ती संबंधित सेवाओं के संबंध जानकारी देने के संबंध मे एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन (रक्षित केन्द्र बेमेतरा) मे किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सब मेजर एसएम सतीश थलसेना व भारतीय वायु सेना भोपाल रीजनल ऑफिस सार्जेंट डीएस मराठे, कार्पोरल यु संतोष, प्रमोद जैन जिला रोजगार अधिकारी उपस्थित थे।

एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को अग्निवीर भर्ती के तहत थलसेना व वायुसेना में भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया और महत्वपूर्ण क्षमताओं, उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही भूमिकाओं को सबके सामने रखा गया और युवाओं को अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, उम्र सीमा, छूट तथा मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया।

एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने युवाओं को कठिन परिस्थितियों से निकलने और अपनी मंजिल को पाने के टिप्स भी दिए और अपने अनुभव भी साक्षा किये। इस अवसर पर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, जिला रोजगार कार्यलय से महेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, आरक्षक तारण घितोडे, पारसमणी साहू, महिला आरक्षक निकिता वैष्णव एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

शातिर महिला ने ग्रामीण महिलाओं से की लाखों की ठगी

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही। गांव-गांव में घूम-घूमकर ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिलाने फ्री में शौचालय बनवाकर देने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली गौरेला थाना अंतर्गत गोरखपुर पंचायत निवासी सोफिया खान उर्फ मुस्कान खान के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोपिया एक साल से कई लोगों से इस नाम पर ठगी कर चुकी है। ग्रामीणों ने आरोपिया के खिलाफ एसपी और कलेक्टर से शिकायत की है।

कलेक्ट्रेट शिकायत करने पहुंची गरीब महिलाओं ने अपनी ठगी की आप बीती बताते हुए कहा कि मुस्कान खान ने हम ग्रामीण महिलाओं को कहा कि फ्री में शौचालय और आवास बनवाकर देगी. इतना ही नहीं महिलाओं से फर्जी लोकल समूह बनवाकर प्रति माह 1,600-1,600 रुपये की किस्त पटवा रही थी ये कहते हुए कि 6 माह बाद इसे क्लोज कर 1 लाख प्रति महिला को मिलेगा. ये अवधि पूरी हो जाने के बाद फ्रॉड महिला ने अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए. महिलाओं की ओर से अपना पैसा मांगे जाने पर टाल मटोल करने लगी थी, बहाने बनाने लगी थी, कभी ये कहती कि मैं बिलासपुर अस्पताल में बीमार होने से भर्ती हूं तो कभी कुछ.बाद में फोन लगातार लगाने पर स्विच ऑफ आने लगा, जिसके बाद हम लोगों को अपने ठगे जाने का अहसास हुआ. 29 महिलाओं ने गोरखपुर जाकर जानकारी ली तो सोफिया खान अपने घर में नहीं मिली, कई दिनों से गायब होने की जानकारी मिली. आसपास के लोगों ने महिलाओं को बताया कि आरोपी सोफिया बहुत ही फ्रॉड किस्म की महिला है. इसके पहले भी ग्रामीण क्षेत्र में भोली-भाली महिलाओं को अपने मकड़ जाल में फंसाकर शासकीय योजनाओं के नाम से चूना लगाए जाने की बात निकल कर आई है। सभी पीड़ित महिलाओं ने गौरेला गोरखपुर निवासी सोफिया खान के विरुद्ध स्द्धक्र करने और अपनी रकम वापस दिलाये जाने की मांग की है. शिकायतकर्ता सभी महिलाएं गौरेला थाना अंतर्गत की है. इन महिलाओं से सोफिया खान ने आवास और शौचालय के नाम पर लगभग 14 लाख रुपये लेकर रफूचक्कर हो गई है. महिलाओं ने शिकायतकर सोफिया खान के विरुद्ध कार्रवई की मांग की है।

अनेक निर्माण कार्यों के लिए 3 लाख स्वीकृत

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में विकास कार्यो के लिए 3 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा बेमेतरा क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा के ग्राम पंचायत डगनिया (ख) में शीतला प्रांगण के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापटल कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लागाये जाने के निर्देश दिए हैं।

लोक कला हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर: आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक बेरला के ग्राम कुसमी, ग्राम रामपुर (भाड़) एवं ग्राम बोरिया में आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय लोक कला महोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा शामिल हुए। मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात हैं, बेरला ब्लाक के ग्राम कुसमी, ग्राम रामपुर (भांड) सहित ग्राम बोरिया के पावन भुइयां में छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव का भव्य आयोजन रखा गया हैं। ग्रामवासियों एवं समिति के साथियों के द्वारा निरंतर लोककला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है, छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशों में भी है, ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल में रहने वाले कलाकारों को मंच मिलता है। गांव में भी इस तरह का वृहद आयोजन होना अपने आप में गौरव की बात हैं। पूरे विश्व में प्रसिद्ध हमारे भारत की सस्कृति हैं। देश में हमारे छत्तीसगढ़ की सस्कृति की अलग ही पहचान हैं। छत्तीसगढ़ी परंपरा व संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से साथियों के द्वारा सुवा नृत्य, पंडवानी छत्तीसगढ़ी लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सुवा नृत्य, राऊत नृत्य, करमा ददरिया, पंडवानी सहित विविध छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आयोजित हुए। छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति परंपरा सदियों से चली आ रही हैं। छत्तीसगढ़ी संस्कृति की परंपरा को बचाना हमसभी की जिम्मेदारी है, सुवा नृत्य व लोक कला महोत्सव छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति को जीवंत रखने का ऐसा महोत्सव एक माध्यम हैं। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू पूर्व अध्यक्ष सेवा सह. केन्द्रीय बैंक दुर्ग, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, कमल किशोर साहू सदस्य प्रतिनिधि बेरला, नरोत्तम देशलहरे सदस्य प्रतिनिधि बेरला, डा. चुरामन साहू, संतोष साहू सरपंच कुसमी, ओमप्रकाश साहू सरपंच सुरहोली, राजेश यादव सरपंच रामपुर (भांड), यशंवत साहू, अविनाश साहू, रामाकांत साहू, उत्तम देवांगन, राजू साहू, बीरेंद्र कुमार टंडन, सुधे बंजारे, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत, राजकुमार बंजारे, उमाशंकर साहू, अजय वर्मा, ऋषि कुमार साहू, अनूप कुमार साहू, पिलुराम साहू, मोतीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी/श्रोताजन उपस्थित थे।

वार्षिक उत्सव का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ कला, संस्कृति से जोड़ना : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश/हिंदी मीडियम विद्यालय सिंघौरी बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल रांका, स्वामी आत्मानद स्कूल बेरला में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। स्कूली बच्चों द्वारा राउत नाचा के माध्यम से मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथिं के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय परिवार की ओर से दीपेश साहू का पुष्प गुच्छ तथा शाल श्री फल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, लोक नृत्य, गीत, नृत्य राजस्थानी नृत्य प्रस्तुति सहित विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम की

प्रस्तुति दी गई। विधायक साहू ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संस्कृति कार्यक्रम के लिए उनका अभिवादन किये। उन्होंने कहा वार्षिक उत्सव का आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ कला, संस्कृति से जोड़ना हैं। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होती हैं। विद्यार्थी देश के भावी नागरिक है, विद्यार्थी भारत का भविष्य हैं। हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर योगदान देना चाहिए, क्योंकि बिना शिक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना करना असंभव हैं। आज के समय शिक्षित होना बहुत जरूरी है। यदि तुम्हारे पास ज्ञान ना हो तो मान सम्मान से वंचित रह जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, साइंस मॉडल प्रदर्शन, खेल एवं कबाड़ से जुगाड़, कक्षा में उत्कृष्ट एवं विभिन्न प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वालों बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर मुख्यअतिथि ने सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा, रोशन दत्ता, मोंटी साहू, नीतू कोठारी पार्षद, पार्षद नीतू सिँह राजपूत, रोहित साहू पूर्व एल्डरमैन, ओमकार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, स्कूल के समस्त स्टॉप, स्कूली बच्चें एवं पलकगण उपस्थित थे।

दीक्षा ताम्रकार ने योगासन स्पर्धा में लहराया परचम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्व विद्यालय रायपुर में 2 फरवरी को आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव में विविध स्पर्धाओं के अंतर्गत योगासन प्रतियोगिता में संस्कारधानी की दीक्षा ताम्रकार ने एक बार फिर से अपना परचम लहराते हुए ट्रेडिशनल योगासन स्पर्धा आयु वर्ग 16-22 में स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया है। दीक्षा एक के बाद एक कई योगासन स्पर्धाओं में भाग लेकर अपना परचम लहरा चुकी है। दीक्षा उक्त स्पर्धा में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली और एकमात्र महिला योगासन खिलाड़ी है,

जिसने ऐसी किसी स्पर्धा में भाग लिया और स्वर्ण पदक भी जीता है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता (महिला योगासन स्पर्धा स्मिता, साई सेंटर जबलपुर) में भी राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी है। दीक्षा आगामी 28 से 30 मार्च तक भिलाई में आयोजित होने वाली एकल वर्ग की राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजनांदगांव की एकमात्र खिलाड़ी है। दीक्षा के चयन से उनके कोच, साथी खिलाड़ियों और परिजनों में खुशी का माहौल है। दीक्षा, श्रीमती ममता ताम्रकार और सिलोच ताम्रकार की सुपुत्री हैं। दिव्य ज्योति योग क्लास और दिशा योग राजनांदगांव में योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

एसपी ने स्टार लगाकर सहायक उप निरीक्षक खेदुराम उईके और कमलेश पाल को किया पदोन्नत

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता एवं डीएसपी राजेश कुमार झा व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा बेमेतरा जिलें में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक खेदुराम उईके एवं कमलेश पाल को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त होने पर स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पदोन्नत किया गया तथा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा पदोन्नत हुए उप निरीक्षक खेदुराम उईके एवं कमलेश पाल के पद पर पदोन्नति के साथ साथ उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। डीएसपी राजेश कुमार झा एवं एसडीओपी बेरला तेजराम

पटेल के द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त उप निरीक्षकों को शुभकामनायें देते हुए आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु कहा गया। इस दौरान मुख्य लिपिक हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसआरसी/स्थापनी लिपिक सउनि (अ) दीपक गाजर्लेवार, सउनि एसपी रीडर विष्णु सप्रे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री देवांगन ने जिला कार्यालय के नवनिर्मित सभाकक्ष का किया शुभारंभ

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कलेक्टोरेट कार्यालय में 4 करोड़ से अधिक की लागत से नवनिर्मित सभाकक्ष का पूजा अर्चना व रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। साथ ही परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी व मां भगवती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर नमन किया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने नवनिर्मित सभाकक्ष परिसर का पूर्ण अवलोकन कर सभी सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, वनमंडलाधिकारी श्री अरविंद पीएम, कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं से होता है कैंसर

कवर्धा/नवप्रदेश। तंबाकू शराब के अलावा कई वस्तुएं कैंसर का कारण बनती हैं। जिला अस्पताल में अब तक 25 कैंसर मरीजों ने कीमोथेरिपी की सुविधा ली। जिन्हें 50 से अधिक कीमो थैरेपी दिया गया।

सिविल सर्जन डॉ महेश सूर्यवशी ने बताया कि डां हर्षित टुवानी जिला अस्पताल में कैसर के मरीजों का इलाज कर रही है। वह बताती है कि यहां आने वालें मरीजों में मुख्यतः मुंह , गलें , ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैसर के मरीज है। कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू और शराब का सेवन से माना जाता है पर हममें से कई लोगों को नहीं पता कि दैनिक जीवन में ऐसे

कई चीजों का उपयोग हमारे द्वारा किया जाता है जो शरीर में कैंसर पैदा करने का मुख्य कारण होता है। साथ ही कैंसर को लेकर कई सारी भ्रांतिया है, जिसके कारण लोग अपना पूरा इलाज नही करवातें है। अगर सही समय में कैसर की पहचान कर सही तरीके से इलाज करवाई जाए तो उससे पूर्ण रूप से छुटकारा पाया जा सकता है।

कैंसर के संकेत डां बतातें है कि आंत्र या मूत्राशय की आदतों में परिवर्तन ,घाव जो लम्बें समय के बाद भी ठीक न हो, असमान्य रक्तस्त्राव ,स्तन या अन्य जगह गांठ या सूजन , तेज खांसी या आवाज का बदलना है। पैक्ड फूड एवं मच्छर नाशक दवाईया भी होती है।

हानिकारक-तम्बाकू और शराब के सेवन के साथ ही मोटापा होना, कुछ वायरल संक्रमण जैसे भ्च्ट और ीमचंजपजपे अपतने पेस्टिसाइड, इंसेक्टेसाइड का अधिक उपयोग, मच्छर मारने वाली दवाइयां, रेडिएशन विकरण से संपर्क में आना जिसमें सूर्य के पराबैंगनी विकिरण कैंसर का मुख्य कारण होता है। डॉक्टर ने बताया कि कैसर के लक्षण होने पर अस्पताल जाकर जांच करवाएं, जिला अस्पताल में कीमोंथैरेपी एवं इलाज संभव है। जांच के बाद सर्जरी , दवाईयां से लेंकर कीमोंथैरेपी से इलाज करवा सकतें है। जिला अस्पताल में अभी लगभग 15 दवाइयां से कैंसर का उपचार किया जा रहा हैं। फर्स्ट लाइन दवाइयों से कैंसर का इलाज संभव है।

कोयलांचल मार्ग पर जाम की समस्या, जनता परेशान

कोरबा । मुख्य मार्गों पर जाम लगने की समस्या से छुटकारा मिलता नजर नही आ रहा है। कुसमुंडा में फोरलेन सडक नमूना बनकर रह गई है तो दीपका क्षेत्र में सडक की दुर्दशा और वाहनों के दवाब से अजीब स्थिति बनी हुई है। दीपका बिलासपुर मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग दुश्वारियों से जूझने को मजबूर है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा दीपका माइंस के द्वारा रोड़ सेल में दिए जा रहे कोयले की बड़ी मात्रा ने इस रास्ते पर भारी वाहनों का दवाब बढ़ा दिया है। रोजाना कई हजार वाहनों की आवाजाही कोयला लेकर हो रही है। हाल में ही कुसमुंडा ने 2 लाख टन कोयला का आक्सन किया है। गेवरा और दीपका का अनुपात इससे कहि ज्यादा है। आंकलन है कि फरवरी और मार्च तक सडकों पर दवाब ज्यादा होगा और सडकों पर जाम लगने के मामले भी बढ़ेंगे। वर्तमान में कुसमुंडा से लेकर दीपका और उसके आगे की रोड कनेक्टविटी जाम के कारण बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। लोग बताते है इस इलाके में मुख्य मार्ग पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लगने की समस्या कैंसर जैसी हो गई है।

न्यूज गैलरी

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम अब जाना जाएगा सबके लिए शिक्षा नाम से

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में 15 वर्ष या इससे अधिक आयु समूह के असाक्षरों को ऑनलाइन -ऑफलाइन मोड पर सर्वे एवं सीखने-सिखाने का कार्य किया जाना है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रौढ़ शिक्षा अब (सबके लिए शिक्षा) नाम से संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की समय सीमा 2027 तक निर्धारित की गई है। योजना का उद्देश्य असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, वित्तिय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, चुनावी साक्षरता, कानूनी साक्षरता, आपदा प्रबंधन, व्यावसायिक कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता, बुनियादी शिक्षा, कौशल विकास एवं सतत शिक्षा पर जागरूक करना है। इस हेतु विशेष रणनीति बनाकर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। जिसके तहत शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के सर्वेक्षण के संचालन के लिए विद्यालय इकाई होंगे। टीचिंग लर्निंग और सेल्फ असेसमेंट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में होंगे। महत्वपूर्ण जीवन कौशल के माध्यम से बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान प्रदाय किया जाएगा।

तीन दिवसीय दिव्यांगजन सहायता शिविर में 100 से अधिक नि:शक्त चिन्हांकित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में साउथ ईर्स्टन कोल्डफिल्ड्स लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सी.एस.आर. कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु परीक्षण शिविर का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। यह आयोजन गत दिनांक 01 फरवरी को जनपद लखनपुर, 02 फरवरी को जनपद पंचायत सीतापुर एवं 03 फरवरी 2024 को जनपद पंचायत अम्बिकापुर में एल्मिको जबलपुर एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर में 80 प्रतिशत से अधिक अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को बैटरी मोट्राईज्ड ट्रायसायकल एवं दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को सुगम्य केन प्रदाय किये जाने हेतु हितग्राहियों को चिन्हांकित किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन में लखनपुर में 19 हितग्राही, सीतापुर में 35 एवं अम्बिकापुर में 56 हितग्राही चिन्हांकित किए गये हैं। चिन्हांकित हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय किए जायेंगे। सामर्थ विकास सहायक उपकरण प्रदाय योजनान्तर्गत अस्थिबाधित दिव्यांग रंगसाय बरवा, निवासी ग्राम पंचायत बलसेड़ी को समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डी.के. राय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.एस. सेंगर के हाथों सहायक उपकरण प्रदाय किया गया है। शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एल्मिको जबलपुर म.प्र. के धर्मेन्द्र यादव कनिष्ठ प्रबंधक, गौरव कुमार पुर्नवास विशेषज्ञ, प्रिन्स सिंह डाटा मैन एवं समाज कल्याण विभाग से प्रभावती दास परिवीक्षा अधिकारी, अंजना रोस बेक परिवीक्षा अधिकारी, सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

देश में बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

मुंगेली/नवप्रदेश। देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी के खिलाफ मुंगेली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे के नेतृत्व में युवाओं की आवाज बनकर रोजगार दो न्याय दो कार्यक्रम के तहत मशाल रैली मुंगेली विधानसभा युवा कांग्रेस द्वारा आहूत किया गया है। कार्यक्रम मुंगेली कांग्रेस भवन पड़ाव चैक से प्रारंभ कर पुराना बस स्टैंड जय स्तंभ चैक में समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, सूरज यादव, प्रदेश सचिव असद खोखर, जिला युवा कांग्रेस महासचिव अजय साहू, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष भारत रत्न मंडेला, सूर्यभान अनंत, सोनू मनहर, अतुल यादव, अजय यादव, रवि भास्कर, राकेश नवरंग, रसीद खान, चंद्रभान खांडे, विकास खांडे, मोंटू सहित मुंगेली विधानसभा युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों को एसपी ने दिए चॉकलेट बच्चों ने अतिथियों के लिए गाया गीत

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने कसेरपारा सक्ती के दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों से मिलने पहुंचे। जहां पर बच्चों ने कलेक्टर और एसपी को आने की खुशी में हारमोनियम, तबले बजाकर स्वागत गीत गाया। कलेक्टर ने बच्चों से बात करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे अपने आप को कमजोर न समझें वे अपनी प्रतिभा को हर क्षेत्र में साबित कर सकते हैं। कलेक्टर ने बच्चों के पढ़ाई के लिए विभिन्न जरूरी संसाधने उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने सरकार प्रतिबद्ध

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने किया कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा पथरिया ब्लाक के मदकुदीप में 3 और 4 फरवरी को आयोजित होने वाले कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री श्री वर्मा का स्वागत किया गया। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टास का सिक्का उछालकर खेल प्रारंभ किया। आज के प्रथम मैच महिला वर्ग में ग्राम खैरी विरुद्ध नयापारा के मध्य खेला गया, जिसमें खैरी की टीम ने 20-10 से जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच बेलखुरी विरुद्ध परसदा के मध्य खेला गया, जिसमें बेलखूरी की टीम ने 13-08 से विजय प्राप्त किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकु के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मंत्री श्री वर्मा ने कबड्डी खेल आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक डॉ. प्रमोद साहू, डॉ प्रकाश ठाकुर, जीवन लाल कौशिक, डॉ. सी.पी. ठाकुर, सेवा राम साहू, भगवती मिश्रा सहित निर्णायक दल के सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या कबड्डी खेल प्रेमी मौजूद रहे।

महामंत्री मुकेश ने राजीव युवा मितान क्लब योजना को बंद किये जाने का स्वागत किया

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा महामंत्री मुकेश रोहरा ने राजीव युवा मितान क्लब योजना को बंद किये जाने का स्वागत किया। उन्होने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अनेक योजनाएं फिजूल और भ्रष्टाचार की प्रतीक बन चुकींहै। उनकी समीक्षा करने के बाद उनकी अनुपयोगिता को देखते हुए बंद करने की मांग की है। कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके मंत्रियों ने अनेक योजनाओं को अपनी और कांग्रेस पार्टी की काली कमाई का जरिया बना रखा था। भाजपा शुरू से ही यह कहती आ रही है कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस का एटीएम बना रखा था इसलिए अब घपले-घोटालों की सहायक बनी ऐसी योजनाओं से प्रदेश को मुक्त किया जाए। भाजपा के महामंत्री श्री रोहरा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में चारो ओर भ्रष्टाचार और घोटालों की ही गूंज रही है। सरकार की तमाम योजनाएं इस काली कमाई की सहायक सिद्ध हुई थीं गौठान से लेकर गोबर तक, कोयला से लेकर शराब तक, प्रधानमंत्री अन्न से लोकर पीडीएस में चावल घोटाले तक और पीएससी परीक्षा से लेकर तबादलों और पदस्थापनाओं तक कांग्रेस की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने सरकारी खजाने में खुली लूट मचा रखी थी।

उप मुख्यमंत्री साव ने की पीडब्लूडी, पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा

जांजगीर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में अपने प्रभार वाले लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। तीनों विभागों के अधिकारियों को विभागीय कामकाज के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने कार्यों को समय सीमा के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश। साथ ही उन्होंने पीएम आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक शत प्रतिशत पहुंचाने कहा। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर सभी कार्य पूर्ण करने कहा। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सांसद गुहाराम अजगले, विधायक व्यास कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, गुलाब सिंह चंदेल, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अमर सुलतानिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि निर्माण कार्यों की श्रेष्ठ गुणवत्ता प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कार्यों के अनिवार्यतः समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा में काम पूर्ण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। तीनों विभागों के अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए कार्यप्रणाली में सुधार लाने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति जो हमें जिम्मेदारी दी गई है उसके मुताबिक अच्छा काम करना है। उन्होंने सड़कों की मरम्मत का काम पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पी एम आवास, पीएम विश्वकर्मा, योजना का काम पहली प्राथमिकता के साथ करने कहा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजना का प्रचार प्रसार करते हुए क्रियान्वयन किया जाए। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शहरी क्षेत्र के नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रमुखता के साथ प्रदान की जाए।

शाम ढलते ही ऑफिस परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। नगर के एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में शाम ढलते ही शराबियों की महफ़िल जम जाती है। दफ्तर प्रांगण मयखाने में तब्दील हो जाता है। देर शाम तक नगर के कुछ बे-गैरत बैठ कर शराब पीते हैं और खाली बोतल चखना के कुडा करकट गंदगी परिसर में छोड़ जाते हैं। सर्व विदित है कि परियोजना कार्यालय महिला बच्चों से मुतालिक है। जहां ब्लाक क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आते जाते रहते हैं। इन बेअदब शराबियों को नारी जाति के सम्मान का जरा भी लेहाज़ नहीं है।

इस तरह के हरकत से परेशान परियोजना कार्यालय के महिला सेक्टर सुपरवाइजर कार्यकर्ता अन्य कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए इन असमाजिक तत्वों आवारागर्दो पर कानूनी दंडात्मक कार्यवाही किये जाने की बात कहते हुये प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है। दरअसल परियोजना कार्यालय किनारे कोने में होने कारण असमाजिक तत्वों के मौज मस्ती करने का अच्छा ठिकाना बना हुआ है। परियोजना कार्यालय परिसर में बैठ कर शराब पीने वाले आवारा तत्वों पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु उपपुलिस अधिक्षक शुभम् तिवारी ने कहा - यदि इस तरह की शिकायत रहे तो महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मचारी सीधे तौर पर मुझसे शिकायत करें। इन बेशर्म आवारागर्दो पर कोई रियायत नहीं बरती जायेगी। पकड़े जाने पर शराबियों के उपर सख्त कार्यवाही होगी । साथ ही गस्ती दस्ता के द्वारा परियोजना कार्यालय का निगरानी नित्य प्रतिदिन कराने की बात कही गई है।

उपमुख्यमंत्री साव का फूलमालाओं और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत

जांजगीर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद अरुण साव का पहली बार जांजगीर आगमन हुआ। इस दौरान नेताजी चौक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोगों में उनके स्वागत के लिए गजब का उत्साह था। उपमुख्यमंत्री साव जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और उन्हें लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार रहने दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नेता जी चौक जांजगीर में जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया के नेतृत्व में फूलमालाओं और अतिशबाजी के साथ उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान अमर सुल्तानिया ने कहा कि माननीय अरूण साव प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने नेतृत्व का लोहा मनवा चुके हैं अब एक नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ हम सबके बीच मौजूद हैं। श्री साव के उपमख्यमंत्री बनने से प्रदेश को नई उर्जा नई गति मिलेगी।

विधायक अग्रवाल ने मंडल उदयपुर में गांव चलो घर चलो अभियान का किया शुभारंभ

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 3 फरवरी दिन शनिवार को उदयपुर मण्डल क्षेत्र के सुप्रसिद्ध दर्शनीय स्थल रामगढ़ सीता बेंगरा मे भाजपा का गांव चलो घर घर चलो अभियान सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अथिति उदयपुर मण्डल प्रभारी एवं जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता , सह प्रभारी रुपेश दुबे रहे। विधायक अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए विधानसभा जीत को आमजनता कार्यकर्ताओ की जीत कहा।श्रय दिया।इस मौके पर भाजपा मंडल उदयपुर के जमीनी कार्यकर्ताओ के परेशानियों को सुना। मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह ने सभी कार्यकर्ताओ को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि-- विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव में जीत के क्रम को बनाये रखना है।

अभिमन्यु गुप्ता ने कहा भाजपा के सभी कार्यकर्ताओ को अभी से चुनाव तैयारी में लग जाना है। घर घर जाकर माननीय प्रधानमंत्री मोदी के कल्याणकारी योजनाओ का पैगाम आम लोगों तक पहुंचना है। सभा में गांव चलो घर चलो अभियान तथा चुनावी रणनीति की जानकारी सभी कार्यकर्ताओ को दिया गया। पधाधिकारी एव कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे । सभा को कल्पना भदौरिया, पन्ना लाल, राधे श्याम ठाकुर,संतोष जायसवाल, रुपेश दुबे , सहित अन्य लोगों ने भ सम्बोधित किया। सभी कार्यकर्ताओ ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन चंद्रबसू यादव तथा भाजपा युवानेता सौरभ अग्रवाल ने किया । मंच संचालन प्रबोध सिंह द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर प्रमिला पोर्ते, दीपक सिंघल, अखंड विधायक सिंह,,बृजेश चतुर्वेदी, बुधमोहन सिंह, राजू तिवारी, राजेंद्र सिंह, मूलचंद अग्रवाल, डालेश्वर यादव, कन्हाई राम बंजारा, पुकारी यादव, विजय अग्रवाल, तपस्या बाई,बुध मोहन सिंह, नरेन्द्र सिंह, बनारसी दास,सुभम सिंह, श्यामलाल यादव सहित सभी बूथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

तैयारी — न्याय यात्रा को समर्थन देकर सफल एवं यादगार बनाएं- भुपेश बघेल

11 को राहुल गांधी की न्याय यात्रा, शहर में तैयारी

सक्ती/नवप्रदेश। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी 11 फ़रवरी को सक्ती जिला में प्रवेश करेगी प्रदेश कॉग्रेस के प्रभारी महासचिव पायलट रूट का जायजा लेने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रतिपक्ष नेता डॉ चरण दास महन्त प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ सायंकाल 7 बजे सकती पहुंचे जहां जांजगीर चाम्पा सकती जिले के कॉग्रेस पदाधिकारी विधायक गण ने जोर दार स्वागत किया इस अवसर पर महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दबे कुचले लोगों की आवाज बुलंद कर रहे है देश मे किसान युवा महिलाएं परेशान हैं देश मे भ्रष्टाचार महगाई चरम पर है हम सब अधिक से अधिक संख्या में राहुल गांधी जी के न्याय यात्रा को समर्थन देकर सफल एवँ यादगार बनाये पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कहा कि आज प्रदेश का किसान परेशान है युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं डॉ चरण दास महन्त ने कहा कि देश मे धर्म एवँ जाती के नाम पर लड़ाया जा रहा है हम सब बाबा गुरु घासीदास के मनखे मनखे एक समान को मानने वाले लोग है प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सकती जिला से जब राहुल गांधी जी का भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा प्रवेश करेगी तो हम सब सब छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कॉग्रेस जन आयेंगे सबसे बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होंगे यात्रा के प्रभारी पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी जी का रायगढ़ से सरगुजा तक हम यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दे जिला कॉग्रेस कार्यालय में प्रभारी सचिव चन्दन यादव शैलेश नितिन त्रिवेदी सुबोध हरितवाल दिनेश शर्मा शिशिर द्विवेदी राजेश अग्रवाल रीना गेवाडीन विधायकगण रामकुमार यादव शेष राज हरवंश बालेश्वर साहू व्यास कश्यप राघवेंद्र सिंह पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा गुलाब कमरों प्यारे लाल कंवर यू डी मिंज शैलेंश पांडेय नोवेल वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष यनिता चन्द्रा रश्मि गवेल नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति सुषमा जायसवाल जिला महिला कॉग्रेस अध्यक्ष गीता देवांगन जिला किसान कॉग्रेस साधेश्वर गवेल विजय सूर्यवंशी दिलेश्वर राठौर जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल प्रदेश प्रतिनिधि गुलजार सिंह सुरेश अग्रवाल उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल आनंद अग्रवाल नरेश गेवाडीन गिरधर जायसवाल ब्लाक सरवन सिदार अध्यक्ष कन्हैया कवर शहर अध्यक्ष दिगम्बर चौबे जिला महामंत्री अमित राठौर नन्द कुमार चन्द्रा कुशल कश्यप कुसुमलता अजगले परस यादव रविन्द्र शर्मा राजीव जायसवाल मनोज जायसवाल पियूष राय अमीर अग्रवाल उगेन्द अग्रवाल रथराम पटेल गुरुदेव चौधरी अशोक यादव सुरेश देवांगन अनिल राठौर लव सोनी रिक्की सेवक राहुल अग्रवाल मनिष कथूरिया कौशल्या कमलेश विजया जायसवाल चान्दनी सहिस रीना गेवाडीन कुसुम यादव राइस किंग खूंटे रमेश पैगवार जगेश्वर सिंह राज राकेश रोशन महन्त संतोष सोनी रामसनजीवन देवांगन रोहित गहरवाल रोहित यादवः रामेश्वर बरेठ सहस राम कर्ष विजया मनका जायसवाल हेमू सोनी रामु जायसवाल राजेश जायसवाल रन साय बरेट सरपंच गण जनपद सदस्य कॉग्रेस पदाधिकारी ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

महतारी वंदन योजना: आज से 20 फरवरी तक करें आवेदन

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी सीईओ, सीएमओ, सीडीपीओ, सुपरवाइजर सहित संबंधित अधिकारियो की बैठक ली गई। कलेक्टर ने बैठक में बताया की महातारी वंदन योजना 01 मार्च 2024 से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की जाएगी। उन्होंने महातारी वंदन योजना को लागू करने के लिए आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को दिए है। बैठक में कलेक्टर ने बताया की आवेदन करने की तिथि 05 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए आमजन अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ग्राम पंचायत सचिव से सम्पर्क कर सकते है। जिसके लिए कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए है।

महातारी वंदन योजना के तहत पात्रता अंतर्गत शर्तो में विवाहित महिला छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी हो, आवेदन के कलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष 01 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम न हो, इस योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत अपात्रता के लिए निम्न शर्ते होंगी। अपात्रता अंतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग/उपक्रम/मण्डल/स्थानीय निकाये में स्थायी/अस्थायी/संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड निगम, मण्डल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एव उपाध्यक्ष हो।

पुलिस मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली की अस्पताल में मौत

जान बचाने के लिए पुलिस के जवान ने दिया था खून

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई. सुकमा जिले के सिलगेर की रहने वाली महिला नक्सली पार्वती को 25 जनवरी को सिकासेर में फोर्स से मुठभेड़ के दौरान सिर पर गोली लगी थी. हमले में गंभीर रूप से घायल महिला नक्सली की जान बचाने के लिए पुलिस के जवान ने रक्तदान किया था.

जानकारी के मुताबिक, बीजापुर में सक्रिय नक्सलियों की एक टोली गरियाबंद में कमजोर पड़ी नक्सल गतिविधियों को विस्तार करने में जुटी हुई थी. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को मैनपुर थाना क्षेत्र के सिकासार इलाका में सर्चिंग के लिए भेजा गया था. बुधवार देर रात से शुरू हुए अभियान के दौरान जिला पुलिस बल के ई सुपर 30 टीम के साथ गई सीआरपीएफ की टुकड़ी की गुरुवार की शाम छिंदौला के जंगल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई.

एडिशनल एसपी डीसी पटेल ने बताया कि उस वक्त 25 से 30 की संख्या में नक्सली सामने रहे होंगे. गोली दोनों तरफ से चल रही थी. तीन-चार राउंड की फायरिंग के बाद नक्सली भाग खड़े हुए. सर्चिंग के दौरान 25 से 30 साल के बीच की महिला पार्वती घायल अवस्था में मिली. बीजापुर की सिलगेर की रहने वाली महिला नक्सली का तत्काल उपचार करने केबाद 108 के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया.

प्रधान आरक्षक ने दिया खून

गुरुवार को गणतंत्र दिवस की तैयारी चल रही थी. महिला नक्सली के गर्दन में गोली लगने के कारण खून काफी बह गया था. एडिशन एसपी पटेल ने बताया कि डॉक्टरों ने ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता बताई. ऑक्सीजन लेबल भी लगातार कम हो रहा था. ऐसे में एसपी के निर्देश के बाद तत्काल डोनर की व्यवस्था की गई. कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप सिन्हा द्वारा घायल महिला नक्सली को खून दिया गया.

मेकाहारा में किया गया था शिफ्ट

हालत स्थिर होने के बाद महिला नक्सली को रायपुर मेकाहारा में उपचार हेतु शिफ्ट किया गया था. यहां उपचार के दौरान महिला नक्सली ने दम तोड़ दिया.

मृत महिला नक्सली का शव लेने परिजन रायपुर पहुंचे हैं. अंतिम संस्कार के लिए शव को गृहग्राम भेजने की तैयारी हो रही है।

न्यूज गैलरी

पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान किया जाएगा

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री के एल चौहान के निर्देश पर स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग ने अमल करना शुरू किया, जिसके परिणाम के रूप में अब सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में जिला मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगढ़ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा मिलेगा। इसके साथ ही साथ इस कार्य के लिए रायगढ़ जाने की जरूरत नहीं होगा। इस आशय के आदेश सिविल सर्जन रायगढ़ ने जारी किया है।

काम दिलाने के बहाने युवती से दुष्कर्म 4 माह की गर्भवती हुई पीड़िता

गरियाबंद/नवप्रदेश। काम की तलाश में देवभोग पहुंची अनाथ युवती से अनाचार करने का मामला सामने आया है. पीड़िता 4 माह की गर्भवती भी है. थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया की रायपुर सिविल लाइन थाने में मामले की जीरो में कायमी की गई थी.वहीं रविवार को देवभोग थाने में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 366,376 के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है. दरअसल राजधानी में एक अनाथलय में 18 साल तक रहने के बाद भाठागांव बस स्टेंड के रेस्टोरेंट में युवती काम कर रही थी. इसी बीच जीवन बस सर्विस में कंडक्टर का काम करने वाले नंदू तिवारी उम्र 22 वर्ष से जान पहचान हुई. नंदू युवती को दूसरा काम दिलाने बस से देवभोग ले आया. युवती देवभोग के एक रेस्टोरेंट में काम भी कर रही थी. इसी दरम्यान आरोपी नंदू ने युवती को शादी का प्रलोभन दिया. फिर अक्टूबर 14,15 की दरम्यानी रात देवभोग बस स्टेंड से लगे एक सुने मकान में ले जाकर दुष्कर्म किया.

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को दिए तनाव से बचने के टिप्स

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर एवं भैरमगढ़ के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली आगामी माह होने वाले बोर्ड परीक्षा को देखते हुए 10 एवं 12वीं के विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन किया और परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने के टिप्स बच्चों को दिए । बोर्ड परीक्षा के आलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैरियर मार्गदर्शन, सामान्य ज्ञान की तैयारी समाचार पत्रों का नियमित पठन करने तथा देश विदेश में होने वाली घटनाओं की जानकारी रखने के सुझाव दिए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों की साफ-सफाई मच्छरदानी का उपयोग, स्वास्थ्य जांच इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बालक आश्रम दुसावढ़, एवं धर्मा के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री पाण्डेय को मनमोहक पारंपरिक गीत सुनाया। बच्चों के गीत सुनकर कलेक्टर पाण्डेय ने प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मशराम उपस्थित थे।

तीन चरणों में आयोजित होगा जनसमस्या निवारण शिविर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार माह फरवरी 2024 में राजस्व निरीक्षक मंडल, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर जनसमस्या शिविर का आयोजन किया जावेगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है कि अपने अनुभाग के अंतर्गत राजस्व मंडल में 03 फरवरी 2024 को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें।

40 साल से आंदोलन, 115 घंटे से आमरण अनशन पर 5 नौजवान

फिर भी किसानों के हक पर अजगर की तरह कुंडली मारकर बैठा है एनटीपीसी

कोरबा/ नवप्रदेश। जमीनें देकर देश की ऊर्जा बढ़ाने में योगदान देकर भी एनटीपीसी कोरबा के भूविस्थापित पिछले 40 साल से अपने अधिकारों से वंचित हैं। उनका आंदोलन आज भी जारी है और अब पांच नौजवान कलेक्ट्रेट के दरवाजे से 100 मीटर दूर 115 घंटों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। पर इनके हक पर अजगर की तरह कुंडली डाले बैठे एनटीपीसी प्रबंधन ने किसी प्रकार की पहल तो भूखे-प्यासे सड़क पर बैठे आंदोलनकारियों का हाल तक जानना मुनासिक नहीं समझा। एनटीपीसी प्रबंधन की हठधर्मिता को बल प्रदान करता प्रशासन का मौन यह साबित करता है कि इस देश के किसान कितने लाचार हैं।

एनटीपीसी कोरबा के लिए अपनी जमीनें देकर मुआवजा और नौकरी का हक मांग रहे चारपारा के भूविस्थापित तानसेन चौक पर 30 जनवरी की दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हैं। भू विस्थापित अपनी जमीन के बदले नौकरी व शेष मुआवजा के लिए 9 माह से आंदोलनरत हैं। अनशन कर रहे भूविस्थापितों ने प्रेसवार्ता लेकर बताया कि वे एनटीपीसी कोरबा और जिला प्रशासन के झूठा व भ्रामक आश्वासन के खिलाफ लड़ रहे हैं। कलेक्टर ने नौकरी-मुआवजा के लिए लिखित में पत्र जारी नहीं किया, जिससे नाराज होकर एनटीपीसी के भू स्थापित आमरण अनशन बैठने मजबूर हुए। उन्होंने समस्याओं का निराकरण नहीं मिलने पर उन्होंने आमरण अनशन के रूप में आर-पार की लड़ाई शुरू की है। जिले के पूर्व कलेक्टर ने कहा था कि पात्रता रखते हैं तो नौकरी भी प्रदान की जाएगा। उन्होंने कहा था कि जमीन की जांच की जाएगी, यह थोड़ा जटिल मामला है। पूर्व कलेक्टर ने यह भी कहा था कि अगर आपकी जमीन बची है, तो बिल्डिंग तोड़कर मुआवजा दिलाएंगे। पर वर्तमान दशा से स्पष्ट होता है कि उनकी कही गई बातें स्वयं प्रशासन के लिए महत्वहीन हैं। पदभार बदलता है और नए अधिकारी आते हैं तो नए सिरे से शुरुआत हो जाती है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर की अगुआई में एक कमेटी बनाई गई है, जो गुमराह करने का प्रोपोगंडा प्रतीत हो रहा है।

1000 एकड़ अधिग्रहण, 650 एकड़ भूमि का मुआवजा दिया, शेष लंबित वर्ष 1978-79 में ग्राम चारपारा की भूमि एनटीपीसी कोरबा द्वारा भू-अर्जन बिलासपुर के माध्यम से अधिग्रहण की गई थी। वर्ष 1980 से 1986 तक की शेष मुआवजा एनटीपीसी कोरबा, भू अर्जन अधिकारी बिलासपुर व भू अर्जन अधिकारी कोरबा द्वारा ग्राम चारपारा के कुछ किसानों को शेष मुआवजा नहीं दिया गया है। ग्राम चारपारा की लगभग 1000 एकड़ भूमि को एनटीपीसी कोरबा ने अधिग्रहण किया है। 650 एकड़ भूमि का मुआवजा दिया गया है पर शेष भूमि का मुआवजा बाकी है। 4 सितंबर 1979 को जारी आम सूचना के अनुसार बताया गया था कि प्रत्येक परिवार को क्रमिक रूप से रोजगार प्रदान किया जाएगा।

जब सीपत में दे दी नौकरी, तो यहां क्यों रोक रहे अफसर

22 जनवरी 1981 में बिलासपुर कलेक्टर द्वारा अविलंब नौकरी देने किए गए एग्रीमेंट और एनटीपीसी प्रबंधन के वर्ष 1987 में जारी आम सूचना अनुसार सीपत बिलासपुर के 33 भूविस्थापितों को ट्रेनिंग प्रदानकर भर्ती की गई। इसी तर्ज पर एनटीपीसी कोरबा के लिए राज्यपाल द्वारा आदेश किया गया।

दो अलग-अलग सड़क हादसे में तीन की मौत, एक की बाल-बाल बची जान

तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की ट्रेलर से हुई थी दर्दनाक भिड़ंत

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। जिले में गाड़ियों का रफ्तार बेकाबू होते जा रही है. बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं एक की बाल-बाल जान बची. पहली घटना पेण्ड्रा के पास भाड़ी के पास हुई, रानीअटारी से कोयला लेकर रायपुर की ओर जा रही एक ट्रेलर से विपरीत दिशा की ओर से आ रही तेज मोटरसाइकिल भाडी गांव के चौराहे पर जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई. इनमें से एक की पहचान हर्राडीह गांव के रहने वाले मिलन सिंह आर्मो के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान की जा रही है.

सूचना पर मौके पर पहुंची पेंड्रा थाना और यातायात पुलिस ने हादसे के बाद लगे वहां की कतार को क्लियर कराया और हादसे की जांच में जुट गई है.

दूसरी घटना गौरेला थाना क्षेत्र के ज्योतिपुर टिकर कला बाईपास में हुई. जहां देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को अपने चपेट में ले लिया. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी गौरेला के घाटापारा का रहने

वाला राजेंद्र आर्मो की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसका साथी अनिल पोर्ते हादसे में बाल बाल बच गया. दोनों युवक टिकरकला बाईपास से होते हुए अपने घर घाटपारा की ओर जा रहे थे।

लोकसभा निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में भागीदारी

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। बिलाईगढ़-उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा चुनाव के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री भारद्वाज ने कहा कि मतदान के शुरू से मतगणना तक कोई भी कार्य निर्वाचन नियमावली के तहत करना है। बैठक में मास्टर ट्रेनर श्री चूडामणि गोस्वामी और श्री एस आर अजय ने निर्वाचन की प्रारंभिक प्रक्रिया, निर्वाचन के पूर्व दिवस की तैयारी, प्रशिक्षण प्राप्त करना, सामग्री प्राप्त करना, सामग्री का मिलान करना, ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं व्हीव्हीपैट की सरल क्रमांक, सही स्थिति, निर्धारित मतदान केन्द्र का ही है, का मिलान करना। समस्त प्रपत्र की पूर्व तैयारी, आवश्यकतानुसार प्रारंभिक प्रविष्टि के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार मास्टर ट्रेनर श्री

अजय ने बताया कि मतदान के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल (छद्म मतदान), ईव्हीएम मशीन की गुणवत्ता की परीक्षण करना, सभी खुले बटन को एकबार निश्चित रूप से परीक्षण करना ही है और कम से कम 50 वोट निश्चित रूप से दबना चाहिए। घोषणा के साथ वास्तविक मतदान के लिए मशीन की सीलिंग करेगा। वास्तविक मतदान के लिए मशीन प्रातः 7 बजे पूर्व तैयार कर मतदान दल के सभी सदस्य निर्धारित स्थल में बैठकर अपना दायित्व सम्भालते हुए कार्य संपादित करेंगे।

महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 तक

पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान किया जाएगा

बिलाईगढ़ /नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी 2024 को ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अन्तिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

धान उपार्जन केन्द्र चेरपल्ली के आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

- केन्द्र में हो रही खरीदी एवं किसानों से आवश्यक चर्चा कर सुविधाओं के बारे में ली जानकारी

बीजापुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का आज अंतिम दिन है। 01 नवंबर से 31 जनवरी तक खरीदी की तिथि निर्धारित थी। किसानों के हित मे निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तिथि में बढ़ोतरी करते हुए 04 फरवरी तक निर्धारित किया है आज अंतिम दिवस में शेष बचे किसानों ने अपना धान सरलतापूर्वक बेचा कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने चेरपल्ली धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर धान खरीदी एवं केन्द्र में अन्य सुविधाओं की जानकारी ली इस दौरान धान बेचने आए किसानों से आवश्यक चर्चा भी किए किसानों ने तिथि बढ़ाने के फैसले को किसानों के हित मे बताया और कहा तिथि बढ़ने के कारण हम अपना बचे हुए धान सरलतापूर्वक बेच सके है?।

विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने विवाहित 120 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के विकासनगर स्टेडियम में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 120 जोड़ो का विवाह विधायक लता उसेंडी की उपस्थिति में संपन्न किया गया। इस अवसर पर कोण्डागांव परियोजना से 30, मर्दापाल से 30, बयानार से 30 तथा माकड़ी से 30 जोड़ो ने विवाह किया। इस अवसर पर 120 दूल्हों की बारात गाजे बाजे के साथ विकासनगर स्टेडियम पहुंची। बारात में परिजनों के साथ विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी बाराती बन कर नाचते दिखाई दिए। जिनका परिजनों के द्वारा पूरी रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री पद्धति से प्रसिद्ध पंडित महाप्राण द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी भी कार्यक्रम में शामिल हुई। जहां उन्होंने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले लोगों को विवाह के लिए बहुत अधिक खर्च करना पड़ता था।

जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने भाजपा चला रही गांव चलो अभियान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय दन्तेवाड़ा में प्रदेश संगठन के निर्देश पर गाँव चलो अभियान हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें भाजपा जिला संगठन प्रभारी एवं लोकसभा चुनाव के संयोजक श्रीनिवासन राव मद्दी,विधायक चैतराम अटामी,इस कार्यक्रम के संयोजक कमला विनय नाग ने कार्यक्रम की जानकारी व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए चर्चा किया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री पिंटू उइके ने किया 7 इस दौरान विजय प्रसाद तिवारी,रामबाबू गौतम,श्री कुमार भदौरिया,प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी,मीरा तिवारी,पिंटू उइके,दुर्गा सिंह चौहान, राजा गुप्ता,धीरेन्द्र प्रताप, मुकेश शर्मा,राकेश कुशवाहा,सुनीता भास्कर, पायल गुप्ता,अर्जुन भास्कर, पुतान सिंह,जे डी माकन,मनीष सुराना,रामु नेताम,संगीता नेताम, अंतिवेक, सतीश प्रेमचंदानी,सत्यनारायण महापात्र, उषा किरण पात्रे, कुलदीप ठाकुर,राजन महेश्वरी,अनिल जार्ज,सुमित सिंह,आशीष चौहान, चंद्रपाल भदौरिया,ममता गुप्ता,कुणाल ठाकुर,खिरेन्द्र ठाकुर,नजमुल हक़,राजेश कश्यप,जे डी नागेश,सोमडू कोर्राम,सुमित सरकार,भवनेस्वर भारद्वाज,रुपन मण्डल,जी डी बैरागी,अमलेंदु चक्रवर्ती,उरदो ठाकुर,राघवेंद्र गौतम,शैलेश अटामी,दीनानाथ,दंतेश्वरी सोरी,कमला बैरागी,जय भंसाली,कैलाश गुप्ता,विक्रम अग्रवाल,दीपक सरकार,अभिनव तिवारी,शम्भू यादव,रति राम,सुखदेव पोयाम,हेमंत कश्यप,नन्दलाल नाग,मनीराम भोगामी,हेम कुमार पाण्डे,विष्णु कश्यप,घनश्याम बघेल,पतिराम हिकमी,राजेश नाग समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते दो गिरफ्तार, गए जेल

नशे के विरुद्ध गरियाबंद पुलिस का नया सवेरा अभियान

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। मुखवीर की सूचना पर ग्राम कुण्डेल के गोपी राम सिन्हा अपने घर में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा था। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर कार्यवाही कर एक व्यक्ति को घेराबंदी गिरफ्तार कर लिया जो अपना नाम गोपी राम सिन्हा पिता स्व. चैनलाल सिन्हा उम्र 32 वर्ष साकिन कुण्डेल जिला गरियाबंद (छ0ग0) का होना बताया। उसके पास से एक पिला रंग के 05 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन जिसमें 05 लीटर कच्ची महुआ शराब व एफ लीटर क्षमता वाली किन्ले पानी बाटल में 01 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल जुमला किमती 1200 रू. मिलने पर आरोपी के कब्जे से समक्ष गवाहन के जप्त कर आरोपी द्वारा उक्त जप्त अवैध शराब के संबंध में कोई कागजात नही होना लिखित में देने पर जप्त शराब को मौके पर कब्जा पुलिस लेकर शीलबंद किया गया है। मौके पर सम्पूर्ण कार्यवाही कर देहाती नालसी क्रमांक 0/2024 धारा 342) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी गिस्तार कर सूचना परिजनों को दी गई है। वही ग्राम कुण्डेल से ही भुनेश्वर सिन्हा अपने घर में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मुखवीर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही करने पर एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडे जो अपना नाम भुनेश्वर सिन्हा पिता स्व. थाना राम सिन्हा उम्र 32 वर्ष साकिन कुण्डेल जिला गरियाबंद (छ0ग0) का होना

बताया। जिसके पास से एक पिला रंग के 05 लीटर क्षमता बाली प्लास्टिक जरकीन जिसमें 05 लीटर कच्ची महुआ शराब व एक लीटर क्षमता वाली किन्ले पानी बाटल में 01 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल जुमला किमती 1200 रू. मिलने पर आरोपी के कब्जे से समक्ष गवाहन के जप्त कर आरोपी द्वारा उक्त जप्त अवैध शराब के संबंध में कोई कागजात नही होना लिखित में देने पर जप्त शराब को मौके पर कब्जा पुलिस लेकर शीलबंद किया गया है।

मबावि के सहयोग से कुपोषणग्रस्त बच्चों की हो रही चिकित्सीय देखभाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सुकमा एवं महिला बाल विकास के सहयोग से मुख्यमंत्री - पोषण पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष की आयु के गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) से पीड़ित बच्चों को निर्धारित प्रवेश मानदंडों के आधार पर प्रवेश एवं पोषण संबंधी चिकित्सीय देखभाल प्रदान किया जाता है। इसके अलावा बच्चों को समय पर पर्याप्त और उचित आहार देनें पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

जनवरी 2024 में,जिला बाल संरक्षण इकाई -सुकमा के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुपोषण संबंधी जागरुकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से माताओं को आहार संबंधी जानकारी, टीकाकरण प्रशिक्षण एवं संस्थागत प्रसव के बारे में जागरूकता प्रदान किया गया।

AM/NS इंडिया,सुकमा एवं महिला बाल विकास द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लगभग 3200 बच्चें लाभान्वित हो चुकें हैं।

विशाखापट्टनम टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को दिया 399 रन का लक्ष्य

विशाखापट्टनम। भारत ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 399 रन का टारगेट दिया है। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 31 रन बना लिए हैं। इंग्लिश टीम 368 रन से पीछे है। जैक क्रॉले और बेन डकेट क्रीज पर हैं। फिलहाल, तीसरे दिन के आखिरी सेशन का खेल जारी है।यहां विशाखापट्टनम में तीसरे दिन भारत ने दूसरी पारी में 28/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 255 रन बनाए। शुभमन गिल ने 104 और अक्षर पटेल ने 45 रन की पारी खेली। इंग्लैंड से टॉम हार्टले ने 4 और रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए।भारत को पहली पारी के बाद 143 रन की बढ़त मिली थी। डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए। रेहान अहमद ने रविचंद्रन अश्विन को विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच करा दिया है, इसी के साथ भारत की दूसरी पारी 255 रन पर समाप्त हो गई है। इस तरह भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए आखिरी पारी में 299 रन का टारगेट दिया है। अश्विन 29 रन बनाकर आउट हुए। मुकेश जीरो पर नाबाद लौटे। टॉम हार्टले ने सबसे ज्यादा 4 और रेहान अहमद ने 3 विकेट झटके।

78वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत का नौवां विकेट गिरा। टॉम हार्टले ने जसप्रीत बुमराह को जॉनी बेयरस्टो के हाथों स्लिप पर कैच कराया। बुमराह खाता भी नहीं खोल सके। उन्होंने 26 बॉल खेलीं। बुमराह से पहले कुलदीप भी जीरो पर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन ने 77वें ओवर में रेहान अहमद की बॉल पर छक्का जमाकर दूसरी पारी में भारत का स्कोर 250 रन पार पहुंचाया।तीसरे सेशन में टीम इंडिया ने बेहद धीमी शुरुआत की। टीम ने शुरुआती 2 ओवर में ही 2 विकेट गंवा दिए। केएस भरत 6 रन और कुलदीप यादव खाता खोले बगैर आउट हो गए। टीम ने 8 ओवर के बाद बाउंड्री लगाई। रविचंद्रन अश्विन ने रेहान अहमद के ओवर में चौका लगाया। भारत ने तीसरे सेशन के 2 ओवरों में 2 विकेट गंवा दिए। केएस भरत 65वें और कुलदीप यादव 66वें ओवर में आउट हो गए। टॉम हार्टले ने कुलदीप को बेन डकेट के हाथों कैच कराया। कुलदीप 5 गेंदें खेलने के बावजूद खाता नहीं खोल सके। टीम इंडिया ने तीसरे सेशन के पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। केएस भरत 6 रन बनाकर रेहान अहमद का शिकार हुए। वह शॉर्ट पिच बॉल पर बड़ा शॉट खेलने गए लेकिन मिड-ऑन पर कैच हो गए। टीम इंडिया ने तीसरा सेशन 227/6 के स्कोर से शुरू किया था। लेकिन पहला ओवर खत्म होते ही टीम का स्कोर 228/7 हो गया।

पीकेएल 10 : सुमित के हाई 5 से यूपी योद्धाओं की यू मुंबा पर 38-23 से महत्वपूर्ण जीत

नई दिल्ली। यहां के त्यागराज इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मैच में यूपी योद्धाओं ने सुमित के कुछ अच्छे बचाव को रेडर गगना गौड़ा और महिपाल की मदद से यू मुंबा पर 38-23 से प्रभावशाली और महत्वपूर्ण जीत हासिल की।पूरे मैच के दौरान यू मुंबा के कई बदलावों से टीम को ज्यादा फायदा नहीं हुआ, शिवम के ऑफ द बेंच से पांच अंक लेने के बावजूद, लेकिन यूपी योद्धाओं को प्लेऑफ की दौड़ में अहम लाइफलाइन मिली।

मैच दोनों तरफ झुक गया, क्योंकि शुरुआत में रक्षकों का दबदबा कायम रहा। यूपी योद्धा और यू मुंबा के रेडर मैच की शुरुआत में अपने-अपने करो या मरो रेड में असफल रहे, यहां तक कि यू मुंबा ने सुपर टैकल हासिल करने के लिए स्टार रेडर परदीप नरवाल को भी मैट से बाहर भेज दिया। पहले हाफ यूपी योद्धा अपने रक्षात्मक और आक्रामक आक्रमणों का अधिकतम लाभ उठाते हुए अंक अर्जित करने की होड़ में लग गए। एक और डू-ऑर-डाई रेड और फिर ऑल-आउट उनके पक्ष में गया, जिसका नेतृत्व महिपाल और गगना गौड़ा ने चार-चार अंकों के साथ किया।

यूपी योद्धाओं के डिफेंडरों में स्टार लेफ्ट कॉर्नर सुमित थे, जिन्होंने भी चार अंक बनाए और उनकी टीम ने दूसरे हाफ में 18-11 की बढ़त बना ली।यू मुंबा ने दूसरे हाफ की शुरुआत में अपनी गलतियों की भरपाई करते हुए कुछ असाधारण बचाव किया और दूसरा सुपर टैकल अपने नाम कर लिया। हरफनमौला खिलाड़ी अमीरमोहम्मद जफरदानेश और संथापन सेल्वम ने अपनी टीम को खेल में वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।यूपी योद्धाओं ने रणनीतिक समय समाप्ति के बाद यू मुंबा के खिलाफ एक और ऑल-आउट के साथ शुरुआत की, जिसके बाद सुमित ने रेडर शिवम को आउट करके अपना हाई 5 पूरा किया। तब तक मैच यू मुंबा के हाथ से निकल चुका था, क्योंकि परदीप नरवाल की अगुवाई वाली टीम ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी हार का सिलसिला खत्म कर दिया।

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के घर आने वाला है एक और नन्हा मेहमान

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के घर एक और नन्हा मेहमान आने वाला है। इस बात का खुलासा कोहली के दोस्त दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने किया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने शनिवार को अपनी लाइव बातचीत में बताया कि अनुष्का दूसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं।

डिविलियर्स ने शनिवार को कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों से भारत के बल्लेबाज के हटने के बाद उन्होंने विराट कोहली को कॉल किया। एबी डिविलियर्स ने अपने फैंस को बताया कि ठीक हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, उन्होंने कहा कि कोहली और Anushka Sharma अपने दूसरे बच्चे के जन्म की उम्मीद कर रहे हैं। गौरतलब है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ 2 टेस्ट के स्कॉड से अपना नाम वापस ले चुके हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर कयासों के दौर शुरु हो गए।

हॉकी प्रो लीग : डच महिलाओं ने अमेरिका को हराया

भुवनेश्वर। यहां के कलिंगा स्टेडियम में महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन 5 के दूसरे मिनी टूर्नामेंट में नीदरलैंड ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ 7-0 की जोरदार जीत के साथकी शुरुआत की। संयुक्त राज्य अमेरिका पर नीदरलैंड की प्रमुख जीत ने 2023/24 सीजन की शुरुआत में उनकी जीत की लय को पांच गेम तक बढ़ा दिया है।

पहले हाफ में डच खिलाड़ी धैर्यवान दिखीं, 13वें मिनट में बाईं बेसलाइन पर कुछ अच्छे इंटरप्ले के बाद लूना फोक्के ने एक गोल किया और इसके एक मिनट बाद दाईं बेसलाइन पर इसी तरह के इंटरप्ले के साथ पिएन डिके ने दो गोल किए। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गोल रहित दूसरे क्वार्टर में अच्छी तरह से बचाव किया और आधे समय तक 2-0 से पीछे थी, लेकिन डच बहुत अधिक नियंत्रण में थे और जब उन्होंने दूसरे हाफ में तीव्रता बढ़ाई तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ।तीसरा गोल तब आया जब डच दबाव के कारण उनके प्रतिद्वंद्वी को एक त्रुटि का सामना करना पड़ा। डिके ने सर्कल के शीर्ष पर एक उच्च जोखिम वाले पास को रोका और उसके पास अपना स्थान चुनने के लिए पूरा समय था।अधिक प्रभावशाली इंटरप्ले ने डिके को अपनी हैट्रिक पूरी करने के लिए टैप-इन के लिए तैयार किया और यूएसए ने खुद को घेराबंदी में पाया, केल्सी रॉबल्स को अमेरिकी गोल में बार-बार बुलाया जा रहा था। डिके ने अपने चौथे गोल के लिए पेनल्टी कॉर्नर रिबाउंड पर सबसे तेज पैड लगाया था, और अंतिम मिनटों में यिब्बी जानसन ने दो आत्मविश्वास से निष्पादित पेनल्टी स्ट्रोक के साथ स्कोरिंग को बंद कर दिया।इसके साथ, नए शुरू किए गए शीर्ष स्कोरर के आर्मबैंड को बनाए रखने के लिए जेनसन के टूर्नामेंट में सात गोल हो गए, लेकिन शनिवार के मैच के बाद डिके पांच गोल के साथ आगे है।

बिजनेस

आवास ऋण में बढ़ोतरी से ऋण वृद्धि में आई तेजी

चेन्नई। शीर्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि में प्रमुख योगदान देने वाली घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2011-12 के बाद से गिरावट आ रही है और वर्तमान में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का औसतन लगभग 30 प्रतिशत है।

आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने बताया, नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 तक वर्तमान बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 30.2 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2011-12 से यह प्रवृत्ति गिरावट पर है जब बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 34.6 प्रतिशत थी। पिछले दशक में बचत दर औसतन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 32 प्रतिशत थी।हाजरा ने कहा कि घरेलू बचत अर्थव्यवस्था में निवेश में योगदान करती है। उच्च बचत दर निवेश के माहौल को बाहरी वित्तपोषण पर सीमांत निर्भरता के साथ घरेलू वित्तपोषण पर निर्भर होने की सुविधा प्रदान करती है।बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया, घरेलू बचत होना इसलिए उपयोगी है कि हम अभी भी बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जैसे विदेशी फंडों के साथ विकास को वित्तपोषित कर सकते हैं, लेकिन उनके पास अन्य मुद्दे भी होंगे। जिन देशों को उच्च स्तर के निवेश की आवश्यकता है, वे बचत पर निर्भर होंगे। इसके अलावा यहां तक कि सरकारी उधार को बैंकों और वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा सदस्यता के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है, लेकिन अंततः घरेलू कॉरपोरेट्स और अन्य की बचत से वित्त पोषित किया जाता है।

कृषि क्षेत्र में जलवायु संकट, भंडारण की समस्या और निर्यात प्रतिबंधों की वजह से बढ़ी परेशानी से निपटने की तैयारी

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि देश की 47 प्रतिशत से अधिक आबादी अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है। कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि से ग्रामीण आबादी की आय में बढ़ती है, जो औद्योगिक वस्तुओं की मांग का लगभग 40 प्रतिशत है। कृषि उत्पादन का उच्च स्तर मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित रखता है।दूसरी ओर, कृषि उत्पादन में गिरावट से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ती हैं जिससे महँगाई बढ़ती है जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था अस्थिर हो जाती है और समग्र विकास को नुकसान पहुंचता है।देश में कृषि क्षेत्र सरकार के लिए उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है और पिछले कुछ वर्षो में यह स्थिर गति से बिना अवरोध के बढ़ रहा है। हालांकि, खेती के लिए जलवायु परिवर्तन एक विकट चुनौती के रूप में उभरा है, क्योंकि अनियमित मानसून ने फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है और 2023 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश के कृषि उत्पादन की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत से घटकर मात्र 1.6 प्रतिशत रह गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर बड़ा जोर दिया गया है। अंतरिम बजट का सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने का लक्ष्य कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और समग्र विकास दर को बढ़ाने में गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

ऑटोमेटिकली अकाउंट रिपोर्ट बनाएगा वाट्सएप

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नया फीचर विकसित कर रहा है जो एंड्रॉइड पर अकाउंट्स और चैनलों दोनों के लिए स्वचालित रूप से रिपोर्ट बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

डब्ल्यूएबीटाइंफो द्वारा देखा गया नया फीचर सक्षम होने पर स्वचालित रूप से एक मासिक रिपोर्ट तैयार करेगा, जो अकाउंट्स और चैनलों की गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, यूजरों को हर महीने स्वचालित रूप से खाता और चैनल रिपोर्ट तैयार करने की अनुमति देना इस प्लेटफॉर्म पर सुविधा की एक परत जोड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यूजरों को हर बार अपने खाते और चैनल गतिविधियों पर अपडेट चाहने पर प्रक्रिया को याद रखने या मैन्युअल रूप से शुरू करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह स्वचालित सुविधा किसी भी यूजर के हस्तक्षेप के बिना प्रासंगिक जानकारी की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करती है, जिससे समय और प्रयास की बचत होती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, यह सुविधा यूजरों को उनके खाते के लिए उत्पन्न मासिक रिपोर्ट की तुलना करके उनके खाते की जानकारी में परिवर्तनों को आसानी से ट्रैक करने की भी अनुमति देगी। स्वचालित रूप से खाता रिपोर्ट बनाने की सुविधा विकासाधीन है और यह ऐप के भविष्य के अपडेट में उपलब्ध होगी। इस बीच, व्हाट्सएप कथित तौर पर एक नई फ़ाइल साझाकरण सुविधा पर काम कर रहा है जो यूजरों को आस-पास के लोगों के साथ आसानी से फ़ाइलें साझा करने की अनुमति देगा। दोनों यूजरों को फ़ाइलें भेजने और प्राप्त करने के लिए 'पीपल नियरबाय' अनुभाग को खोलने की आवश्यकता होगी, जिससे निकटता के भीतर सुरक्षित साझाकरण सुनिश्चित हो सके।

पेज 1 का शेष

से पहले मैंने कभी तीन दिवसीय मैच नही खेला था, इसलिए इतने बड़े स्कोर के बारे में सोच पाना संभव नही था। पहले दिन मैं 145 रन पर नाबाद था, तब मुझे छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से कॉल आया था कि आपकी एक फोटो चाहिए, जिसे न्यूज़ बनाकर मीडिया में देना है। तब मैंने बहुत गौरवान्वित महसूस किया था। उस वक्त यह नही पता था कि दोहरा शतक लगने के लिए किस तरह के टेम्परामेंट की जरूरत होती है। मेरा लक्ष्य सिर्फ यही था कि आउट नही होना है।

सवाल - जब हमारा राज्य एक एसोसिएट सदस्य था, तब आपने मेघालय और नागालैंड के विरुद्ध अंडर 16 टूर्नामेंट में अच्छे स्कोर किए थे, कैसे देखते है इसे?

जवाब - उस समय हमारी टीम में अधिकतर भिलाई स्टील प्लांट के ही खिलाड़ी थे और हम लंबे समय से लगातार साथ बने हुए थे। चूंकि खिलाड़ियों का बहुत बड़ा पूल नही था, इसलिए खराब प्रदर्शन पर टीम में हमारे स्थान को लेकर बहुत अधिक दबाव नहीं था। हमारा प्रदर्शन इस वजह से और अधिक अच्छा होता था।

सवाल - 2013 से 2015 के बीच वीनू माकंड, सी के नायडू और कूच बेहार ट्रॉफी में लगातार भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा। उस कहानी को बताएं।

जवाब - 2013 से 2015 के बीच मे हमें अंडर 16 के लिए पहली बार मान्यता मिली थी और यहां से मेरा प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा था। मैं टीम का कप्तान भी था और सबसे बडी बात थी कि इन मैचों में रन आउट को छोड़कर किसी गेंदबाज ने मुझे आउट नही किया था। उस समय मेरा कॉन्फिडेंस लेवल बहुत हाई था। अपने सफर के लिए मैं राजा बेनर्जी सर का आभार मानता हूँ कि उन्होंने मुझे अंडर 14 से अंडर 19 और यहां तक अंडर 23 एवं सीनियर्स की टीम में खिलाया था, जो मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी।

सवाल-अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी में इंडिया ब्लू के लिए खेलना, फिर अंडर 19 में भारतीय टीम के लिए चुना जाना और पहली बार भारतीय जर्सी पहनना। छत्तीसगढ़ से आप पहले ऐसे क्रिकेटर हैं। कैसा एहसास था यह बताएं?

जवाब - चैलेंजर ट्रॉफी से पहले मैंने जोनल मैचों में सेंट्रल जोन को रिप्रेजेंट किया था और मैं टीम का कप्तान भी था। मैंने 4 मैचों में 404 रन बनाए थे, जो सबसे अधिक स्कोर था। इस आधार पर मेरा चयन चैलेंजर ट्रॉफी में हुआ था। चैलेंजर ट्रॉफी में मैं दो लगातार मैचों में शून्य पर आउट हो गया था उसके बाद मैंने प्रैक्टिस सेशन में भाग नही लिया था। मैं निराशा दूर करने घूमने निकल गया था। फिर फाइनल में मैंने 95 रनों का स्कोर किया और हम फाइनल जीते थे। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि क्रिकेट एक मेन्टल टफनेस का गेम है। आप मानसिक रूप से जितनेमजबूत रहोगे उतना अच्छा परफॉर्म कर पाओगे। एक और अनुभव वहां यह हुआ कि मैं जोन स्तर से सबसे अधिक स्कोर करके गया था और उसी वर्ष राहुल द्रविड़ सर ने अंडर 19 टीम के कोचिंग का जिम्मा सम्हाला था। उन्होंने मुझसे ही आकर पूछा कि अमनदीप कौन है, मैंने उसके बारे में बहुत सुना है। मैंने कहा कि मैं ही हूँ, तो उन्होंने मुझे उत्साहित करते हुए कहा कि आप इसी तरह अच्छा करते रहो, हम लोग आपके साथ हैं।

सवाल - फिर श्रीलंका में श्रीलंका के विरुद्ध सुप्रसिद्ध प्रेमदासा स्टेडियम में शतक लगाना, क्या सोच रहे थे उस बड़े स्टेज में? अंडर 19 विश्व कप में चयन और टीम में ईशान, पंत, सरफ़राज़, सुंदर, आवेश ,मावी एवं अन्य साथियों के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना फिर टीम का फाइनल तक का सफर और फाइनल में हारना क्या अनुभव रहा। फाइनल की हार की कसक से उबरकर कैसे उस युवा उम्र में अपने आप को उत्साहित रखा?

जवाब - श्रीलंका दौरे से पहले हम एक ट्राई सीरीज़ खेले थे, जो कोलकाता में हुई थी। इसमें बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान की टीम थी। उस टूर्नामेंट में राशिद खान एवं मेहदी हसन मिराज जैसे खिलाड़ी थे। उस टूर्नामेंट में मैं कुछ खास स्कोर नही कर पाया था। उसके बाद हम श्रीलंका गए। उस दौरान मुझे नेट्स में गेंद लगने की वजह से उस दिन मैंने निचले क्रम पर बल्लेबाज़ी की थी। मैं बॉटम हैंड का ज्यादा इस्तेमाल नही कर पा रहा था। मैं ठीक से शॉट नही लगा पा रहा था, पर फिर भी मैं डटा रहा। यह पारी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। टीम के सभी खिलाड़ी मेरे इस प्रदर्शन से बहुत खुश थे और इससे टीम में मेरा सम्मान बढ़ा। मैं मैन ऑफ द मैच भी रहा था। बांग्लादेश में हुए अंडर 19 विश्व कप से पहले मुझे चोट लगी और मुझे दो सप्ताह तक आराम करने कहा गया। उसके बाद मुझसे पूछा गया था कि आप कैसा महसूस कर रहे हो, तो मैंने कहा था कि मैं आगे के लिए बिल्कुल तैयार हूँ। अंडर 19 विश्व कप की टीम से 7 से 8 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और 12 खिलाड़ी आईपीएल में खेल चुके हैं। वह बहुत बढ़िया टीम थी। मेरे ख्याल से वह सबसे बढ़िया अंडर 19 टीम थी। मुझे अगर चोट न होती तो मैं सारे मैच खेलता, क्योंकि मेरा फॉर्म अच्छा था शुरू के मैच मिस कर करने के बाद टीम का कॉम्बिनेशन बन गया था इसलिए टीम में आगे फिर बदलाव नही किया गया। हमको विश्वास था कि हम टूर्नामेंट जीतेंगे, पर फाइनल वाले दिन टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करना पड़ा और विकेट में नमी थी, इसलिए हम स्कोर नही कर पाए। पर हमने अच्छा फाइट किया था। इस टीम के सभी खिलाड़ी टीम इंडिया,आईपीएल और अपने राज्य के नामी खिलाड़ी हैं।

सवाल - अंडर 19 विश्व कप के बाद रणजी ट्रॉफी के संदर्भ में लीजेंड राहुल द्रविड़ से क्या बातचीत हुई आपकी ?

जवाब - राहुल द्रविड़ सर क्रिकेट के लीजेंड रहे हैं। वे बहुत मेहनती क्रिकेटर रहे हैं और वे लगातार प्रैक्टिस और मेहनत करते हैं। उनका कहना था कि आप खेल को एन्जॉय करो, फेलियर से मत डरो। हमें तो भत्ते मिलते थे उसको किस तरह मैनेज करना है और किस तरह की ईटिंग हैबिट होनी चाहिए, ये सब बातें वे बताते थे और उनका यही कहना था जो आप अपने क्रिकेट की शुरुआत से करते आए हो, वही करो। उसमें अगर कुछ छोटे करेक्शन होंगे तो वो मैं आपको गाइड करूंगा।

सवाल -2016 से छत्तीसगढ़ की शुरुआत हुई, और अपने राज्य के लिए खेलना शुरू किया, तब से आज तक फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए का सफर कैसा रहा?

जवाब - अंडर 19 विश्व कप के 2 माह बाद मुझे यह जानकारी मिली कि हमारे राज्य को मान्यता मिल गयी है। यह बहुत अच्छी बात थी क्योंकि अंडर 19 विश्व कप के बाद मुझे दूसरे राज्य से खेलना होता। हमारे राज्य को मान्यता मिली यह बहुत खुशी का क्षण था। टीम बनी जिसमें लीजेंड मोहम्मद कैफ टीम के कप्तान बने। जूनियर क्रिकेट और सीनियर क्रिकेट में बहुत अंतर होता है, यह पता लगा। मैं पहले मैच में बाउंसर में शार्ट लेग पर आउट हो गया था, तो ये पता लगा कि इसमें सभी टीमें प्लानिंग के साथ आती हैं। दूसरा मैच हमारा आंध्रा के विरुद्ध था, उसमें हनुमा विहारी कप्तान थे। उन्होंने पहले से ही मेरे लिए शार्ट लेग पर फील्डर खड़ा किया और बाउंसर गेंदबाजी की गई लगातार।उसी मैच में मैंने अपना पहला प्रथम श्रेणी का सैकड़ा पूरा किया।

सवाल - 2019 का प्रसिद्ध विजय हज़ारे का मैच जब टीम 300+ का स्कोर चेस कर रही थी, आपने शतक लगाया था। उस दौरान आखरी ओवरों में अजय मंडल के साथ आपकी बातचीत बहुत वायरल हुई थी। क्या समझा रहे थे आप अजय को?

जवाब - वह मैच कर्नाटक के अलूर के मैदान में खेला गया था और विकेट बहुत अच्छा था। मेरे साथ हमेशा से एक अच्छी बात हुई है कि जब जब लोग बात करते है कि ये बड़ा मैच है और बहुत से बड़े लोगो की नजरें हैं इस मैच में। ऐसे में प्रयास यही होता है कि सामने वाली टीम के मुख्य गेंदबाज को अटैक करना है। इससे उनकी टीम को हावी होने का मौका नही मिलता। उस मैच में मुम्बई की तरफ से धवल कुलकर्णी स्टार गेंदबाज थे, तो मेरी कोशिश थी कि उन पर चार्ज करना है। जब 300 से ऊपर स्कोर को चेस करना होता है, तो आपके पास खोने को कुछ नहीं होता। उस मैच में हमको शुरुआत अच्छी मिली थीं और जब अजय मंडल बल्लेबाज़ी के लिए आया, तो 10 से 11 रन प्रति ओवर की दरकार थी। अजय के बाद कोई प्रॉपर बल्लेबाज़ टीम में नही था, तो मेरी सोच यही थी कि मैच को अंत तक ले जाना है, क्योंकि मैच जितना आगे जाएगा, सामने वाली टीम पर भी उतना ही दबाव बनेगा। अजय जब भी बाउंडरी लगाते थे तब तब मैं उन्हें यही बोलता था कि अब बची हुई गेंदों पर रिस्क न लेकर सिंगल डबल में फोकस करना है।अजय और मैंने कई दफा टीम के लिए अच्छी पार्टनरशिप लगाई है।छत्तीसगढ़ पहली टीम थी, जिन्होंने मुम्बई के विरुद्ध 300+ स्कोर का पीछा सफलतापूर्वक किया था। इससे पहले मुम्बई कभी भी 300 करके नही हारी थी । एक खास बात और मैं इसमे जोड़ना चाहूंगा कि मैंने अभी तक प्रथम श्रेणी के 6 लाइव मैच खेले हैं, जिसमें 5 में मैंने शतक जड़ा है। जब लोगो की नजरें में टीम पर रहता उस, दौरान मेरा अच्छा परफॉर्मेंस निकल के आता है।

सवाल - आप छत्तीसगढ़ टीम की कप्तानी सम्हालते आए हैं और आप टीम की बल्लेबाजी में भी मुख्य कड़ी है। दोनों भूमिकाओं को किस तरह मैनेज कर पाते है?

जवाब -जब हम फील्ड में होते हैं, तो सबके पास बराबर मौके होते हैं। जो अच्छा करेगा वो जीतेगा। मेरी कोशिश होती है कि यदि सामने कोई बड़े प्रोफाइल का खिलाड़ी भी खेल रहा है, तो आप उसके सामने कभी भी छोटा महसूस न करो। आप अपने खेल को मेरिट पर खेलो। युवा खिलाड़ियों से बीच बीच मे बात करते रहना होता है। आपको मानसिक रूप से मजबूत भी होना होता है। हर दिन एक सा नहीं होता। कभी आपसे गलतियां भी होती हैं, पर विश्वास एक ऐसी चीज़ है जो हमेशा बना हुआ होना चाहिए। एक बात और कहना चाहता हूँ कि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने हमें हमेशा बहुत सहयोग किया है और हमारी और मेरी ओर से कोशिश है कि राज्य क्रिकेट की भलाई के लिए अच्छा करना है। हमको यह मौका है कि हम अच्छा करके राज्य संघ को अच्छी यादें दे।

सवाल - आपके फेवरेट क्रिकेटर कौन है ?

जवाब - वीरेंद्र सहवाग मेरे फेवरेट क्रिकेटर रहे हैं। उनके मैच को देखने के लिए मैंने कई बार स्कूल को छोड़ा है और उनकी बल्लेबाज़ी मुझे इसलिए भी पसंद है कि मैं कभी उनके जैसा नही कर सकता। उनका तरीका, उनका हैंड आई कोआर्डिनेशन जबरदस्त था। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के खेलने के तरीके को काफ़ी हद तक बदला है। उन्होंने तेज़ गेंदबाजी को जिस तरह से खेला है, जैसे ब्रेट ली और शोएब अख्तर को, वह काबिले तारीफ रहा है।

सवाल - उभरते युवा साथियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?

जवाब - मेरा संदेश सिंपल सा यही है कि हार्ड वर्क का कोई भी सब्स्टीट्यूट नही है। हम जिस ऊर्जा के साथ अपने खेल की शुरूआत करते है, वो कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। अपने गेम को एन्जॉय करने की जरूरत है। यह खेल इतना सुंदर है कि यह आपको हारने पर भी बहुत कुछ सिखाता है। साथ ही कोई भी चीज़ आपको शॉर्टकट से नही मिलेगी।

महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन 20 फरवरी तक, साथ रखें ..ये कागजात

■ **पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से होगा**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगी। आवेदन के कैलेंडर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी को ऑनलाइन व ऑफ लाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 24 हैं। अंतिम सूची 21 फरवरी24 को जारी की जाएगी। अंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना

होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https:// www. mahtarivandan.cgstat e.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाइन पोर्टल तथा मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी), बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आवेदन प्रपत्र ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैंप में उपलब्ध होंगे। प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैंप में कैंप प्रभारी द्वारा ऑनलाइन की जाएगी। प्रत्येक आवेदन की प्री प्रिंटेड पावती दी जाएगी, यह पावती पोर्टल एप से सीधे एसएमएस द्वारा भी हितग्राही को प्राप्त होगी। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त होने के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

आपत्तियों को प्राप्त एवं आपत्ति निराकरण समितियों द्वारा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। नगरीय क्षेत्रों हेतु तहसीलदार, सीएमओ एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। नगर निगम क्षेत्र हेतु आयुक्त नगर निगम अथवा उनके प्रतिनिधि व परियोजना अधिकारी, शहरी विकास प्राधिकरण एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की समिति होगी। आपत्तियों का निराकरण पश्चात अंतिम सूची जारी किया जाएगा। अपात्र हितग्राहियों की पृथक सूची भी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र ग्राम सचिव व वार्ड प्रभारी द्वारा जारी किया जाएगा। यह सूची पोर्टल पर प्रदर्शित भी होगी। हितग्राही को राशि का भुगतान पात्र हितग्राही को राशि का भुगतान उनके आधार लिंक्ड डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जाएगा। आपत्ति निराकरण समिति द्वारा भविष्य में हितग्राही के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त होती है, तो उसकी जांच की जाएगी। जांच में अपात्र होने की दशा में संबंधित हितग्राही का नाम सूची से विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान की गयी राशि की वसूली की कार्रवाई किया जाएगा। मृतक हितग्राहियों के नाम भी समय-समय पर जानकारी प्राप्त होने पर सत्यापन पश्चात अंतिम सूची से विलोपित किया जाएगा। नाम विलोपन की कार्रवाई ग्राम पंचायत सचिव व वार्ड प्रभारी द्वारा किया जाएगा।

शर्तों का बंधन अन्याय-धोखा का पर्याय योजना महतारी वंदन : कुसुम दुबे

राजनांदगांव। छग प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव एवं अधिवक्ता कुसुम दुबे ने राज्य की भाजपा सरकार पर महतारी वंदन योजना में छग की महतारी शक्तियों के साथ छल का आरोप लगाते हुए कही कि योजना हेतु जारी शर्तों से भाजपा की कथनी और करनी में अंतर फिर प्रमाणित हुई है।

प्रदेश सचिव श्रीमती कुसुम दुबे ने बताई कि विधानसभा मतदान के पहले महतारी वंदन योजना में हर विवाहित महिला को

लाभ देने के नाम पर बड़ी-बड़ी बातें कर राज्य की 58 लाख से अधिक महिलाओं से इस योजना के फार्म भरवाने की दावा करने वाली भाजपा को जनता ने जनादेश दिया, लेकिन भाजपा अपने वादे से मुकर गई है और योजनाओं का लाभ कम से कम महिलाओं को मिले इसकी ताना-बाना बुनते हुए साजिश पूर्ण नियम शर्ते लागू कर दिए है। भारतीय कानून में कन्या विवाह की आयु 18 वर्ष निश्चित है तो 18 से 21 वर्ष की आयु की नवविवाहिताओं को अपात्र करना मातृत्व के प्रथम चरण के साथ घोर अन्याय कारक है। विवाह प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता भी महिलाओं को परेशानी देने वाला है, क्योंकि आज भी छग के अधिकांश लोग विवाह प्रमाण पत्र नहीं बनवाते हैं, जब आधार कार्ड और मतदाता सूची में बतौर पति नाम दर्ज हैं, तो ऐसी स्थिति में यह अनिवार्यता भी स्वतः समाप्त होनी चाहिए, कुल मिलाकर भाजपा सरकार राज्य की महिलाओं को पात्र अपात्र की शर्तो के बंधन में बांधते महतारी वंदन योजना लागू करने की साजिशपूर्ण नौटंकी कर महतारियों के साथ क्रूर अन्याय कर दी है। अतः राज्य सरकार आयु बंधन व अव्यवहारिक शर्त हटा कर हर विवाहित महिलाओं को लाभ देकर सही में महतारियो का वंदन करें।

अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 3 फरवरी को थाना बेरला में अवैध रूप से महुआ की बनी कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपिया पुष्पा बाई नवरंगे पति परमात्मा उम्र 30 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कुल जुमला 3 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब किमती 900 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

दो जुआरियों से नगद राशि जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना खम्हरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरगा के पास आम जगह में 3 फरवरी को कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर थाना खम्हरिया पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर 2 जुआडियों पकडे गये। थाना खम्हरिया में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 जुआडियों नेमसिंह साहू, मनहरण वर्मा थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 430 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

चिरमिरी में फल-फूल रहा अवैध कोयला व राखड़ का कारोबार

चिरमिरी/ एमसीबी/नवप्रदेश। नगर निगम चिरमिरी अंतर्गत डुमनहिल के कुरासिया खदान के समीप अवैध कोयला व राखड का कारोबार फल फूल रहा। साथ ही अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टर और 407 गाड़ियों से कोयला व राखड़ का परिवहन किया जा रहा है। इस काली कमाई में आख़िरी किसके सहयोग संरक्षण से चल रहा है। इस काम में कौन कौन लोग शामिल हैं। इस कोयला की खपत कहां होती है। काला कमाई करने वाले लोग कौन हैं। अभी पुलिस के शिकंजे से दूर हैं। वैसे भी चिरमिरी कोयले के लिए प्रसिद्ध है। इन कार्यों में लिप्त लोग बेखौफ अंजाम दे रहे हैं।

> चिरमिरी थाना प्रभारी शेष नारायण का कहना हैं कि सोशल मीडिया में खबर जारी होने पर मेरे द्वारा हर अवैध कोयला खदानों में दबिश दी गई है। किसी भी प्रकार का अवैध राखड़ व कोयला किसी भी गाड़ी में नहीं पाया गया है। पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के द्वारा लगातार खोजबीन की जा जा रही है, मिलने पर बिल्कुल वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अवैध रूप से कार्य करने वाले पर किसी प्रकार से पुलिस का कोई संरक्षण प्राप्त नहीं है।
>
> **शेषनारायण, थाना प्रभारी चिरमिरी**

गौरतलब है कि एक तरफ साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की खदानें बंद हो गई हैं। वहीं पर ये काला धंधा करने वाले कोयला के व्यापारी अपने अपने जुगाड़ में लगे रहते हैं। चिरमिरी के महाप्रबंधक कोयला के अवैध कारोबार पर रोक लगा पाने में नाकाम साबित हुए हैं। पुलिस समय-समय पर अवैध कार्यो पर अंकुश लगाने का प्रयास कर है परंतु सफलता नहीं मिल पाई है। इस कोयला के अवैध कारोबार से चिरिमिरी धीरे धीरे खोखला होती जा रही है। जहां एक तरफ चिरमिरी क्षेत्र अस्तित्व और भविष्य की लड़ाई लड़ रहा है वहीं पर अवैध कोयला माफिया चिरमिरी को खोखला किए जा रहे हैं। दीमक की तरह चाट रहे हैं।

चिरमिरी क्षेत्र में कोयले का असीम भंडारण पाया जाता है जिसे एसईसीएल चिरमिरी प्रबंधन के द्वारा उत्खनन कर कोयले की खदानों को बंद करके छोड़ दिया गया है। पुलिस प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन तो इन अवैध कार्यो पर रोक लगा पाने में पूरी तरह फेल है। काला धंधा करने वाले लोग बहुत ही शातिर हैं। इनके गुर्गे चारों दिशाओं में फैले हुए हैं। कोयला माफिया के हौसले इस कदर बुलंद है कि दिन दहाड़े भी काम करने में नहीं हिचकते हैं। चिरमिरी क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार को किस का संरक्षण प्राप्त है ये सोचनीय विषय है।

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर हत्थे चढ़ा

राजनंदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू व साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, नशीली पदार्थ एवं शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 3 फरवरी 2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैंड खालसा होटल के पास, राजनांदगॉव एक व्यक्ति एक सफेद रंग का थैला में मादक पदार्थ गांजा रखा है। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल, राजनांदगांव के संयुक्त टीम द्वारा मौका पहुॅचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। नाम-पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद इरफान पिता मोहम्म्द मंसुर अली, उम्र 37 साल, निवासी नुरी मस्जिद के पास मोतीझरन थाना धन्नुपाली जिला संबलपुर (उडीसा) का होना बताया। हाथ में रखे सफेद रंग के थैला को चेक करने पर थैला के अंदर 7 किलो 120 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला, जिस पर मादक पदार्थ रखने के संबंध में वैध कागजात लायसेंस की मांग करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया। आरोपी के कब्जे से 7 किलो 120 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 70,000 रूपये एवं नगदी रकम 570 रूपये तथा 01 टच मोबाईल कीमती 10,000 रूपये जुमला कीमती 80,570 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया।

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मोहा मन, प्रतिभाओं का सम्मान

कुरूद/नवप्रदेश। किरण पब्लिक स्कूल कुरूद में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वहीं सत्र भर विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रही प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि कुरूद कॉलेज प्राचार्य दिनेश कुमार राठौर थे। अध्यक्षता जवाहर नवोदय विद्यालय कुरूद के प्राचार्य मनोज कुमार विद्यार्थी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के पालक समिति के अध्यक्ष केएल कौशिक थे।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्या किरण शिक्षण अध्यक्ष गोविंद मगर ने विद्यालय के अब तक के सफर के बारे में बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में संस्था की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों बताया कि वार्षिकोत्सव में बच्चों को मंच मिलता है। उनके व्यक्तित्व में निखार आता है। सभी खूब पढ़े-लिखे ,आगे बढ़े और अपने सपनों को साकार करें। किसी भी विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास ही उसका मूल आधार होता है। इसमें हमारी संस्था ने नित नए आयाम गढ़े हैं। सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना कर सिर्फ यही कहेंगे आप सभी क्षेत्र में अपना नाम बनाए और माता पिता के सपनों को साकार करें।

मुख्य अतिथि श्री राठौर ने कहा कि मेहनत ,लगन और कर्तव्य परायणता ही वह सूत्र है जो आपको जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। अध्यक्षता कर रहे मनोज कुमार विद्यार्थी एवं विशिष्ट अतिथि के एल कौशिक ने भी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करने और अपनी गलतियों से सबक लेकर एक पहचान बनाने की बात कही। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसमें छग का पारंपरिक बारहमासी, श्री राम जी के आगमन, जसगीत, करमा, शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति द्वारा समा बांधा। साथ ही नाटक, गाना और विभिन्न कलात्मक प्रस्तुति भी दी। अतिथियों ने सत्र में प्रतिभाशाली छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर के अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने संस्था के इतिहास और उपलब्धियों का वर्णन करते हुए बच्चों को सभी क्षेत्रों में मुकाम पाने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं पार्षद उत्तम साहू ने बच्चों द्वारा आज हुई शानदार प्रस्तुति को सराहा।

भाजपा के गांव चलो घर चलो अभियान की कुरूद में शुरुआत

नगरी/नवप्रदेश। गाँव चलो घर चलो अभियान कुरूद विधानसभा का कार्यशाला भाजपा कार्यालय कुरूद में हुआ। कार्यशाला में प्रदेश भाजपा के निरंजन सिन्हा, मलेश ठोकने, नारी वंदन अभियान और भाजपा प्रवेश समिति जिला सहसंयोजक ज्योति चन्द्राकर आदि उपस्थित थे। उन्होंने कुरूद विधानसभा के सभी पदाधिकारियों एवं गाँव संयोजकों को सभी 161 गाँवों में 3 दिन के लिए जाकर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कार्यों को साहित्य पत्रक और कैलेंडर के माध्यम से 4 से 11 फ़रवरी तक अभियान चलाकर आमजनों और प्रबुद्धजनों को अवगत कराना है।

भाजपा के जिला संयोजक भानु चन्द्राकर ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सूची जारी की। उन्होंने कहा कि 11 फ़रवरी दीनदयाल उपाध्याय जयंती तक पार्टी के इस अभियान को प्रत्येक गाँव में 3 दिन रूककर विशिष्ट व्यक्तियों,संघ समूहों और भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलना है। जिससे आने वाले चुनावों में मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने का संकल्प लेना है। इस अवसर पर प्रदेश, जिला, मंडल के पदाधिकारीगण, जिला एवं मंडल के संयोजकगण, अभियान से जुड़े गाँव के संयोजकगण, जनप्रतिनिधियों, महिला मोर्चा के बहनों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं विधानसभा के कार्यशाला में उपस्थित थे।

10 किलो चांदी चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार, एक अपचारी भी शामिल

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम बेलर बाजार से 18 जनवरी को दस किलो चांदी की चोरी करने वाले 5 लोगों को साइबर सेल और सिहावा पुलिस को सफलता मिली है। उनमें एक अपचारी बालक शामिल हैं। विगत दिनों बेलर बाजार में सोना चांदी से भरे पेटी को चुरा लिया। इसकी रिपोर्ट प्रार्थी चिराग गोलछा पिता प्रकाश गोलछा निवासी बिरगुड़ी ने थाना में 18 जनवरी को दर्ज कराई गई। उसने बताया कि ग्राम बेलरगांव बाजार में सोने चांदी की दुकान लगाया था। 5.50 बजे अपनी दुकान बंद कर चांदी की जेवरात को एक टीन की पेटी में बंद कर बाजार दुकान में ही सामान रखकर बाथरूम गया। लौटकर आने पर चांदी से भरी पेटी को कोई अज्ञात चोर चारी कर चला गया था कि जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा थाना सिहावा को देने पर अपराध कमांक 13/2024 धारा 379 भादवि कायम किया गया। रिपोर्ट पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने साइबर और पुलिस की टीम गठित की। जिले के समस्त थाना प्रभारियों को नाकाबंदी कर आरोपियों की पतासाजी हेतु निर्देशित किया। पूर्व में इस तरह के अपराध घटित करने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी लेकर सायबर सेल एवं थाना सिहावा के बल को कांकेर, महासंमुद एवं रायघर (उडीसा) भेजा गया। घटना स्थल ग्राम बेलरगांव से आने जाने वाले संभावित स्थानों बेलरगांव, विश्रामपुरी, रायघर में लगे

सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया। मुखबीर की सूचना तथा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पता महासमुन्द थाना खल्लारी के गुरू नेताम, सचिन नेताम, रोशन नेताम व सिद्धू राव साकिन आसका ओडिशा घटना दिनांक 18 जनवरी को विश्रामपुरी एंव बोराई चौक में दो अलग-अलग बाइक में पहुंचे थे। जिनकी पता साजी लगातार की जा रही थी कि मुखबीर की सूचना पर उक्त मे एक आरोपी विधि विरुद्ध संघर्षरत् बालक सांकरा बस स्टैन्ड में 3.फरवरी को चांदी के जेवरात बिक्री करने दुकानदारों का पता पूछ रहा था कि मुखबीर की सूचना पर तत्काल थाना सिहावा स्टॉफ एंव सायबर सेल के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। चूंकि आरोपी विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक होने से सादे कपड़े में पुलिस बल के द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ करने पर विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर बताया कि 17जनवरी को यह अपने रिश्तेदार गुरू नेताम निवासी भीमखोज के साथ मोटर सायकल में अपने परीचित मेघराज निवासी जोड़ेगा थाना रायघर जिला नवरंगपुर उड़ीसा के घर आकर रुका था। दूसरे दिन गुरु नेताम अपने अन्य साथी सचिन नेताम निवासी भीमखोज, सिद्धूराव निवासी आसका (उड़ीसा) को फोन के द्वारा बुलाया। घटना क दिन 9 सेसाढ़े नौ बजे बोराई चौक मे एकत्रित हुए।